


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

**वर्ष-27 अंक** : 170 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) **भाद्रपद शु.7** 2079 **शनिवार, 3 सितंबर 2022**

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये**

## मस्जिद में धमाका मुल्ला मुजीब समेत 14 की मौत

काबुल, 2 सितंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान बड़ा धमाका हुआ। इसमें तालिबान के सबसे बड़े धर्मगुरुओं में से एक मुल्ला मुजीब उर रहमान अंसारी मारा गया। घटना गाजारघ शहर की है। पिछले महीने भी तालिबान का एक बड़ा नेता मारा गया था। माना जा रहा है कि इस हमले के पीछे आईएसआईएस के खुरासान ग्रुप (आईएसकेपी) का हाथ है। तालिबान ने अब तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गाजाघर की मस्जिद में कुल 2 ब्लास्ट हुए। इस दौरान जुमे की नमाज चल रही थी। मुल्ला मुजीब ही इस मस्जिद का मुख्य इमाम था। >12

# पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत

## नौसेना के झंडे से हटा अंग्रेजों का निशान, अब मिल गई है छत्रपति शिवाजी की पहचान

### *पीएम मोदी ने किया अनावरण*



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को नेवी को सौंपते हुए भारतीय नौसेना के लिए नए ध्वज का भी अनावरण किया। पुराने झंडे में तिरंगे के साथ सेंट जॉर्ज क्रॉस (अंग्रेजों की निशानी) को भी रखा गया था। प्रधानमंत्री ने इसे गुलामी का प्रतीक करार दिया। नए ध्वज में छत्रपति शिवाजी महाराज के चिन्ह को अपनाया गया है। नए निशान पर भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य 'सम नो वरुणः' अंकित है। आपको बता दें कि 15 अगस्त, 1947 को देश जब आजाद हुआ तो भारतीय रक्षा बलों ने ब्रिटिश औपनिवेशिक झंडे और बैज को जारी रखा। 26 जनवरी, 1950 को इसके पैटर्न में बदलाव किया गया था। नौसेना के ध्वज को भी बदल दिया गया था, लेकिन ध्वज में एकमात्र अंतर यह किया गया था कि यूनियन जैक की जगह तिरंगा लगाया गया था। जॉर्ज क्रॉस को बरकरार रखा गया था।

**ध्वज में हुए कई बदलाव, लेकिन जॉर्ज क्रॉस नहीं हटाया :**

नौसेना के ध्वज में कई बदलाव हुए, लेकिन रेड क्रॉस को नहीं हटाया गया। एक बदलाव 2001 में किया गया था। हालांकि, उस समय भी सेंट जॉर्ज क्रॉस को नहीं हटाया गया था। नौसेना के ध्वज में बदलाव की मांग लंबे समय से की जा रही थी। वाइस एडमिरल वीईसी बारबोजा ने इसको लेकर सुझाव भी दिया था, जो नौसेना से फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ पश्चिमी नौसेना कमान के रूप में रिटायर हुए थे। 2004 में एक और बदलाव किया गया था, लेकिन इस समय भी सेंट जॉर्ज क्रॉस को नहीं हटाया गया। 2014 में देवनागरी लिपि में अशोक चिन्ह के नीचे ध्वज पर 'सत्यमेव जयते' शब्द शामिल किया गया था। सफेद बैकग्राउंड पर लाल क्रॉस को सेंट जॉर्ज क्रॉस के रूप में जाना जाता है। इसका नाम एक ईसाई योद्धा के नाम पर रखा गया था। यह क्रॉस इंग्लैंड के ध्वज के रूप में भी काम करता है। 1190 में इंग्लैंड और लंदन शहर द्वारा भूमध्य सागर में प्रवेश करने वाले अंग्रेजी जहाजों की पहचान करने के लिए इस ध्वज को अपनाया गया था। रॉयल नेवी ने अपने जहाजों के लिए जॉर्ज क्रॉस को अपनाया था।

**नौसेना का नया ध्वज क्यों है खास?**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नए ध्वज का अनावरण किया, जिसके ऊपरी कैंटन पर राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय प्रतीक के साथ एक नीला अष्टकोणीय आकार भी है। यह नौसेना के आदर्श वाक्य के साथ ढाल पर लगाया जाता है।

नौसेना ने नए ध्वज को प्रदर्शित करते हुए वीडियो में कहा, जुड़वां सुनहरी सीमाओं के साथ अष्टकोणीय आकार महान भारतीय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की मुहर से प्रेरणा लेता है, जिनके दूरदर्शी समुद्री दृष्टिकोण ने एक विश्वसनीय नौसैनिक बेड़े की स्थापना की। नौसेना ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज के बेड़े में 60 युद्धपोत और लगभग 5,000 पुरुष शामिल थे।




## श्रेय लेने पर जयराम रमेश ने पीएम मोदी को निशाना बनाया



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को लेकर श्रेय लेने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने पीएम नरेंद्र मोदी को निशाना बनाया है। उन्होंने इसे सिर्फ मोदी सरकार की उपलब्धि नहीं बल्कि साल 1999 के बाद की सभी सरकारों की सामूहिक कोशिशों का प्रतिफल बताया है। जयराम रमेश ने ट्वीट करके पीएम मोदी से पूछा है कि क्या वे यह स्वीकार करेंगे कि यह सभी सरकारों के प्रयासों से हो सका है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ट्वीट किया है कि, भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत आज सन 1999 से जारी सभी सरकारों के सामूहिक प्रयास की देन है। क्या प्रधानमंत्री इसे स्वीकार करेंगे?

उन्होंने कहा है कि, आइए मूल आईएनएस विक्रांत को भी याद करें जिसने 1971 के युद्ध में हमारी अच्छी सेवा की थी। कृष्णा मेनन ने इसे यूके से प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पीएम मोदी ने आज कोचीन में चालक दल के लगभग 1,600 सदस्यों के लिए डिजाइन किया गया करीब 2,200 कमरों वाला देश का अब तक का सबसे बड़ा और पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत 'आईएनएस विक्रांत' राष्ट्र को समर्पित किया। आईएनएस विक्रांत भारत के समुद्री इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा जहाज है। प्रधानमंत्री पीएम मोदी ने कोचीन शिपयार्ड में 20,000 करोड़ रुपये की लागत से बने इस स्वदेशी अत्याधुनिक स्वचालित यंत्रों से युक्त विमान वाहक पोत का जलावतरण किया। पोत के जवावतरण के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नए नौसैनिक ध्वज (निशान) का भी अनावरण किया।

आईएनएस विक्रांत हिंद-प्रशांत और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में योगदान देगा। आईएनएस विक्रांत पर विमान उतारने का परीक्षण नवंबर में शुरू होगा, जो 2023 के मध्य तक पूरा हो जाएगा। मिग-29 के जेट विमान पहले कुछ वर्षों के लिए युद्धपोत से संचालित होंगे।

आईएनएस विक्रांत का सेवा में आना रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# फडणवीस से मिले कांग्रेस से नाराज अशोक

### *सीक्रेट मीटिंग के बाद कांग्रेस से 10 विधायक टूटने की अटकलें, शिंदे मंत्री भी बना सकते हैं*



मुंबई, 2 सितंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम संकट में फंसी अपनी सरकार को मजबूत करने के लिए एकनाथ शिंदे महाविकास अघाड़ी को बड़ा झटका दे सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक अक्टूबर में होने जा रहे शिंदे कैबिनेट विस्तार में कांग्रेस के दो बड़े नेता मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इनमें एक पूर्व मुख्यमंत्री का नाम भी शामिल है।

सियासी गलियारों में इन चर्चाओं को और ज्यादा मजबूती तब मिली, जब अशोक चव्हाण और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के बीच 20-25 मिनट एक सीक्रेट मीटिंग हुई। हालांकि मीटिंग के बाद चव्हाण ने कहा कि उनकी यह मुलाकात राजनीतिक नहीं है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के 7-10 विधायक पार्टी छोड़ सकते हैं। जून में हुए विधानपरिषद् चुनावों में कांग्रेस के 7 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी, जबकि जुलाई में फ्लोर टेस्ट के दौरान 10 विधायक गायब रहे थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस के कुल 44 विधायक हैं।

इधर, कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण भी कांग्रेस हाईकमान के खिलाफ बागी रुख अपनाए हुए हैं। पृथ्वीराज के भी जल्द ही पार्टी छोड़ने की अटकलें हैं। वे कांग्रेस के जी-23 के सदस्य रहे हैं और पिछले दिनों दिल्ली में गुलाम नबी से मिल चुके हैं।

**कैबिनेट विस्तार में 23 और मंत्री बनेंगे :**

भाजपा नेता और वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने शुक्रवार को बताया कि राज्य मंत्रिमंडल में 23 और मंत्रियों के शपथ लेने की संभावनाएं हैं। सदन में कुल सदस्यों की संख्या का 15 प्रतिशत मंत्री बनाए जा सकते हैं। इस हिसाब से राज्य में कुल 43 मंत्री बनाए जा सकते हैं। वर्तमान में शिंदे कैबिनेट में सीएम और डिप्टी सीएम समेत 20 मंत्री हैं। महाराष्ट्र में 20 जून को पहली बार एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के 20 विधायक बागी होकर सूरत और फिर गुवाहाटी चले गए। धीरे-धीरे इन विधायकों की संख्या बढ़ती गई और 39 पर पहुंच गई, जिसके बाद उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा दे दिया।

# मुरुघा मठ के पुजारी को चार दिन की पुलिस हिरासत

## गुरुवार रात किया गया था गिरफ्तार

बेंगलुरू, 2 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में लिंगायत मठ के संत शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू को कोर्ट ने चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने कोर्ट से शरणारू की पांच दिन की हिरासत मांगी थी। इससे पहले शिवमूर्ति मुरुघा को सीने में दर्द की शिकायत के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां से उन्हें सीधे कोर्ट में पेश किया गया।

शिवमूर्ति को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद देर रात उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया था। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। बता दें, शिवमूर्ति के खिलाफ पुलिस ने सोमवार को पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया है। इसके बाद उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया था। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद पुलिस आज ओपन कोर्ट में आरोपी के खिलाफ हिरासत की मांग करेगी।

**दूसरी आरोप भी गिरफ्तार :**

कर्नाटक पुलिस ने नाबालिग छात्राओं से यौन शोषण के आरोप में मुरुघा मठ के मुख्य पुजारी शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू के अलावा शुक्रवार को दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। चित्रदुर्ग एसपी का कहना है कि इस मामले में दूसरी आरोपी रश्मि को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ जारी है।



**बढ़ाईं गईं एससी-एसटी एक्ट की धाराएं :**

यौन शोषण का आरोप लगाने वाली दो में से एक पीड़िता के अनुसूचित जाति से होने के कारण पुलिस ने मामले में एससी-एसटी एक्ट के तहत भी धाराएं लगाई हैं। पुलिस विभाग के सूत्रों ने बताया कि मठ के मुख्य महंत शिवमूर्ति मुरुघा पर यौन उत्पीड़न के साथ ही मंगलवार को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। इस बीच मठ के छात्रों को वहां के सरकारी छात्रावास में स्थानांतरित कर दिया गया है। इतना ही नहीं विवाद के बाद कई परिजन अपने बच्चों को वापस घर लेकर चले गए हैं। इसके साथ ही मामला सामने आने के बाद से पुलिस टीम लगातार मठ और छात्रावास का दौरा कर रही है।

**क्या है मामला?**

दरअसल, शिवमूर्ति समेत पांच व्यक्तियों पर उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। उनके खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत मैसूर पुलिस ने दो नाबालिगों की शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज की है।

**पांच लोगों के खिलाफ प्राथिमिकी दर्ज :**

जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी की शिकायत के आधार पर मठ के छात्रावास के वार्डन समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक, लड़कियों ने मैसूर स्थित एक गैर-सरकारी संगठन 'ओदानदी सेवा संस्थान' से संपर्क किया और काउंसलिंग के दौरान अपने साथ हुए दुर्व्यवहार के बारे में जानकारी दी।

# सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता को जमानत दी

### *हाईकोर्ट में केस चलने तक पासपोर्ट सरेंडर करना होगा, आज होगी रिहाई*




नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। गुजरात दंगों से जुड़े साजिश मामले में गिरफ्तार एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। शुक्रवार को चीफ जस्टिस यूयू ललित की बेंच में करीब 1 घंटे 10 मिनट से ज्यादा देर तक सुनवाई हुई।

आदेश सुनाते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि तीस्ता गिरफ्तारी के बाद से या तो रिमांड या कस्टडी में रहीं। उन्हें अब जेल में नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि तीस्ता का मामला जब तक हाईकोर्ट के पास है, तब तक उन्हें अपना पासपोर्ट सरेंडर करना होगा। तीस्ता आज यानी शनिवार को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल से बाहर आ सकेंगी। 25 जून को अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने सीतलवाड़ को मुंबई से गिरफ्तार किया था। 30 जुलाई को निचली अदालत ने उनकी जमानत खारिज कर दी थी। >12

# सैन्य तैयारी में सेंध का खतरा!

### *निजी कंपनियों को 'पेन ड्राइव' देने वाले अफसरों की रुके पेंशन*

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय सेना के लिए तैयार हो रहे विभिन्न उपकरणों से जुड़ी सूचनाएं लीक हो सकती हैं। क्या सैन्य तैयारी से जुड़े अहम रणनीतिक फैसलों में सेंध लगने की आशंका है? सेना के लिए उपकरण तैयार कर रही प्राइवेट कंपनियों को 'पेन ड्राइव' में भारतीय रक्षा क्षेत्र से जुड़ी अहम जानकारी कौन दे सकता है?

अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ 'एआईडीईएफ' के महासचिव श्रीकुमार द्वारा यह आशंका जाहिर की गई है। उन्होंने कहा, डिफेंस से जुड़े रहे ऐसे अधिकारियों की पेंशन रोकी जाए, जो रिटायर होने के बाद रक्षा क्षेत्र की निजी कंपनियां ज्वाइन कर लेते हैं। यह देश की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। ऐसा संभव है कि रिटायरमेंट से पहले वे अधिकारी बहुत सी सूचनाओं का एक पिटारा तैयार कर लें। चूंकि उन्हें यह पता होता है कि रिटायरमेंट के बाद वे कौन सी कंपनी में ज्वाइन करेंगे, इसलिए ऐसी स्थिति में रक्षा क्षेत्र के कुछ जरूरी 'राज' इधर-उधर हो सकते हैं। श्रीकुमार ने कहा, केंद्र सरकार ने गत वर्ष ऑर्डिनेंस फैक्टरी बोर्ड (ओएफबी) को भंग कर दिया था। ऑर्डिनेंस फैक्टरी बोर्ड की संपत्ति, उसके कर्मचारियों और मैनेजमेंट को सात नए स्थापित रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) में बांट दिया गया। ये निजीकरण की दिशा में पहला कदम है। केंद्र सरकार की मंशा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह पहले छह माह में रक्षा कंपनियों द्वारा जो कुछ तैयार किया गया है, उसका बढ़ा चढ़ाकर बखान कर रही है। स्वतंत्रता के बाद अब तक आयुध कारखानों ने सशस्त्र बलों के लिए आवश्यक सैकड़ों नए उत्पाद विकसित किए हैं। उनके बारे में सरकार कुछ नहीं बता रही है। भारत के सशस्त्र बल उन उत्पादों से खुश हैं। इससे पहले आयुध कारखानों को लेकर कभी कोई ढोल नहीं पीटा गया। केंद्र सरकार, आयुध कारखानों द्वारा तैयार किए गए रक्षा उत्पादों को लेकर अपना मुंह बंद कर लेती हैं।

सरकार ने कर्मचारी संगठन के नेताओं को अपने पैम्फलेट में रक्षा उत्पादों के नाम प्रकाशित करने के लिए चार्जशीट कर दिया था।



# मुस्लिम डिलीवरी ब्वॉय नहीं भेजने के निर्देश पर भड़कीं महुआ

### स्विगी से ब्लैक लिस्ट करने को कहा



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। हैदराबाद के एक ग्राहक द्वारा ऑनलाइन फूड पहुंचाने वाली कंपनी स्विगी को मुस्लिम डिलीवरी ब्वॉय नहीं भेजने के निर्देश से नया विवाद पैदा हो गया है। इसे लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने स्विगी से कहा है कि वह ऐसे ग्राहकों की सूची जारी करे और उन्हें ब्लैक लिस्ट करने के साथ उनके खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराए। सांसद महुआ मोइत्रा ने ट्वीट कर कहा कि हैदराबाद के एक ग्राहक द्वारा स्विगी को मुस्लिम डिलीवरी ब्वॉय को नहीं भेजने के निर्देश से लगता है कि कट्टरता सामान्य बात होती जा रही है, यह दुखद है। उन्होंने स्विगी से कहा कि वह ऐसे ग्राहकों की सूची सार्वजनिक करे और उन्हें आगे फूड सप्लाई नहीं करे तथा उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराए। टीएमसी नेता ने यह भी कहा कि हैदराबाद के ग्राहक की यह हरकत पूरी तरह अवैध है।लोकसभा सांसद ने ट्वीट कर कहा कि जो कभी व्यक्तिगत पूर्वाग्रह हुआ करता था, वह अब सार्वजनिक बहुसंख्यकवाद के रूप में सामने आ रहा है।

**सभी को खाना पहुंचाने में जुटे हैं हम : सलाउद्दीन**

ग्राहक का उक्त निर्देश तेलंगाना स्टेट टैक्सी एंड ड्राइवर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी के अध्यक्ष शेख सलाउद्दीन स्क्रीन शॉट के साथ सोशल मीडिया में साझा किया है। उन्होंने इसके साथ यह भी लिखा कि 'हम डिलीवरी कर्मी सभी को खाना पहुंचाते हैं, चाहे ग्राहक हिंदू, मुस्लिम, ईसाई या सिख हों।'

**कार्ति चिदंबरम ने भी की निंदा**

कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम ने भी स्विगी ग्राहक के इस तरह के अनुरोध की निंदा की है। उन्होंने कहा कि स्विगी को ऐसे ग्राहकों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

# भारत आने पर सबसे पहले निजामुद्दीन दरगाह जाएंगी शेख हसीना



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 5 से 8 सितंबर तक भारत दौरे पर रहेंगी। सोमवार को भारत पहुंचने पर सबसे पहले वह हजरत निजामुद्दीन दरगाह जाएंगी और वहां इबादत करेंगी। आपको बता दें कि बांग्लादेश की पीएम का निजामुद्दीन दरगाह से बहुत पुराना संबंध है। 15 अगस्त, 1975 को वर्तमान बांग्लादेशी प्रधानमंत्री के पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान और उनके परिवार की हत्या के बाद शेख हसीना और उनकी बहन को भारत में शरण मिली थी। साल 1975 से 1981 तक शेख हसीना और उनकी बहन दिल्ली में रहती थे। उनकी पहचान भी छुपाई गई थी। भारत में उन्हें तालुकदार के नाम से पहचान दी गई थी। अपने पिता और परिवार की मौत से हताश और दुखी शेख हसीना को आगे की राह नहीं सूझ रही थी।

उन दिनों वह हजरत निजामुद्दीन दरगाह में अक्सर जाया करती थीं। साल 1981 में एक बार जब शेख हसीना और उनकी बहन शेख रेहाना निजामुद्दीन दरगाह गए तो उनके पास एक खादिम आए और कहा कि वह उन्हें कुछ दिखाना चाहते हैं। थोड़ी देर में खादिम ने हसीना बहनों के सामने एक रजिस्टर रखा, जिसमें उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान के निजामुद्दीन दरगाह जाने का जिक्र था। शेख हसीना ने पाया कि उनके पिता 9 अप्रैल, 1946 को हजरत निजामुद्दीन दरगाह पर गए थे, और उस दिन 9 अप्रैल, 1981 की तारीख थी, जब शेख हसीना निजामुद्दीन गई थीं। उस पल ने शेख हसीना के मन में साहस जगाया और उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें वापस बांग्लादेश जाना चाहिए और अपने लोगों के लिए कुछ करना चाहिए।

साथ ही उन्होंने अपने पिता और परिवार के हत्यारों को सजा दिलाने की भी ठान ली। इससे पहले आखिरी बार 1997 में शेख हसीना ने निजामुद्दीन दरगाह में इबादत की थी। लेकिन बतौर प्रधानमंत्री वह पहली बार निजामुद्दीन दरगाह पर जाएंगी। दरगाह के गद्दी नशीन सैयद फरीद अहमद निजामी ने न्यूज18 से कहा कि बहुत से देशों के राष्ट्राध्यक्ष हजरत निजामुद्दीन दरगाह पर आ चुके हैं। इस दरगाह पर मन्नते और मुरादे पूरी होती हैं। निजामी ने कहा कि कुछ रूहानी कशिश है, जो उन्हें खींचकर इस फकीर की दरगाह पर ले आती है। भारत दौरे पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करेंगी। साथ ही मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय मुलाकात भी होगी। भारत दौरे के दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री अजमेर भी जाएंगी। शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वधीनता सड़क का लोकार्पण भी करेंगे।

स्वाधीनता सड़क, भारत और बांग्लादेश के बीच सड़क संपर्क है। बांग्लादेश की आजादी के 50 वर्षों को चिह्नित करने और भारत।बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए इस सड़क को 26 मार्च, 2021 को खोला गया था। अब दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्ष इसका औपचारिक लोकार्पण करेंगे।

# एक और गैरकश्मीरी पर आतंकी हमला

## पुलवामा में बंगाली मजदूर को आतंकवादियों ने गोली मारी, अस्पताल ले जाया गया

श्रीनगर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। घाटी में एक और गैर-कश्मीरी पर शुक्रवार को आतंकवादी हमला किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने एक मजदूर को गोली मार दी। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मजदूर का नाम मुनीरुल इस्लाम है और वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला है।

**मंगलवार को शोपियां में हुआ था ग्रेनेड अटैक**

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मंगलवार को ग्रेनेड अटैक हुआ। यह हमला शोपियां के मनिहाल बाटपोरा इलाके में कश्मीरी पंडित के घर पर हुआ। ग्रेनेड हिंदुओं की कॉलोनी को टारगेट कर फेंका गया था, लेकिन यह सीआरपीएफ की गाड़ी पर जा गिरा। इसमें किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। सुरक्षाबल इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। इससे पहले सोमवार शाम को आतंकियों ने दो अलग-अलग जगहों पर ग्रेनेड फेंका। पहला हमला बडगाम के गोपालपोरा चड़ूरा इलाके में किया गया, जिसमें एक नागरिक करण कुमार सिंह घायल हो गए। दूसरी घटना श्रीनगर की है, जहां आतंकियों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर ग्रेनेड फेंका।

**घाटी में लगातार क्यों हो टारगेट किलिंग्स?**

खुफिया एजेंसियों के मुताबिक टारगेटेड किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति फैलाने की नई योजना है। माना जा रहा है कि इसका मकसद, आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की योजनाओं पर पानी फेरना है। आर्टिकल 370 हटने के बाद से ही कश्मीर में टारगेटेड किलिंग कि घटनाएं बढ़ी हैं, जिसमें खास तौर पर आतंकियों ने कश्मीरी पंडितों, प्रवासी कामगारों और यहां तक कि सरकार या पुलिस में काम करने वाले उन स्थानीय मुस्लिमों को भी सॉफ्ट टागरेट बनाया है, जिन्हें वे भारत का करीबी मानते हैं।

# जयललिता की मौत पर 600 पन्नों की रिपोर्ट तैयार

## सीएम स्टालिन ने उठाए कई सवाल



मुख्यमंत्री एम के स्टालिन



पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता

चेन्नई, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की मौत के परिस्थितियों की जांच के लिए गठित न्यायाधीश अरुमुघस्वामी आयोग की रिपोर्ट में कई खामिया थी। पूर्व मंत्री पोंगालुर पलानीस्वामी की पोती की शादी में पहुंचे मुख्यमंत्री एम। के स्टालिन ने कहा कि अभी मेरे लिए कुछ भी बताना मुश्किल है, रिपोर्ट विधानसभा में पेश की जाएगी उसके बाद सार्वजनिक होगी। हालांकि स्टालिन ने यह बात खुलकर नहीं बताई की रिपोर्ट में कई मसलों को उजागर किया गया है या खुद रिपोर्ट में कई खामिया है। स्टालिन ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री एडापद्दी के पलानसिवामी ने जो समीति का गठन किया था वह महज ओ पनीरसेल्वम जो एआईडीएमके के नेतृत्व के खिलाफ थे उन्हें शांत करने का महज दिखावा भर था।

द्रमुके के सत्ता में आने के बाद उचित जांच के अपने वादे को दोहराते हुए स्टालिन ने कहा कि कमीशन का गठन पूरा होने के बाद लंबी देरी के बाद रिपोर्ट सौंप दी गई है। उन्होंनें कहा कि रिपोर्ट विधानसभा में पेश की जाएगी और फिर रिपोर्ट के आधार पर क्या कार्यवाही की जानी चाहिए इसका फैसला लिया जाएगा। गौरतलब है कि तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की मौत की परिस्थितियों की जांच के लिए गठित न्यायमूर्ति अरुमुघस्वामी आयोग ने लगभग 150 गवाहों को सुनने के बाद अंग्रेजी में 500 पन्नों और तमिल में 600 पन्नों की रिपोर्ट तैयार की है। आयोग के सामने अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता ओ पनीरसेल्वम, जयललिता की भतीजी दीपा और भतीजे दीपक, डॉक्टर, शीर्ष अधिकारी व ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के सी विजयभास्कर (पूर्व स्वास्थ्य मंत्री), एम थंबी दुरई, सी पोन्नइयन और मनोज पांडियन ने बयान दिया है। दीपा और दीपक ने अपनी मौसी की मौत की परिस्थितियों पर संदेह जताया था।

# बढ़ती आबादी के चलते बुनियादी सुविधाएं नहीं

### जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग वाली याचिका पर एससी का नोटिस



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग करने वाली स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने इस याचिका को मामले पर लंबित दूसरी याचिकाओं के साथ जोड़ा है। अब सब पर साथ में सुनवाई होगी। याचिका में कहा गया है कि बढ़ती आबादी के चलते लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया नहीं हो पा रही हैं।

# कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में मनीष तिवारी और कार्ति चिदंबरम के बाद अब शशि थरूर ने दिखाए तेवर



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी जल्द ही अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव कराने जा रही है। इस बीच इस चुनाव के लिए मतदाता सूची जारी करने की मांग पार्टी के भीतर तेज हो गई है। गुरुवार को असम से लोकसभा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने इसकी मांग की। उन्होंने मधुसूदन मिस्त्री को एक पत्र लिखा, जो संगठन के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण (सीईए) के प्रमुख भी हैं। अब खबर आ रही है कि लोकसभा सांसद शशि थरूर ने भी मिस्त्री को पत्र लिखकर यह मांग की है।

नागांव सांसद बोरदोलोई ने बताया, "हां, मैंने केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है जिसमें उनसे सभी आशंकाओं को दूर करने के लिए अनुरोध किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो, यह सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची को सार्वजनिक करने का अनुरोध किया है। शशि थरूर के बारे में कहा जाता है कि वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे हैं। थरूर ने बुधवार को सार्वजनिक रूप से अपने जी-23 सहयोगी और लोकसभा सांसद मनीष तिवारी की इस मांग का समर्थन किया था कि पार्टी में 9,000 निर्वाचक मंडल बनाने वाले पीसीसी प्रतिनिधियों की सूची बनाई जाए।

साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इसे सार्वजनिक किया। मनीष तिवारी ने पूछा था कि जब तक रोल सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं तो प्रक्रिया निष्पक्ष कैसे हो सकती है। बुधवार को लोकसभा सांसद कार्ति चिदंबरम और थरूर तिवारी की मांग के समर्थन में सामने आए थे। आपको बता दें कि कार्ति और बोरदोलोई जी 23 समूह के सदस्य नहीं हैं। बोरदोलोई ने मिस्त्री से राज्यों के हिसाब से मतदाता सूची को कांग्रेस की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए कहा था। आपको बता दें कि पांच साल पहले यानी 2017 में जब पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए थे तब निर्वाचक मंडल में 9,531 पीसीसी प्रतिनिधि शामिल थे। सीईए ने अभी तक इस बार मतदाताओं की सही संख्या का खुलासा नहीं किया है।

2017 में राहुल गांधी निर्विरोध कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए। इस बार मुकाबला होने के संकेत मिल रहे हैं। मनीष तिवारी ने बुधवार को चिंता जताते हुए मांग की थी कि पार्टी की वेबसाइट पर मतदाताओं के नाम और पते डाले जाएं। उन्होंने कहा, अगर कोई नहीं जानता कि मतदाता कौन हैं, तो कोई लड़ने पर विचार कैसे कर सकता है।

तिवारी का समर्थन करते हुए कार्ति ने कहा था कि हर चुनाव में एक अच्छी तरह से परिभाषित और स्पष्ट निर्वाचक मंडल की आवश्यकता होती है। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि निर्वाचक मंडल के गठन की प्रक्रिया भी पारदर्शी होनी चाहिए। शशि थरूर ने तिरुवनंतपुरम में संवाददाताओं से कहा था, निश्चित रूप से मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि मतदाता सूची में पारदर्शिता रखनी चाहिए। अगर मनीष ने यही मांगा है तो मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिद्धांत है जिससे हर कोई सहमत होगा। सभी को पता होना चाहिए कि कौन नामांकन कर सकता है और कौन मतदान कर सकता है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

# कमलनाथ ने 2023 के लिए शुरू की बड़ी तैयारी

## 52 जिलों में तैनात किए प्रभारी जो नहीं लड़ेंगे चुनाव, करेंगे पार्टी को मजबूत

भोपाल, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कांग्रेस के कमलनाथ अपनी तैयारियों में लग गए हैं। दरअसल नेताओं के पार्टी बदलने और गुटबाजी के कारण इस साल मध्य प्रदेश के स्थानीय चुनावों में कई प्रमुखों ने अपनी सीटें खो दीं। ऐसे में राज्य कांग्रेस ने 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले सावधानी बरत कर चल रही है। पार्टी को संगठन स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने राज्य के 52 जिलों में स्वतंत्र पर्यवेक्षक नियुक्त करने का फैसला किया है। जोकि जिला स्तर पर प्रभारी और सह-प्रभारी होंग। ये पर्यवेक्षक चुनाव नहीं लड़ेंगे बल्कि अपनी-अपनी जिला इकाइयों को मजबूत करने का काम करेंगे। द इंडियन



एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि पार्टी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति पर ध्यान रखेगी कि वे पार्टी के जिलाध्यक्ष से अलग जाति से हों।

पिछले हफ्ते भोपाल में पार्टी कार्यालय में नए पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आने वाले एक साल के समय को अग्निपरीक्षा कहा था और कार्यकर्ताओं से मैदान में उतरने का आग्रह किया था। कार्यकर्ताओं से बात करते हुए कमलनाथ ने कहा कि हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनाव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे। हालांकि इन चुनाव में भाजपा ने भले ही सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया और चुनाव जीतने के लिए भारी मात्रा में धन खर्च किया।

कमलनाथ ने कहा, "हमने 31 साल बाद रायगांव और दो दशक बाद दमोह में अपने मजबूत संगठन के कारण जीत दर्ज की।" उन्होंने कहा कि हमें नरेंद्र मोदी-शिवराज सिंह चौहान सरकार की विफलताओं को उजागर करना चाहिए, जो अपने अनगिनत वादों को पूरा करने में विफल रही है। इन्होंने युवाओं के लिए रोजगार और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया लेकिन अब राष्ट्रवाद के नाम पर वे मतदाताओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

# बिलकिस के लिए रोईं शबाना

### बीजेपी के मंत्री ने कहा- कन्हैयालाल और अंकिता पर तो चुप रहीं



भोपाल, 2 सितंबर (एजेंसियां)। बिलकिस बानो से गैंगरेप के दोषियों की रिहाई को फिल्म अभिनेत्री शबाना आजमी ने बेहद नाराजगी और दुख जाहिर किया है। बातचीत में वह रो पड़ीं। अब मध्य प्रदेश के गृहमंत्री और वरिष्ठ बीजेपी नेता नरोत्तम मिश्रा ने उन्हें टुकड़े टुकड़े गैंग का स्लीपर सेल बताया है।

उन्होंने जावेद अख्तर और नसीरुद्दीन शाह का भी नाम लिया और यह भी पूछा कि कन्हैयालाल, अंकिता की मौत पर ये क्यों नहीं बोले। नरोत्तम मिश्रा ने कहा, "शबाना आजमी, जावेद अख्तर, नसीरुद्दीन शाह ये सभी टुकड़े-टुकड़े गैंग के स्लीपर सेल हैं। जो कन्हैयालाल की हत्या हुई थी राजस्थान में उस पर बोली थीं ये कुछ, अभी हमारी बेटी को झारखंड में जिंदा जला दिया, बोलीं ये कुछ। भाजपा शासित राज्य में कोई घटना हो जाए तो आप देखिए कि नसीरुद्दीन शाह जी देश में रहने में डर लगेगा, अवॉर्ड वापसी गैंग सक्रिय हो जाएगी और गला फाड़कर चिल्लाएगी।

ये अपनी घटिया मानसिकता का परिचय देते हैं, इन्हें सभ्य और धर्मनिरपेक्ष कैसे कहा जा सकता है। अब सब लोगों की कलई खुल चुकी है।" शबाना आजमी ने एक टीवी चैनल से बातचीत के दौरान कहा कि जघन्य अपराध के दोषियों की रिहाई और उनका फूल-माला से स्वागत करना शर्मनाक है। शबाना ने कहा कि गैंगरेप के दोषियों की रिहाई से वह हैरान रह गईं।

# अर्जेंटीना की वाइस प्रेसिडेंट पर बंदूक तानी

## आखिरी वक्त में ट्रिगर फंसा, उपराष्ट्रपति क्रिस्टीना बाल-बाल बचीं; हमलावर गिरफ्तार

ब्यूनस आयर्स, 2 सितंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना पुलिस ने वाइस प्रेसिडेंट क्रिस्टीना फर्नांडीज पर बंदूक तानने वाले एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने वाइस प्रेसिडेंट को जान से मारने की मंशा से ऐसा किया।

**ट्रिगर फंसने से बची वाइस प्रेसिडेंट की जान**

राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने कहा- हमलावर ने जिस बंदूक से हमला करने की कोशिश की उसमें पांच गोलियां थीं। वह ट्रिगर फंस जाने की वजह से गोली नहीं चला पाया। इसलिए क्रिस्टीना की जान बच गई।

**समर्थकों के बीच मौजूद थीं क्रिस्टीना**

घटना गुरुवार रात की है। क्रिस्टीना अपने घर के बाहर



समर्थकों के बीच मौजूद थीं। उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति ने पॉइंट ब्लैंक रेंज पर बंदूक तान दी। आस-पास मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।

**हमलावर की पहचान कर रही पुलिस**

अर्जेंटिना के सिक्योरिटी मिनिस्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा- हमलावर ने वाइस प्रेसिडेंट के चेहरे के बहुत पास गन तान दी थी। घटना के दौरान आफरा-तफरी मच गई। जैसे ही संदिग्ध क्रिस्टीना के सामने आया उनके सिक्योरिटी गार्ड हरकत में आए। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हुई है। गन भी असली थी या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है।

**समर्थक क्रिस्टीना के घर के बाहर क्यों थे?**

क्रिस्टीना 2007-2015 तक प्रेसिडेंट रह चुकी हैं। इस दौरान उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। मामले की सुनवाई अब भी चल रही है। क्रिस्टीना के खिलाफ चल रहे इस मामले के विरोध में उनके समर्थक घर के बाहर रैली निकाल रहे थे।



# गुजरात में पैदल यात्रियों को कार ने मारी टक्कर, 6 लोगों की मौत; 6 घायल

अहमदाबाद, 2 सितंबर (एजेंसियां)। गुजरात के अरवल्ली जिले में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक तेज रफ्तार कार ने पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी है। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है और 6 लोग घायल हैं। बता दें कि ये भीषण हादसा अरवल्ली में कृष्णापुर के पास हुआ है। दुर्घटना में घायल लोगों को आननफानन में अस्पताल में एडमिट कराया गया है। उनका इलाज अस्पताल में जारी है। उनकी देख-रेख की जा रही है।

**अरवल्ली हादसे में 6 लोगों की मौत**

बता दें कि हादसे की खबर सुनते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सबसे पहले घायलों को अस्पताल भिजवाया। हालांकि, 6 लोगों की दुर्घटना के कारण मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए लोगों की पहचान की जा रही है और उनके परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर जान लें कि अरवल्ली में हुई दुर्घटना की तस्वीर सामने आ चुकी है। फोटो में दिख रहा है कि जिस कार से पैदल यात्रियों को टक्कर मारी गई, उस कार के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा है। कार की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि टक्कर कितनी जोरदार थी।

**हादसे की जांच में जुटी पुलिस**

पुलिस के मुताबिक, अरवल्ली में हुए हादसे की जांच की जा रही है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। उसके बाद उनका शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

**घटनास्थल पर जमा हुई भारी भीड़**

गौरतलब है कि हादसे की खबर मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हालांकि पुलिस लोगों से दूर रहने के लिए कह रही है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

# ट्विटर के खिलाफ केंद्र सरकार ने दिखाए तेवर कर्नाटक एचसी में कहा- करता है कानूनों का उल्लंघन

नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी आपत्तियों के संबंध में दायर 101 पन्नों के बयान में ट्विटर को देश के कानूनों का उल्लंघन करने वाला सोशल मीडिया मंच बताया है। मामले पर आठ सितंबर को सुनवाई की जाएगी। एमईआईटीवाई ने बृहस्पतिवार को अदालत के समक्ष अपना बयान दाखिल किया। मंत्रालय ने कहा, "याचिकाकर्ता ने जानबूझकर कानूनों का अनुपालन नहीं किया और उनकी अवज्ञा की। प्रतिवादी नंबर-2 के जवाब और 27 जून 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद ही याचिकाकर्ता ने अचानक उन दिशा-निर्देशों पर अमल किया, जिनका पालन वह पहले नहीं कर रहा था।" केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा रोक के संबंध में जारी किए गए 10 अलग-अलग आदेशों के खिलाफ ट्विटर इंक ने उच्च न्यायालय का रुख किया है। ये आदेश दो फरवरी 2021 से 28 फरवरी 2022 के बीच के हैं। इनमें अकाउंट, ट्वीट, यूआरएल और हैशटैग को ब्लॉक करने से जुड़े आदेश शामिल हैं।

# पलानीस्वामी एआईएडीएमके के शीर्ष नेता

## कोर्ट ने पनीरसेल्वम के पक्ष में दिया आदेश किया खारिज



चेन्नई, 2 सितंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के विपक्षी दल अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) में उठापटक जारी है। इस बीच मद्रास हाईकोर्ट ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और एआईएडीएमके नेता पनीरसेल्वम को तगड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए 11 जुलाई को हुई अन्नाद्रमुक की आम परिषद (जीसी) की बैठक को वैध ठहराया है और एकल पीठ के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें इस बैठक को अवैध करार दिया गया था। न्यायमूर्ति एम दुरईस्वामी और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की खंडपीठ ने पलानीस्वामी की अपील को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन की एकल पीठ द्वारा 17 अगस्त के आदेश को रद्द कर दिया है। इस आदेश में बैठक को अवैध करार देते हुए दोनों गुटों को 23 जून की यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया था।

**पलानीस्वमी को चुना गया था शीर्ष नेता**

एआईएडीएमके की 11 जुलाई को आम परिषद की बैठक हुई थी। इस बैठक में पलानीस्वामी को पार्टी का अंतरिम महासचिव, शीर्ष पद के रूप में चुना गया था। वहीं पन्नीरसेल्वम को पार्टी से बाहर कर दिया गया था, जिसके खिलाफ पनीरसेल्वम ने हाईकोर्ट का रुख किया था।

**क्या थी 23 जून की यथास्थिति**

11 जुलाई को हुई बैठक से पहले 23 जून को हुई बैठक में पार्टी में पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी पहले क्रमशः समन्वयक और संयुक्त समन्वयक थे। अन्नाद्रमुक के इन दोनों नेता पलानीस्वामी व पनीरसेल्वम द्वारा 23 जुन को संयुक्त रूप से बैठक बुलाई गई थी।

स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद
शनिवार, 3 सितंबर, 2022 3

सुविचार
अज्ञान मन की रात है, लेकिन ऐसी रात जिसमें न चाँद है न तारे।

## तेलंगाना सरकार की योजनाओं के खिलाफ झूठ फैला रही हैं निर्मला : हरीश राव



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त मंत्री टी. हरीश राव ने तेलंगाना सरकार की योजनाओं के खिलाफ झूठ फैलाने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर हमला किया और उन्हें देश भर में टीआरएस सरकार की सभी योजनाओं को लागू करने की चुनौती दी।

शुक्रवार को मेदक जिले के तूपरान नगर परिषद में एक मीडिया सम्मेलन में बोलते हुए, मंत्री हरीश राव ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के आरोपों का खंडन किया, जिन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार ने केंद्रीय योजनाओं के नाम बदल दिए हैं और इसे अपने रूप में लागू कर रही है और उनसे पूछा एक एकल केंद्रीय योजना का नाम, जिसे तेलंगाना सरकार द्वारा कॉपी और लागू किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र से सवाल किया कि राज्य सरकार तेलंगाना में असरा पेंशन, कल्याण लक्ष्मी और शादी मुबारक, रैतु बंधु और रैतू बीमा जैसी योजनाओं को लागू कर रही है। क्या तेलंगाना सरकार द्वारा लागू की जा रही इन योजनाओं में मोदी सरकार का एक भी रुपया हिस्सा है। हरीश राव ने निर्मला सीतारमण के उस बयान में भी गलती पाई, जिन्होंने कहा था कि तेलंगाना सरकार केंद्रीय राशि के साथ 'मन ऊरु मन बड़ी' योजना लागू कर रही है और कहा कि यह एक खुला झूठ था। उन्होंने निर्मला सीतारमण के आरोपों का भी खंडन किया, जिन्होंने कहा कि टीआरएस सरकार किसानों के लिए तेलंगाना में केंद्र सरकार की फसल बीमा योजना को लागू नहीं कर रही है और उनसे पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुजरात में एक ही योजना क्यों लागू नहीं की जा रही है।

## भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए शासन में लोकतंत्र खतरे में : चाडा

### *पार्टी सम्मेलन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण*

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा के राज्य सचिव चडा वेंकट रेड्डी ने आज कहा कि भाजपा नीत राजग सरकार के शासन में देश का लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन सभी पर सीबीआई और ईडी की छापेमारी कर रहे हैं, जो इसकी गलत नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं और कहा कि पीएम इस तरह की छापेमारी करके एक तानाशाह की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में मौजूदा जटिल राजनीतिक परिस्थितियों के बीच भाकपा के तीसरे राज्य सम्मेलन ने महत्व प्राप्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन रंगा रेड्डी जिले के शमशाबाद कस्बे में चार से सात सितंबर तक होगा।



शमशाबाद में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. के. नारायण, पूर्व राज्यसभा सदस्य सैयद अजीज पाशा, पार्टी के राज्य उप सचिव पल्ला वेंकट रेड्डी और अन्य के साथ पार्टी के सम्मेलन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि वे उन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहराई से विचार करेंगे जो देश को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे रविवार को शमशाबाद जिला परिषद हाईस्कूल में एक विशाल जनसभा करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रतिनिधियों की बैठक मल्लिका कन्वेंशन हॉल में होगी और कहा कि राज्य के 31 जिलों से पार्टी के लगभग 800 प्रतिनिधि बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. के. नारायण, अतुल कुमार अंजन, पार्टी के राष्ट्रीय नेता सांसद बिनय बिस्वम और अन्य बैठक में हिस्सा लेंगे। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बेच रही है। आगामी मुनुगोडु उपचुनावों का जिक्र करते हुए रेड्डी ने कहा कि उन्होंने उपचुनावों में सांप्रदायिक भाजपा को हराने के लिए सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी को अपनी पार्टी का समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि वे अन्य लोकतांत्रिक और समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के साथ सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ लड़ेंगे और कहा कि वे अपने राज्य सम्मेलन में पार्टी को सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ फिर से लड़ने के लिए तैयार करने के लिए एक कार्य योजना भी तैयार करेंगे।

**हैदराबाद में नाटक कर रही बीजेपी व एमआईएम पार्टियां : डॉ. नारायण**

इस दौरान भाकपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. के. नारायण ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और एमआईएम पार्टियां अपने मतदाताओं का आधार बरकरार रखने के लिए राज्य की राजधानी हैदराबाद में नाटक कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा मुनुगोडु में आगामी उपचुनाव का सामना करने के लिए अपने विवादास्पद विधायक टी. राजा सिंह का इस्तेमाल कर उपचुनाव से पहले उनके भड़काऊ बयानों से प्रचार करने की योजना बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राजा सिंह के सांप्रदायिक और भड़काऊ भाषणों की मदद से राज्य में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वे उन लोगों के साथ भाजपा के खिलाफ लड़ना जारी रखेंगे जो भाजपा के खिलाफ भी लड़ते हैं और कहा कि सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी को समर्थन देने का उनका निर्णय भाजपा विरोधी राजनीतिक को समर्थन देने के उनके उद्देश्य का एक हिस्सा था। दलों। देश में तीसरे मोर्चे की खबरों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि देश में कोई तीसरा मोर्चा नहीं होगा. उन्होंने कहा कि वे पूरे देश में भाजपा के खिलाफ एक मोर्चे के रूप में लड़ेंगे।

## अपने शेयर होल्डर्स को 15% लाभांश देगा महेश बैंक : रमेश बंग

### बैंक की 46वीं वार्षिक साधाराण सभा में चेयरमैन ने की बैंक की छवि को धूमिल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महेश बैंक के बंजारा हिल्स स्थित प्रधान कार्यालय के सभागार में बैंक की 46वीं वार्षिक साधाराण सभा में बैंक के चेयरमैन रमेशकुमार बंग ने उपस्थित सभी शेयर होल्डर्स का स्वागत करते हुये वित्तीय वर्ष 2021-2022 की बैंक की विशिष्ट उपलब्धियों एवम वित्तीय स्थिति की जानकारी देते हुये कहा कि निदेशक मण्डल ने बैंक के दीर्घ कालीन हित एवं विकास लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये प्रोरेटा बेसिस पर 15% के लाभांश वितरण की सिफारिश की है। साधारण सभा ने सर्व सम्मति से इसे स्वीकृति प्रदान की।



रमेश कुमार बंग ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-2022 में वैश्विक परिवेश में आर्थिक और वित्तीय वातावरण कुछ उत्साहजनक नहीं रहा, क्योंकि पूरा विश्व कोविड-19 की चुनौतियों से जूझ रहा था। मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत रेपो दरों को 50 बेसिस पाइन्ट से बढा कर 5.40% कर दिया, फलस्वरूप कई बैंकों की जमा एवं ऋण खातों पर ब्याज दरों में व्रद्धि हुयी। परन्तु रेपो रेट में बढोतरी के बावजूद महेश बैंक ने डिपाजिट और एडवान्सेस की वर्तमान ब्याज दरों में बिना कोई वृद्धि किये यथावत बनाये रखा है। बैंक द्वारा लोन-एडवान्सेस को बढाने के लिये 1 अगस्त से 31 अक्टूबर तक लोन मोबिलाइजेशन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

रमेश कुमार बंग ने बताया कि वर्ष 2022-2023 के लिये सीडी अनुपात को 50% तक पहुंचाना और सकल अकार्यशील पूंजी को 50 करोड तक कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैंक के निदेशक मण्डल के सदस्यों के सक्षम मार्गदर्शन में निष्ठावान कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से यह लक्ष्य समय से पहले ही प्राप्त करने सघन कोशीश की जायेगी। कई शेयर होल्डर्स ने विगत वार्षिक साधारण सभा में बैंक की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास करने वाले सदस्यों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के प्रस्ताव पर विलम्ब पर असंतोष व्यक्त करते हुये पुन: अनुरोध किया कि जो सदस्य निरन्तर बैंक की प्रतिष्ठा को धूमिल रहे हैं उन पर कठोर कार्यवाही की जाये। सर्वसम्मति से वार्षिक सभा की विषय सूची में उल्लेखित विषयों जैसे बैलेन्स शीट, आय व्यय विवरण, एप्रोप्रिएशमन ऑफ प्राफिट तथा आगामी वर्ष के लिये अनुमानित संशोधित बजट आदि को मंजूरी दी गयी तथा आगामी वर्ष के लिये मेसर्स नटराज अय्यर को स्टेट्युटरी ऑडीटर के रूप में नियुक्त किया गया। बैंक के इन्चार्ज प्रबन्ध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी रघुराम शेट्टी ने शेयर होल्डर्स की शंकाओं का समाधान किया। वार्षिक साधारण सभा में बैंक के वाइस चेयरमैन लक्ष्मीनारायण राठी, निदेशक अनिता सोनी, अरूणकुमार भांगडिया, बद्रीविशाल मूंदडा, भगवान पंसारी, भगवती बलदवा, बृजगोपाल असावा, गोविन्दनारायण राठी, कैलाशनारायण बी, सीए मुरली मनोहर पलोड, प्रेमकुमार बजाज, पुष्पा बूब, रामप्रकाश भण्डारी, व्यावसायिक निदेशक रमाकांत इन्नाणी, सीएस सुमन हेडा के अलावा पूर्व निदेशकगण भी उपस्थित रहे। बैंक के सीनियर वाइस चेयरमैन पुरषोत्तमदास मानधना के आभार प्रदर्शन के बाद राष्ट्रगान के साथ वार्षिक सभा की बैठक का समापन हुआ।

## मैत्री का महान पर्व है क्षमा याचना पर्व : साध्वी त्रिशलाकुमारी जी



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महातपस्वी आचार्य श्री महाश्रमण जी की शिष्या साध्वी श्री त्रिशलाकुमारी जी के सान्निध्य में राजा राजेश्वरी गार्डन में क्षमा याचना महापर्व का कार्यक्रम तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल के मंगल संगान से हुआ। संस्थाओं की तरफ से तेयुप के अध्यक्ष वीरेंद्र घोसल, टीपीएफ राष्ट्रीय सहमंत्री ऋषभ दुगड़, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष प्रकाश भंडारी, महिला मंडल की अध्यक्ष अनीता गिड़िया, महासभा परिवार से श्री ललित बैद, ज्ञानशाला परिवार से संगीता गोलछा, कर्मठ कार्यकर्ता प्रकाश दफ्तरी ने क्षमा का महत्व बताते हुए सभी श्रावक समाज अपनी अपनी संस्थाओं की तरफ से क्षमा याचना की। तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद के अध्यक्ष बाबूलाल बैद ने पूरे श्रावक समाज की ओर से सभी साध्वियों से बारंबार क्षमायाचना की। सभा अध्यक्ष ने सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों से भी क्षमायाचना की।

पर्युषण महापर्व के दौरान जिन्होंने कार्य में सहयोग दिया उन सभी महानुभाव के प्रति भी आभार व्यक्त किया। जैन तेरापंथ वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष महेंद्र भंडारी ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सुराणा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी श्रावक समाज से क्षमायाचना की। साध्वी श्री रश्मि प्रभा जी ने इस अवसर पर गीतिका के माध्यम से सबको भीतर तक झंझोर दिया।

इस क्षमापना के अवसर पर साध्वी कल्पयशा जी ने कहा जिन शासन शासन मिलना सौभाग्य की बात है और ऐसा विनीत समाज मिलना उससे भी और ज्यादा सौभाग्य की बात है। साध्वी श्री त्रिशलाकुमारी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मकान और मन की समय-समय पर सफाई करते रहना चाहिए, क्योंकि यदि हम मकान की समय पर सफाई नहीं करेंगे तो मकान में कूड़े करकट के साथ-साथ अनावश्यक सामान जमा हो जाएगा और एक दिन ऐसा आएगा कि हमारा मकान मकान नहीं रहेगा, वह कबाड़ खाना बन जाएगा। ऐसे ही यदि हम मन की भी समय पर सफाई नहीं करेंगे तो मन में अनावश्यक गलतफहमियां भर जाएगी। और फिर रिश्तो में इतनी दूरियां बढ़ जाएगी उन्हें पाटना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए जरूरी है कि हम समय-समय पर मन की सफाई करते रहें। जैन धर्म में क्षमा याचना का पर्व मन की सफाई का पर्व है। कार्यक्रम का संचालन बिमल पुगलिया ने किया। इस अवसर पर श्रावक श्राविकाओं ने छापर में विराजित आचार्य श्री महाश्रमणजी एवं सभी साधु साध्वीयो से भाव पूर्वक क्षमायाचना की। यहा विराजित साधु साध्वियों से भी श्रावक समाज ने सामूहिक क्षमायाचना की।



दक्षिण मध्य रेलवे

हमें ट्विट्टर @SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे की निविदा सूचनाओं के विवरण को हमारे **वेबसाइटः** www.scr.indianrailways.gov.in पर भी देख सकते हैं।

नं. वाय/सी. ई-नीलामी/एचवायबी/2022 दि.1/9/2022

PUB/0773

विषयः हैदराबाद डिवीजन में वाणिज्यिक संविदाओं(कमर्शियल कांट्राक्ट्स) की ई-नीलामी के लिए सूचना। तत्संबंधित सूचना को प्रकाशित करने का अनुरोध। हैदराबाद डिवीजन ने कमर्शियल एर्निंग कांट्राक्ट्स एवं एनएफआर कांट्राक्ट्स के लिए ई-नीलामी को लागू किया है। तदनुसार, एचवायबी डिवीजन ने निम्न श्रेणियों के लिए ई-नीलामी की प्रोसेसिंग की है।

| क्रम सं. | श्रेणी | कैटलाग सं नंबर | विवरण | नीलामी. तिथि | नीलामी शुरू समय | नीलामी बंद समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पार्किंग | एचवायबी पीआरकेजी 007 | 05 स्टेशनों जैसे, मिर्जापल्ली(एमजेडएल), आर्ट्स कालेज(एटीसी), जेडचर्ला(जेसएल), उप्पुगुडा एक्स्टेंशन (एचपीजी) व डीचपल्ली (डीएचपी) पर पार्किंग लाट्स प्रदान। | 05.09.22 | 11:00 | 12:10 |
| 2 | पार्किंग | एचवायबी पीआरकेजी 008 | 5 स्टेशनों जैसे, -बासर(बीएसएक्स), सीताफलमंडी मेन साइड (एसटीपीडी), उमदानगर(युआर), मलकाजगिरी वेस्ट (एमजेएफ), फलकनुमा मेन साइड(एफएम) पर पार्किंग लाट्स प्रदान। 2 स्थानों जैसे मेट्टुगुडा व सिकंदराबाद ईस्ट के अन्य. रेलवे स्टेशन पर एनएफआर पार्किंग लाट्स प्रदान । | 12.09.22 | 10:00 | 11:30 |
| 3 | पार्किंग | एचवायबी पीआरकेजी 009 | 15 स्टेशनों जैसे मेडचल अन्य बाजू या अदर साइड (एमडी), गौडावल्ली (जीडब्ल्यूवी), गुंडला पोचमपल्ली(जीडीपीएल) बोलारम अदर साइड (बीएओ) अम्मुगुडा(एएमक्यू), रामकिस्टापुरम (आरकेओ), दयानंदनगर(डीवायई), लालागुडा हाल्ट(एलजीडीएच), सीताफलमंडी अदर साइड(एसटीपीडी), जामिया उस्मानिया(जेओओ), डबीरपुरा बुकिंग आफिस(डीक्यूआर),फलकनुमा रिजर्वेशन साइड(एफएम), एनएस शिवरामपल्ली(एनएसवीपी), बुदवेल(बीडीवीएल) व नवीपेट(एनवीटी) पर पार्किंग लाट्स प्रदान। | 17.09.22 | 10:00 | 12:50 |
| 4 | एडवरटाइजिंग | एचवायबी 00एच 004 | 1. क्लस्टर-एसटीएन-8 (अलवाल,बोलारम, बोलारम बाजार, गुंडला पोचमपल्ली व मेडचल) 2.. सीसीटीवी-4-(मलकाजगिरी, बोलारम व मेडचल) पर एडवरटाइजिंग राइट्स प्रदान। | 17.09.22 | 11:00 | 11:40 |

एचवायबी डिवीजन द्वारा एसएलआरज, पार्किंग, एडवर्टाइजिंग राइट्स को लीज पर देने की योजना है एवं ई-नीलामी के माध्यम से ही संविदाओं का उपयोग करना है तथा अबसे तत्संबंधित सभी संविदाओं को ई-नीलामी द्वारा ही, पारंपरिक टेंडरींग सिस्टम से आवंटित किये जाएंगे।.कृपया ईच्छुक पार्टीज तथा ठेकेदारगण उपरोक्त महत्वपूर्ण बात पर ध्यान दे एवं यूजर मैन्युएल द्वारा उपलब्ध लर्निंग सेंटर (यूजर मैन्युअल) को डाउनलोड करें एवं ई-नीलामी प्रक्रिया व सहभागिता के लिए तत्संबंधित का लिंक जोकि आयआरईपीएस साइट के होम पेज के बायें नेवीगेशन बार पर उपलब्ध है। इससे संबंधित अधिक जानकारी व स्पष्टीकरण हेतु बोलीदातागण या बिड्डर्स द्वारा वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद डिवीजन, हैदराबाद भवन के कार्यालय पर संपर्क किया जा सकता है।

एलोकेशन नं. 09-29%-21 पर तत्संबंधित फंड्स उपलब्ध किए जायेंगे। उपरोक्त निविदा सूचना के प्रकाशन के बाद संबद्ध प्रेस क्लिप्पिंग की प्रतिलिपि को रिकार्ड हेतु उक्त कार्यालय में प्रेषिंत करें। उपरोक्त पोर्टल से जुडे बोलीदाताओं को चाहिए कि, डीजीटल हस्ताक्षर करे। **संलग्नः** नीलामी कैटलाग्स

A1047 **वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद**


## वीर तेजाजी महाराज का जागरण 5 को

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भोनगिरी स्थित डोलफिन होटल के पीछे वीर तेजाजी महाराज के मंदिर प्रांगण में भादव मास के पावन अवसर पर वीर तेजाजी महाराज का भव्य जागरण भादवा सुदी दशम सोमवार 5 सितम्बर रात्रि 9.15 बजे से जाट समाज वीर तेजाजी नवयुवक मंडल समाज बन्धुओं व भक्तों के सानिध्य मे आयोजित किया जाएगा। नवयुवक मंडल कोषाध्यक्ष धर्माराम कड़वा व सहकोषाध्यक्ष रामनिवास पिचकिया ने संयुक्तरुप से बताया कि भादवा सुदी दशम सोमवार 5 सितम्बर प्रात: वेला में मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग से सजाकर वीर तेजाजी महाराज का विशेष श्रृंगारकर, पूजा-अर्चना, महाआरती व ज्योत प्रज्वलितकर पधारे भक्तों एवं समाज बन्धुओं के लिए सायं 7 बजे से भोजन प्रसादी, रात्रि 9.15 बजे से जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे भजन गायकार सम्पत दाधिच वीर तेजाजी महाराज के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। कार्यक्रम मे पधारे सम्मानित अतिथियों व समाज के गणमान्यों का सम्मान किया जाएगा। जाट समाज बन्धु व भक्तगण मंगलवार 6 सितम्बर प्रात: वेला मे पुजा-अर्चनाकर दर्शन वंदन के पश्चात् श्री वीर तेजाजी महाराज के चरणों मे श्रीफल व श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मनोकामना करेंगे। पधारे समाज बन्धुओं के लिए प्रात:11.30 बजे से महाप्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। कार्यक्रम मे जाट समाज वीर तेजाजी नवयुवक मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पधारे भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहेगे।

## अंतर्सदनीय वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दि हैदराबाद पब्लिक स्कूल हिंदी विभाग ने शुक्रवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। वाद-विवाद का विषय समान नागरिक संहिता देश की ज़रूरत, हमारे देश में शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल मुफ़्त होनी चाहिए रहा। प्रतियोगिता में स्कूल के सभी छात्रों ने बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने पक्ष और विपक्ष के मत को पुरजोर तरीके से प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में डीआरडीओ की वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी श्रीमती अनुराधा पांडे और सीएसआईआर-एनजीआरआई, हैदराबाद के हिंदी अधिकारी सुब्बा राव तथा श्रीमती वेदश्री निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर श्रीमती अनुराधा पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भारतीय भाषाओं को बढावा देने की बात कही और हिंदी भाषा की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। उपप्राचार्य श्रीमती किरण पंजवानी ने कहा कि छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए ऐसे आयोजन किए जाने चाहिए।

## तेलंगाना विधानसभा सत्र 6 से

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य विधान सभा और परिषद का मानसून सत्र 6 सितंबर को सुबह 11.30 बजे शुरू होगा। यह बजट सत्र की निरंतरता में होगा, जो 7 मार्च को शुरू हुआ था और 15 मार्च को समाप्त हुआ था। अध्यक्ष ने बजट सत्र के बाद सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया था और सदन का सत्रावसान नहीं किया था।

राज्य विधानमंडल सचिव वी. नरसिम्हा चार्युलु ने शुक्रवार को कहा कि दूसरे तेलंगाना विधानसभा और परिषद के आठवें सत्र की तीसरी बैठक 6 सितंबर को सुबह 11.30 बजे शुरू होगी।

## एक शाम श्री बाबा रामदेवजी के नाम जागरण 5 को

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नारसिंगी संत श्री सुधांसुजी महाराज अमृतधाम आश्रम स्थित श्री मेघवाल समाज तेलंगाना समाज बन्धुओं एवं श्री गादिपति पीर चेतनदासजी महाराज के सान्निध्य में एक शाम श्री बाबा रामदेवजी के नाम दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत सोमवार 5 सितम्बर जागरण व मंगलवार 6 सितम्बर कलश-यात्रा, हवन व महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में समाज के श्रवणकुमार मेघवाल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुखरुप से श्री गादिपति पीर चेतनदासजी महाराज धूणी ढालोप व सम्मानित अतिथि उपस्थित रहेंगे। भादवा सुदी दशम सोमवार 5 सितम्बर रात्रि 9.15 बजे से जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें संत श्री राघवनाथजी महाराज लवेरा खुर्द बाबा के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए सायं 7.15 बजे से रात्रि 11.30 बजे तक भोजन-प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। भादवा सुदी ग्यारस मंगलवार 6 सितम्बर प्रात: वेला मे पुजा-अर्चनाकर, कलश-यात्रा प्रात: 7.15 बजे से 9.15 बजे तक, हवन-यज्ञ प्रात: 10.15 बजे से मध्यान् 1.15 बजे तक, समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए महाप्रसादी प्रात: 11.15 बजे से मध्याह्न 2.15 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। कलश-यात्रा व हवन कार्यक्रम में समाज बन्धुओं व महिलाओं से निवेदन है राजस्थानी वेष-भूषा में पधारें।

# पीएम मोदी पर नीतीश का पलटवार

## वो क्या बोलते हैं ध्यान नहीं देता, भ्रष्टाचारियों को कोई नहीं बचा रहा



पटना, 2 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई से राष्ट्रीय राजनीति में नए ध्रुवीकरण' के आरोप के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पलटवार किया है। शुक्रवार को उन्होंने कहा, वो क्या बोलते हैं मैं इस पर ध्यान नहीं देता हूं। बस एक बात जान लीजिए कि भ्रष्टाचारियों को कोई नहीं बचा रहा।

नीतीश कुमार ने कहा, जब श्रद्धेय अटल जी देश के प्रधानमंत्री थे, तो उनके साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने सभी लोगों का ख्याल रखा। यहां बिहार के लोगों ने मुझे काम करने का मौका दिया। आपने देखा होगा कितना काम हुआ है। कोई केंद्र में क्या बोलता है, इस पर हम ध्यान नहीं देते। भ्रष्टाचारियों को बचाने वाले आरोप पर नीतीश कुमार ने पलटवार करते हुए कहा, कहां भ्रष्टाचारियों बचा रहे हैं। क्या कोई भ्रष्टाचारी को बचाएगा? खुद ही सोचना चाहिए। यहां तक कि कभी भ्रष्टाचारियों को इतने दिनों में बर्दाश्त नहीं किया गया। वो क्या बोलते हैं, वो अपना बोलें- हमसे कोई मतलब नहीं।

**प्रधानमंत्री मोदी ने क्या कहा था?**

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा था कि देश में भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय राजनीति में नया ध्रुवीकरण हुआ है। कुछ राजनीतिक समूह भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को बचाने के लिए खुलकर एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा था देश के लोगों को ऐसे लोगों से सतर्क होना चाहिए।

# गैर-कानूनी काम को संरक्षण नहीं

## अनैतिक मदरसों की जांच पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बोले- इस काम के हमें मिला है जनादेश



वाराणसी, 2 सितंबर (एजेंसियां)। वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आए भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम और बाबा काल भैरव मंदिर के में दर्शन पूजन किए। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भी शामिल थे। काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य द्वार पर मीडिया से बातचीत की। गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच पर बोले, गैर कानूनी काम को क्या संरक्षण देना चाहिए। जिन्होंने अनैतिक संपत्ति अर्जित की है, अराजकता, गुंडागर्दी, बेइमानी और भ्रष्टाचार से साम्राज्य खड़े कर लिए तो क्या उनको संरक्षण देना चाहिए। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि बीजेपी के घोषणा पत्र में यही विषय शामिल हैं। भूपेंद्र सिंह बोले कि जनता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें यही जनादेश दिया है। जिन्होंने अनैतिक काम किए हैं उन सबके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोई तनाव लेने की जरूरत नहीं है।

**जाति या किसी क्षेत्र की पार्टी नहीं है भाजपा**

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा किसी क्षेत्र, वर्ग, जाति विशेष की पार्टी नहीं है। कश्मीर से कन्याकुमारी, अहमदाबाद से नागालैंड तक भाजपा की सरकार है तो कहीं सरकार में शामिल है या मुख्य विपक्षी पार्टी के तौर पर है। पश्चिम के परिणाम देखो। उन्होंने यह भी कहा,"अब नए सिरे से पूर्वांचल और वाराणसी के संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। संगठन ने मेरे ऊपर भरोसा जताया है। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की जिम्मेदारी देना।"

**जन-जन तक सरकार के काम को पहुंचाएंगे**

भूपेंद्र चौधरी ने कहा,"केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को बीजेपी के कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएंगे। मैं अपने संगठन और पदाधिकारियों को यह विश्वास दिलाता हूं कि इस पद की जिम्मेदारी को अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरा करूंगा। पूर्वांचल से पश्चिमांचल तक बीजेपी को बुलंदियों तक ले जाऊंगा। पार्टी द्वारा काम देने के बाद पहली बार भोले की नगरी में आया हूं। अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत से प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष की अपेक्षाओं को पूरा करूंगा।"

**पार्टी कार्यालय और रुद्राक्ष कन्वेंशन में कार्यक्रम**

बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद सीधे वाराणसी पहुंचे हैं। यहां पर आज वह सुबह 9 बजे श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव बाबा का दर्शन करेंगे। इसके बाद वह दोपहर में भारतीय जनता पार्टी के रोहनिया स्थित जिला कार्यालय पहुंचेंगे। यहां पर महिला मंडल की पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगी। इसके बाद भूपेंद्र सिंह वाराणसी समेत काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठकों का सिलसिला खत्म कर बीजेपी अध्यक्ष पुस्तक विमोचन के लिए सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर जाएंगे।

**एयरपोर्ट से शहर तक पुष्प वर्षा**

वाराणसी पहुंचे भूपेंद्र सिंह का बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ढोल बाजे नगाड़े के साथ पहुंचे स्वागत किया गया । बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ताओं उत्साह दिखा। जब प्रदेश अध्यक्ष का काफिला एयरपोर्ट से सर्किट हाऊस के लिए निकला तो काजीसराय, हरहुआ, तरना, शिवपुर में वाराणसी जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन पर पुष्प वर्षा की। वहीं महानगर सीमा में प्रवेश पर महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के नेतृत्व में गिलट बाजार पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माले और गुलाब की पंखुड़ियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का आवाभगत किया।

# नीतीश कुमार की पीएम उम्मीदवारी पर बोले जीतन राम मांझी



## सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनाने में हुई थी चूक, पटेल समाज के नीतीश को बनाएं पीएम

पटना, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विपक्ष का प्रधानमंत्री चेहरा बनाये जाने को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता जीतन राम मांझी ने ट्विटर पर लिखा कि आजादी के समय सरदार वल्लभ भाई पटेल को प्रधानमंत्री बनाने से चूक गए थे। अब समय आ गया है कि पटेल समाज के बेटे नीतीश कुमार को हम सब मिलकर 2024 में मुख्यमंत्री बनाएं।

नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री चेहरा बनाने को लेकर भले ही अब तक विपक्ष में कोई सहमति नहीं बनी हो लेकिन जीतन राम मांझी के बयान से साफ है कि हम लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार को समर्थन देगी। महागठबंधन की सरकार में भी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा हिस्सा है। जीतन मांझी कि बेटे संतोष सुमन को नीतीश कुमार ने नई कैबिनेट में मंत्री भी बनाया था।

राजद और जदयू दोनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बार-बार प्रधानमंत्री पद के प्रबल दावेदार के रूप में पेश करती रही है। बीते दिनों बिहार आये तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर ने साफ तौर पर तो नीतीश कुमार को विपक्ष के पीएम चेहरा नहीं कहा फिर भी उन्होंने आम सहमति की बात कही थी। केसीआर ने कहा कि देश भर के सभी विपक्षी दलों को एकसाथ लाकर इस बात के निर्णय किया जाएगा। नीतीश कुमार विपक्षी दलों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

# पुलिस चौकी की वसूली लिस्ट वायरल

## अमिताभ ठाकुर की शिकायत पर पुलिस कमिश्नर ने दिए जांच के आदेश

वाराणसी, 2 सितंबर (एजेंसियां)। एक बार फिर यूपी पुलिस की कथित वसूली लिस्ट वायरल हुई है। इस बार वाराणसी के चौक थाने से जुड़ी पियरी चौकी की लिस्ट वायरल है। चौक वही थाना है जिसके अंतर्गत काशी विश्वनाथ मंदिर ज्ञानवापी मस्जिद का इलाका आता है। वाराणसी का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र साड़ी की गद्दियां भी ज्यादातर इसी थाने के इलाके में हैं। अमिताभ ठाकुर ने लिस्ट को ट्वीट करते हुए शिकायत की तो वाराणसी पुलिस कमिश्नर ने संज्ञान लिया है।

# बैंक में लगी आग

## मैनेजर का केबिन पूरा जला, ब्रीथिंग ऑपरेटर सेट पहनकर घुस पाए फायर फाइटर्स



गाजियाबाद, 2 सितंबर (एजेंसियां)। गाजियाबाद में कौशांबी स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक में शुक्रवार सुबह आग लग गई। हालांकि तब तक बैंक नहीं खुला था। फायर फाइटर्स ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। मैनेजर के केबिन में आग लगने से तमाम उपकरण और डॉक्यूमेंट्स जल गए।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम को आज सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी के पास इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा है। वैशाली स्टेशन से जब फायर टेंडर पहुंचा तो बैंक बंद था। कर्मचारी बाहर खड़े हुए थे। शटर और खिड़कियों से धुआं निकल रहा था।

फायर फाइटर्स ने बीए सेट (ब्रीथिंग ऑपरेटर सेट) पहनकर ताला खुलवाया और अंदर दाखिल हो गए। पूरे बैंक में धुआं भरा पड़ा था। आग सिर्फ बैंक मैनेजर के केबिन में लगी थी। तुरंत आग बुझाई गई और उसे बैंक के दूसरे हिस्सों में पहुंचने से रोक दिया गया। सीएफओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आग में मैनेजर के केबिन में रखे डॉक्यूमेंट्स, कम्प्यूटर, टेबिल, कुर्सियां आदि सामान जल गया।

लेकिन उस वक्त बैंक बंद होने से कोई जनहानि नहीं हुई। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से ये अग्निकांड हुआ है।

# सीएम योगी के निर्देश पर यूपी में बड़े पैमाने पर नशे के कारोबारियों पर नकेल

लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसियां)। यूपी में नशे के कारोबारियों के खिलाफ सीएम योगी की मुहिम का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। अलग अलग जिलों में बड़ी पैमाने पर छापेमारी और गिरफ्तारियां हो रही हैं। पिछले हफ्ते शुरू अभियान में बड़ी सफलता भी हाथ लगी है। 5 दिनों 24 से 29 अगस्त तक ही नशे के कारोबार से जुड़े 4060 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान दो करोड़ से 27 लाख से ज्यादा की शराब बरामद की गई है। अवैध शराब का कारोबार करने वाले 54 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की गई है।

एडीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार की मानें तो यूपी में नेपाल, बिहार, झारखंड, दिल्ली, मध्य प्रदेश और राजस्थान बार्डर से ड्रग्स और शराब लाई जाती है। 24 अगस्त से 29 अगस्त के बीच 675 पैडलर्स को अरेस्ट करके 8.96 करोड़ के मादक पदार्थ बरामद कर लिए। 606 मुकदमे दर्ज किए गए। इनमें 19 पर गैंगस्टर एक्ट में 5 मामले दर्ज किए हैं। गैंगस्टर एक्ट के तहत 14.79 करोड़ कीमत की संपत्ति जब्त की गई। नशे के सौदागारों को लेकर सीएम योगी ने सख्त रुख अपनाया है। अफसरों संग हुई बैठक में सीएम योगी ने इनके खिलाफ सीधे कार्रवाई का आदेश दिया है। यूपी के ड्रग माफिया के खिलाफ बड़े अभियान का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डीएम व एसपी ड्रग माफिया के यहां छापेमारी का काम शुरू कर दें। इस मामले में लापरवाही बरतने पर जवाबदेही तय होगी। हर थाना क्षेत्र में अवैध कारोबारी चिन्हित किए जाएं। यूपी में बनी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के बाराबंकी और गाजीपुर में नारकोटिक्स पुलिस थाने भी खोले जाएंगे। एएनटीएफ में केंद्र की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स और डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर लिया जाएगा। अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध इसकी अगुवाई करेंगे। अभी प्रतिनियुक्ति पर आए अब्दुल हमीद को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का डीआईजी बनाया गया है।

# एनआईए की ताबड़तोड़ छापेमारी

## नक्सली विजय आर्य के करीबियों के ठिकानों पर तलाशी जारी

पटना, 2 सितंबर (एजेंसियां)। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने बिहार में नक्सली नेता विजय आर्य के करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। एनआईए टीम शुक्रवार सुबह पटना, गया, रोहतास और औरंगाबाद जिले के विभिन्न जगहों पर छापेमारी करने पहुंची। औरंगाबाद जिले में नक्सली नेता विजय आर्य की बेटी शोभा देवी के घर छापा मारा गया। इसके अलावा नक्सली अनिल यादव के घर भी एनआईए की टीम ने छापेमारी की है। रोहतास में विजय आर्य के करीबी राजेश गुप्ता के घर पर पूछताछ की गई। जानकारी के मुताबिक औरंगाबाद जिले के गोह प्रखंड के उपहारा थाना क्षेत्र के परासी गांव में जिला परिषद सदस्य शोभा देवी के घर पर शुक्रवार सुबह एनआईए की टीम पहुंची। फिलहाल टीम यहां छापेमारी में जुटी हुई है। शोभा के पति श्याम सुंदर यादव ने पहले नक्सलियों से नजदीकियों के आरोपों को खारिज कर दिया था। साथ ही पुलिस को भी ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला था। हालांकि, एक बार फिर से एनआईए की टीम के द्वारा उनके घर पर छापेमारी किए जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

औरंगाबाद के एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने छापेमारी की पुष्टि की। नक्सली अनिल यादव के रफीगंज थाना क्षेत्र के चंदौल गांव में स्थित घर पर भी छापेमारी चल रही है। पूर्व में भी यहां टीम ने छापेमारी की थी। फिलहाल किसी तरह की बरामदगी की सूचना सामने नहीं आई है। एसपी ने कहा कि इस बारे में एनआईए के अधिकारी ही जानकारी दे पाएंगे। टीम दो जगहों पर छापेमारी कर रही है। रोहतास थाना क्षेत्र के समाहुता गांव में शुक्रवार सुबह एनआईए की टीम ने राजेश गुप्ता के घर को खंगाला। एनआईए टीम के सदस्यों ने घर के लोगों से पूछताछ की और कुछ कागजात जब्त कर अपने साथ ले गए। कुख्यात नक्सली विजय आर्य की गिरफ्तारी रोहतास थाना क्षेत्र से हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार विजय आर्य रोहतास के समहुता गांव में आकर रुकता था। एनआईए की टीम ने शुक्रवार सुबह समाहुता जाने वाले सभी रास्ते को सील करके रखा। किसी भी व्यक्ति को उस रास्ते में आने जाने से मनाही थी।

# दस्यु ददुआ के भाई व पूर्व सांसद बालकुमार की संपत्ति कुर्क करने का आदेश



बांदा, 2 सितंबर (एजेंसियां)। धोखाधड़ी के मामले में गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी दस्यु ददुआ के भाई व पूर्व सांसद बालकुमार पटेल की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इस पर गुरुवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय गरिमा सिंह ने आरोपित बाल कुमार पटेल की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए। विशेष अभियोजक अंबिका व्यास ने बताया कि शहर कोतवाली के स्वराज कॉलोनी निवासी रमाकांत त्रिपाठी ने पूर्व सांसद बालकुमार पटेल और बर्खास्त लेखपाल भानु चतुर्वेदी के खिलाफ 65 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि मौरंग खदान ठेका में पार्टनर बनाने का लालच देकर ये रुपये लिए गए थे।

पार्टनर नही बनाने पर रुपये वापस मांगे गए तो उन्हें धमकाया गया। विवेचक की ओर से मामले का आरोप पत्र न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। विचाराधीन मामले में पूर्व सांसद बालकुमार पटेल निवासी मिर्जापुर और बर्खास्त लेखपाल भानु चतुर्वेदी के विरुद्ध पहले हाजिर होने का नोटिस जारी किया गया था।

इसके बाद जमानती वारंट जारी हुआ। बावजूद इसके अदालत में हाजिर नहीं हुए तो गैर जमानती वारंट जारी हुआ। 22 अगस्त को अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए डीजीपी को आदेश जारी किया कि पूर्व सांसद को गिरफ्तार कर 29 अगस्त तक न्यायालय में पेश किया जाए। लेकिन पुलिस पूर्व सांसद को गिरफ्तार नहीं कर सकी। गुरुवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले में सुनवाई करते हुए पूर्व सांसद की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी कर दिया। मामले में अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी।

# बैंक से 50 हजार छीनकर भागा लुटेरा 500 ही खर्च कर पाया

## पुलिस पहुंची, छत से कूदा और मर गया

अमेठी, 2 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के गौरीगंज इलाके में मौजूद बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा से एक बुजुर्ग महिला से 50 हजार रुपये लूटने वाला चोर उस लूटी हुई रकम से सिर्फ पांच सौ रुपये खर्च सका। चोर ने पुलिस को देखा और भागने की कोशिश में छत से छलांग लगा दी। छत से नीचे गिरते ही उसे गंभीर चोट लगी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हुआ दरअसल ये कि एक वृद्ध महिला बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा से पचास हजार रुपये निकालने गई। जब महिला का नंबर आया तो कैशियर ने आवाज लगाई। इस बीच एक लाल गमछा पहना 42 साल का शख्स कैशियर के पास पहुंचा और पैसे मांगने लगा।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में पांच महीने साथ रहेंगे कन्हैया कुमार

## 117 यात्रियों में बिहार से टुन्ना भी



पटना, 2 सितंबर (एजेंसियां)। देश भर में 7 सितंबर से शुरू हो रही कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में बिहार से कन्हैया कुमार समेत 5 नेताओं को शामिल किया गया है। भारत जोड़ो यात्रा में अब तक राहुल गांधी के साथ चलने वाले 117 पदयात्रियों की लिस्ट जारी हुई है। इसमें बिहार से कन्हैया कुमार के अलावा पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना, कृष्णा हरि, ओमीर खान और अशोक गुप्ता को शामिल किया गया है। सभी पांच महीने तक राहुल के साथ रहेंगे।

सीतामढ़ी जिले के रीगा से विधायक रहे अमित कुमार टुन्ना ने उनका नाम भारत जोड़ो यात्रा के यात्रियों की लिस्ट में जोड़े जाने पर कांग्रेस आलाकमान का धन्यवाद किया। प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने बिहार से भारत जोड़ो यात्रा में जाने वाले पांचों नेताओं को बधाई दी है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो पैदल यात्रा की शुरुआत 7 सितंबर को कन्याकुमारी से होगी। सभी पदयात्री 3500 किलोमीटर का सफर करके 150 दिन यानी करीब पांच महीने में कश्मीर तक पहुंचेंगे। इस दौरान तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब समेत अन्य 12 राज्यों में होते हुए कश्मीर पहुंचेगी। हालांकि यह यात्रा बिहार नहीं आएगी। फिलहाल इस यात्रा में राहुल गांधी के साथ चलने वाले 117 लोगों के नाम सामने आए हैं। यह अस्थायी सूची है, इसमें अभी और नाम जोड़े जाएंगे। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में युवाओं को तरजीह दी जा रही है। अधिकतर नेताओं की उम्र 30 से 40 साल के बीच है। 117 नेताओं की लिस्ट में सबसे उम्रदराज नेता विजय कुमार शास्त्री हैं, जिनकी उम्र 56 साल है। वहीं, पदयात्रियों में 34 महिलाएं भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी पूरे 150 दिन इस यात्रा में नहीं चलेंगे। वे 7 सितंबर को कन्याकुमारी में पदयात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। बीच में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए ब्रेक लेंगे और फिर यात्रा से जुड़ जाएंगे।

# एयरपोर्ट और बस अड्डे पर मिली सोने की बड़ी खेप

## बेस्ट में छिपाकर लाया था लाखों का माल

लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और चारबाग बस डिपो पर सोना बरामद हुआ है। एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग के अधिकारियों ने एक यात्री के पास से 86 लाख 70 हजार रुपये का सोना बरामद किया है। आरोपी सोने की बेल्ट को पीछे छिपाकर लाया था। स्कैनर से सोने की पुष्टि होने पर यात्री की तलाशी ली गई तो उसकी बेस्ट से भारी मात्रा में सोना बरामद हुआ। सऊदी एयरलाइंस के फ्लाइट नंबर एसवी-894 के जरिए रियाद से आए यात्रियों की एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग की जा रही थी। इस दौरान एक यात्री ने ग्रीन चैनल छोड़ने की कोशिश की। लेकिन एयरपोर्ट पर लगे स्कैनर ने धातू की उपस्थिति का संकेत बीप बजाकर दे दिया।

इसके बाद कस्टम अधिकारियों ने यात्री को अलग ले जाकर उसकी सघन तलाशी ली जिसके बाद सोना बरामद किया गया। सोना मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अखिलेश ने श्रीकांत त्यागी की पत्नी के पास भेजा डेलीगेशन और पार्टी में हो गई बगावत

## सपा नोएडा महानगर उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा



लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल श्रीकांत त्यागी की पत्नी अनु त्यागी से मुलाकात करने जा रहा है। वहीं इस मुलाकात के से पहले समाजवादी पार्टी में बड़ी फूट देखी गई है। सपा के डेलिगेशन की अनु त्यागी से मुलाकात से पहले ही नोएडा महानगर सपा उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने इस्तीफा दे दिया है। इस मामले में जहां गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी को समाजवादी पार्टी का साथ मिला है वहीं समाजवादी पार्टी में इस बात को लेकर फूट हो गई है। उनके अपने नेता इस फैसले से नाराज होकर पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं।

शैलेंद्र कुमार ने अपने इस्तीफे में लिखा है, "मैं शैलेंद्र कुमार उपाध्यक्ष नोएडा महानगर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल के श्रीकांत त्यागी जिसने नोएडा की एक सोसाइटी में महिला के साथ बदतमीजी और धक्का-मुक्की के साथ वैश्य जाति पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने के आरोपी के परिवार से मिलने के पार्टी के निर्णय से असहमत हूं। पार्टी के इस फैसले से मैं जिला उपाध्यक्ष नोएडा महानगर अपने पद एवं समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपने सभी सहयोगियों के साथ इस्तीफा दे रहा हूं। महिलाओं के साथ गाली गलौज धक्का-मुक्की और बदतमीजी मुझे या मेरे किसी भी सहयोगी को बर्दाश्त नहीं है।"

सपा नेता ने कहा कि आखिर राष्ट्रीय अध्यक्ष 9 सदस्य प्रतिनिधिमंडल को इनाम घोषित अपराधी श्रीकांत त्यागी के परिवार से मिलने की अनुमति कैसे दे सकते हैं ? जिस अपराधी प्रवृति के व्यक्ति से बीजेपी ने दामन छुड़ा लिया उससे सपा कैसे चिपक सकती है? सोसाइटी के अलावा नोएडा उत्तर प्रदेश और पूरे देश में हर कोई महिला की साथ दुर्व्यवहार पर दुखी हैं। ज्ञात रहे कि जिस दिन विशेष वर्ग की रैली श्रीकांत के पक्ष में हुई थी उसी दिन सोसायटी में महिलाओं ने जोरदार विरोध किया था। सपा नेता ने कहा, "महिला की प्रतिष्ठा से छेड़छाड़ का यह संवेदनशील मामला है जिसमें आधी आबादी श्रीकांत त्यागी के इस घृणित कृत्य से दुखी है और न्याय चाहती है। इसका वीडियो भारत के हर महिलाओं एवं बच्चियों के पास पहुंच चुका है।

# बाहुबली विजय मिश्रा की तीन करोड़ से ज्यादा की संपत्ति की गई जब्त



भदोही, 2 सितंबर (एजेंसियां)। भदोही की ज्ञानपुर सीट से विधायक रहे विजय मिश्रा पर योगी सरकार की कार्रवाई जारी है। पिछले एक हफ्ते में दूसरी बार विजय मिश्रा के परिवार की संपत्ति कुर्क की गई है। शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन की टीम ने गैंगस्टर एक्ट के तहत विजय मिश्रा की तीन करोड़ 34 लाख 37 हजार कीमत की जमीन कुर्क कर ली। अधिकारियों के अनुसार यह जमीन डरा धमकाकर बहुत कम कीमत पर खरीदी गई थी। भदोही के एसपी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि गैंगलीडर विजय मिश्रा ने खुद और गैंग के सक्रिय सदस्यों बेटे विष्णु मिश्रा और पत्नी रामलली मिश्रा और बहू रूपा मिश्रा के नाम से बेहद कम मूल्य पर मौजा नवधन तहसील ज्ञानपुर में जमीन खरीदी थी। यहां पर विजय मिश्रा गैंग के द्वारा अराजी संख्या 1396 रकबा से 0.013 हे0, 1398 रकबा से 0.170 हे0, 1399 रकबा से 0.071 हे0, 1400 रकबा से 0.284 हे0 1402 रकबा से 0.021 हे0 कुल पांच गाटा संयुक्त रकबा से 0.559 हे (5,590 वर्ग मीटर) जमीन खरीदी गई थी। वर्तमान खतौनी में विजय मिश्रा और रामलली मिश्रा के साथ रूपा मिश्रा और विष्णु मिश्रा का नाम इस पर दर्ज है। इसकी अनुमानित कीमत 3 करोड़ 34 लाख 37 हाजर 700 रुपये है। उक्त अचल संपत्ति को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया।

एसपी ने बताया कि गैंग लीडर विजय मिश्र और गैंग के सक्रिय सदस्य विष्णु मिश्रा ने हत्या, लूट, अपहरण, अवैध शराब का परिवहन, मारपीट, बलात्कार व सम्पत्ति हड़पने आदि जैसे गंभीर अपराध किये हैं। अपराध से अर्जित धन से स्वयं के नाम और अपनी-अपनी पत्नी के नाम से अचल संपत्ति रजिस्ट्री कराई गई है।

# पेंशन घोटाला: एमपी सरकार ने नहीं दी मुकदमा चलाने की मंजूरी

## विजयवर्गीय के खिलाफ कार्यवाही खत्म



इंदौर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के इंदौर की विशेष अदालत ने वर्ष 2005 के कथित पेंशन घोटाले में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और तत्कालीन महापौर कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ दायर शिकायत पर कार्यवाही खत्म कर दी है क्योंकि 17 साल का लंबा अरसा बीतने के बावजूद राज्य सरकार ने उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं दी। प्रदेश कांग्रेस इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने 33 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले को लेकर यह शिकायत दायर की थी। विशेष न्यायाधीश मुकेश नाथ ने राज्य सरकार द्वारा विजयवर्गीय और अन्य तत्कालीन लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी के अभाव का हवाला देते हुए शिकायत की कार्यवाही खत्म करने का आदेश 29 अगस्त (सोमवार) को जारी किया। आदेश में कहा गया कि अभियोजन स्वीकृति की प्रत्याशा में शिकायत पर आगामी कार्यवाही नहीं की जा सकती है और मामले को अनंतकाल तक लंबित भी नहीं रखा जा सकता। विशेष अदालत ने हालांकि अपने आदेश में जोड़ा कि अगर शिकायतकर्ता को प्रदेश सरकार की अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होती है, तो वह इस मामले में अदालती कार्यवाही बहाल कराने के लिए स्वतंत्र है।

**विजयवर्गीय थे इंदौर के मेयर**

गौरतलब है कि विजयवर्गीय 2000 से 2005 के बीच इंदौर के महापौर रहे थे और तब से लेकर अब तक नगर निगम में भाजपा की सत्ता चल रही है। मिश्रा ने शुक्रवार को कहा, 'प्रदेश सरकार द्वारा इंदौर नगर निगम के पेंशन घोटाले में 17 साल तक अभियोजन स्वीकृति नहीं दिया जाना साफ दिखाता है कि वह भ्रष्टाचारियों को बचा रही है।'

उन्होंने आरोप लगाया कि विजयवर्गीय के इंदौर के महापौर रहते नगर निगम ने निराश्रितों, विधवाओं और दिव्यांगों को शहर की सहकारी साख संस्थाओं के जरिये सरकारी पेंशन बांटी, जबकि कायदों में मुताबिक इस पेंशन का भुगतान राष्ट्रीयकृत बैंकों या डाकघरों के जरिये किया जाना था।

## कबाड़ के दुकान में अचानक हुआ विस्फोट, एक मजदूर की मौत

ऊना, 2 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के झलेड़ा में कबाड़ के गोदाम में मंगलवार सुबह जोरदार विस्फोट हुआ है। गोदाम में काम कर रहे एक मजदूर की हादसे में की मौत हो गई है। विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस टीम मामले की जानकारी जुटा रही है। फिलहाल हादसे के कारणों को कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। मृतक की पहचान राजिंदर पुत्र बहादुर सिंह करीब 40 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुबह करीब साढ़े दस बजे रोजाना की तरह कबाड़ के सामान को तोड़कर अलग अलग कर रहा था। इस कबाड़ की दुकान में मोटर साइकिल-कारों के अलावा भारी मात्रा में इलेक्ट्रिक सामान जमा किया गया था। रोजाना की तरह किसी वाहन के पुर्जे को राजिंदर तोड़ रहा था तो अचानक से एक विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गई। एएसपी ऊना प्रवीण धीमान ने बताया फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कालेज भेजा जा रहा है।

## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह में | सिंह... | 04-56 बजे |
| चंद्र- | वृश्चिक में | कन्या | 07-03 बजे |
| मंगल | वृष में | तुला - | 09-08 बजे |
| बुध- | कन्या में | वृश्चिक | 11-18 बजे |
| गुरु- | मीन में | धनु--- | 13-32 बजे |
| शुक्र- | सिंह में | मकर- | 15-38 बजे |
| शनि- | मकर में | कुंभ - | 17-29 बजे |
| राहु- | मेष में | मीन... | 19-06 बजे |
| केतु- | तुला में | मेष-- | 20-42 बजे |
| | | वृष-- | 22-27 बजे |
| | | मिथुन.. | 00-28 बजे |
| | | कर्क... | 02-31 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद,दिशाशूल- पूर्व-अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- सप्तमी - **12-28** तक उपरान्त, अष्टमी
मास - भाद्रपद शुक्ल पक्ष ,शनिवार, **03 Sep**
नक्षत्र -अनुराधा - **22 -57** - तक उपरान्त, ज्येष्ठा
योग - वैधृति - **16- 59** - तक उप- विष्कुंभ
करण- वणिज - **12 -28** - तक,उप- विष्टि
विशेष:- श्री राधा अष्टमी
व्रत -त्योहार - श्री महालक्ष्मी व्रतारंभ:

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:09 से 10:42 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:06 - 07:37 | अशुभ | लाभ | 18:27 - 19:54 | शुभ |
| शुभ | 07:37 - 09:09 | शुभ | उत्पात | 19:54 - 21:21 | अशुभ |
| रोग | 09:09 - 10:42 | अशुभ | शुभ | 21:21 - 22:48 | शुभ |
| उत्पात | 10:42 - 12:15 | अशुभ | अमृत | 22:48 - 00:15 | शुभ |
| चंचल | 12:15 - 13:48 | शुभ | चंचल | 00:15 - 01:43 | शुभ |
| लाभ | 13:48 - 15:21 | शुभ | रोग | 01:43 - 03:10 | अशुभ |
| अमृत | 15:21 - 16:54 | शुभ | काल. | 03:10 04:37 | अशुभ |
| काल | 16:54 - 18:24 | अशुभ | लाभ | 04:37 - 06:06 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) – आपकी प्रवृतियाँ आज काफी सक्रिय रहेंगी और आपको उनकी सुनकर ही आज आगे बढ़ाना चाहिए। यहां तक की अगर आपके आसपास हर किसी की राय अलग है तो भी आप उनकी ना सुनकर अपने ही मन की सुनें।आपके लिए शायद अभी यह कर पाना काफी मुश्किल होगा लेकिन आपको इसका लाभ मिलेगा।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) – आज आप अपने संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार करेंगे।कोई आपकी उदारता से प्रभावित होकर दिन के अंत तक आपसे अपनी भावना का इजहार कर सकता है हालाँकि अभी भी आपके मन में कडवे अनुभव भरे हुए हैं। लेकिन अब समय आ गया है की आप सारी नकारात्मकता को दूर करके एक नयी शुरुआत करें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) – आज आपमें कुछ करने और दूसरों को प्रभावित करने की इच्छा बनी रहेगी।आप मजबूत और पक्के फैसले ले पायेंगे और ऐसा करना का आपका समय बिलकुल ठीक होगा। आप अपने पुराने कर्ज और अहसानों से भी मुक्त हो पायेंगे। आप अपनी शीघ्र विचार की क्षमता के कारण किसी की जरुरत के समय मदद कर पायेंगे

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) – आपका भाग्य आपके साथ है।आज आप ऐसा भी कुछ कर सकते हैं जिसके बारे में आपने कभी सोचा भी ना हो।आपके सभी प्रयासों में भाग्य आपका साथ देगा।आपको पता है कि मेहनत से ही सफलता मिलती है।अभी तक आपका भाग्य आपके साथ नही था ,लेकिन आज आप अपने समर्पण की बदौलत कुछ भी हासिल कर पायेंगे।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) – आपका झुकाव आज कुछ हद तक आध्यात्मिकता की और रहेगा।आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं या किसी तीर्थ की यात्रा कर सकते हैं।प्रेरणात्मक साहित्य पढ़ें या किसी महान नायक की जीवनी पढ़ें,हो सकता है कि इसमें से आपको अपने जीवन के लिए कुछ बहुत अच्छा हासिल हो जाए।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) – आज आपकी किस्मत आपके साथ है। आप अपने समस्या को सुलझा लेने की कुशलता से सबको अचरज में डाल देंगे। सहकर्मी आपसे प्रभावित होंगें। आपका आत्मविश्वास देकने लायक होगा और आपको एक नया काम मिलेगा। खुश रहें और अपनों के साथ ख़ुशी बाँटें। आज कोई दोस्त मिल सकता है।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) – कोई करीबी दोस्त आपको अपना राज बताने वाला है ,आपको उसकी बातें बहुत ध्यान से सुनकर ही सलाह और सहानुभूति देनी है। अपने सभी कार्य रचनात्मक तरीके से करें। आप फिलहाल ताकतवर तरीके से कार्य कर रहे हैं और इसका प्रभाव आपके आसपास के सब लोगों पर पड़ेगा।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) – आज साहस दिखाने के लिए बहुत अच्छा दिन है। आज आपका भाग्य आपके साथ है। आज आप जो भी करोगे ,सब कुछ अच्छा ही होगा।अगर कहीं निवेश करना चाहते हैं तो यह बहुत अच्छा समय है।सच्चा प्यार मिलने की उम्मीद बन रही है हालाँकि अपने स्वास्थ्य के बारे में सतर्क रहें ,खांसी और ठण्ड से परेशान हो सकते हैं।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) – आज आप जो भी कुछ शुरू करेंगे ,उसमे चाहे कितनी ही बाधाएं आयें,आपको सफलता मिलनी तय है।दिन के अंत तक आप दूसरों से फिर से बेहतर सम्बन्ध बना पायेंगे।अपनी प्रकृति में एक जरुरी बदलाव लायें-हर सम्बन्ध में केवल अधिकार जताने की कोशिश में ना रहें।सबको बराबरी का दर्जा दें और आपको भी बदले में सबसे प्यार मिलेगा।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) – आज खुद का ही चिंतन करना है।आपके जीवन में इस समय सब कुछ सही चल रहा है ,फिर भी आपको एक प्रकार की बेचैनी महसूस हो रही है जिसे आप व्यक्त नही कर पा रहे। इसका एकमात्र समाधान यह है कि आप खुद के बारे में शांत दिमाग से सोचें जिससे आपको अपनी स्थितियों को बेहतर तरीके से देखने में मदद मिलेगी।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) – आज सब कुछ आपके मनचाहे तरीके से होगा और आपको अपने प्रयासों में सफलता मिलेगी।आप पुराने नुक्सान की भरपाई भी कर लेंगे।इसके परिणामस्वरूप आप अपनी संभावनाओं के प्रति अधिक आशावादी भी हो सकते हैं किसी भी अवसर के बारे में गहरे से सोचे बिना जोखिम ना उठायें।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) – आपको अपनी स्थिति ,विशेषकर वित्तीय स्थिति पर अच्छी तरह विचार करने की आवशयकता है। बहुत खर्च करने में आनंद आ सकता है लेकिन इससे आपके परिवार की वित्तीय स्थिति पर भी बुरा असर पड़ सकता है ,आपको यह जानना होगा। जहां तक वित्तीय स्थिति का सवाल है,आपको ठंडे दिमाग से काम ले।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# स्वाइन फ्लू से मौतों का होगा डेथ ऑडिट

## पीजीआई के विशेषज्ञों से जांच करवाएगा स्वास्थ्य विभाग




चंडीगढ़, 2 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब में स्वाइन फ्लू से अब तक हुई मौतों का स्वास्थ्य विभाग डेथ ऑडिट कराएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से पीजीआईएमईआर और दूसरे मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञों की टीमों का गठन किया है। टीम यह पता करेगी कि स्वाइन फ्लू से मरने वाले व्यक्ति किसी अन्य दूसरी बीमारी से तो पीड़ित नहीं थे। पंजाब में नवंबर से पहले ही स्वाइन फ्लू की एंट्री हो गई है। अब तक सूबे में 44 लोगों के नमूनों की जांच में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। साथ ही फ्लू से सात लोगों की मौत हो चुकी है। सूबे के स्वास्थ्य विभाग ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए सभी जिलों को अलर्ट कर दिया है। जिला अस्पतालों में फ्लू कॉर्नर बनाने के भी निर्देश जारी किए हैं। स्वाइन फ्लू आमतौर पर नवंबर से मार्च के दौरान सर्दियों में होता है, लेकिन इस बार राज्य में फ्लू ने पहले ही दस्तक दे दी है।

फ्लू से लुधियाना जिले में 3, पटियाला में 2 और मालेरकोटला और संगरूर में 1-1 मौत हुई है। स्वाइन फ्लू को रोकने के लिए विभाग की ओर से सूबे में अब मिले कुल संक्रमितों के संपर्क में आए 134 लोगों का इलाज शुरू किया गया है। विभाग की ओर से इन लोगों को टैमीफ्लू दी गई है। अभी तक जो भी स्वाइन फ्लू के मामले आए हैं वे बिखरे हुए हैं, किसी भी समूह की सूचना नहीं मिली है। लगातार बढ़ती मौतों के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अब तक फ्लू से मरने वाले लोगों की मौत की जांच कराएगा।

## नाबालिग से यौन शोषण के जुर्म में 90 वर्षीय व्यक्ति को जेल

पलक्कड़, 2 सितंबर (एजेंसियां)। केरल की एक कोर्ट ने पलक्कड़ जिले के करीम्बा गांव में एक नाबालिग लड़की के यौन शोषण के जुर्म में 90 वर्षीय व्यक्ति को तीन साल की जेल की सजा सुनाई है। त्वरित अदालत के स्पेशल जज सतीश कुमार ने पड़ोस में रहने वाली 15 वर्षीय लड़की का यौन शोषण करने के जुर्म में दोषी पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर निशा विजयकुमार ने बताया कि बुजुर्ग को बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो)कानून की धारा 7 के तहत यौन शोषण का दोषी ठहराया गया। पॉक्सो कानून की धारा 7 के तहत न्यूनतम 3 साल और अधिकतम 5 साल की सजा का प्रावधान है। विजयकुमार ने बताया कि अदालत ने 9 गवाहों के बयान दर्ज करने और अभियोजन द्वारा दाखिल कई दस्तावेजों पर गौर करने के बाद आरोपी को दोषी ठहराया।

# डॉक्टर को ब्लैकमेल करने वाली महिला राजस्थान से गिरफ्तार



देवास, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के देवास शहर में एक डॉक्टर को ब्लैकमेल कर नौ लाख रुपये ऐंठने वाली महिला को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल ब्लैकमेलिंग में शामिल महिला के दो साथी डॉक्टर फरार हैं, पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि भीलवाड़ा निवासी जोया खान उर्फ मोनिशा डेविड (30) को गुरुवार शाम यहां लाया गया है और उसे अदालत में पेश किया जाएगा। देवास में एक अस्पताल चलाने वाले डॉक्टर पवन चिल्लोरिया ने पुलिस से शिकायत की थी कि देवास के रहने वाले डॉक्टर संतोष दाबडे और डॉ महेंद्र गालोदिया डेविड के साथ मिलकर एक महिला उन्हें ब्लैकमेल कर रही है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने कहा कि दोनों डॉक्टरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 384 (जबरन वसूली) और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनकी तलाश की जा रही है। आरोपी महिला मोनिशा डेविड ने जून में देवास के डॉक्टर पवन चिल्लोरिया से फोन पर दोस्ती की थी। दोस्ती करने के बाद महिला डॉक्टर से मिली और उनके साथ फोटो और वीडियो बनाएं। बाद में इन्हीं फोटोज और वीडियो के जरिए वह अपने दोनों डॉक्टर साथियों के साथ मिलकर डॉ। पवन चिल्लोरिया को ब्लैकमेल कर नौ लाख रुपये की मांग करने लगी। वहीं उसके दोनों साथी डॉक्टर को पैसों के लिए धमकाने लगे। आरोपियों की धमकी और फोन कॉल्स से तंग आकर डॉक्टर पवन ने पुलिस से तीनों की शिकायत की। काफी प्रयासों के बाद अगस्त में महिला को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि फिलहाल दोनों आरोपी डॉक्टरों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# खुलासा: मधुबनी-जयनगर नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी जवान को शराब तस्करों ने स्कॉर्पियो से कुचल डाला था, 2 अरेस्ट



मधुबनी, 2 सितंबर (एजेंसियां)। नेपाल बॉर्डर पर तैनात एसएसबी के जवान देवराज शर्मा की स्कॉर्पियो वाहन से धक्का लगने से हुई मौत मामले में जयनगर अनुमंडल पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि शराब तस्करों ने बाइक और स्कॉर्पियो से धक्का मारा था जिसमें जवान गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस बीच दो आरोपी भी पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया है। एसडीपीओ विप्लव कुमार के मुताबिक; बीते 29 अगस्त की रात लदनियां थाना क्षेत्र स्थित नेपाल बॉर्डर पर प्लेटीना बाइक और स्कॉर्पियो सवार शराब तस्करों ने ड्यूटी पर तैनात एसएसबी के 2 जवानों को धक्का मारा था, जिसमें गंभीर रूप से जख्मी हुए हेड कांस्टेबल देवराज शर्मा की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।जयनगर में एसएसबी की 18वीं बटालियन में पोस्टेड हेड कांस्टेबल देवराज शर्मा हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि 29 अगस्त की रात हेड कांस्टेबल देवराज शर्मा एक और जवान के साथ लदनियां थाना क्षेत्र स्थित जोगिया गांव के पास नेपाल बॉर्डर पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान नेपाल की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार को देवराज ने रोकने की कोशिश की, लेकिन बाइक सवार ने जवान को धक्का मार दिया और बाइक वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। बाइक की ठोकर से सड़क पर नीचे गिरे देवराज जब तक संभल पाते, उससे पहले पीछे से आ रहे स्कॉर्पियो सवार तस्करों ने जवान को रौंद डाला। स्कॉर्पियो की ठोकर से गंभीर रूप से जख्मी हुए जवान को आनन-फानन में जयनगर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। फिलहाल इस मामले में स्कॉर्पियो के ड्राइवर समेत 2 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इनकी पहचान बाबूबरही थाना क्षेत्र के भूपट्टी गांव निवासी दिलीप कुमार यादव व जयनगर थाना क्षेत्र के सेलरा गांव निवासी राकेश कुमार यादव के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक इस विभत्स घटना में 3 और आरोपियों के शामिल होने की जानकारी मिली है। एसडीपीओ का कहना है कि पुलिस की छापेमारी लगातार जारी है और जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

## हिंदू लड़की से बात करने पर मुस्लिम युवक की जमकर पिटाई



बैंगलुरू 2 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में एक मुस्लिम युवक की बेरहमी से पिटाई की गई, उसका ये हाल इसलिए किया गया क्योंकि उसने एक हिंदू लड़की से बात की थी। गुरुवार 1 सितंबर को पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी। दरअसल ये मामला सुलिया थाना क्षेत्र के एक कॉलेज का है, जहां कुछ छात्रों ने मुस्लिम युवक की ये कहकर पिटाई कर दी कि उसने हिंदू लड़की के साथ बातचीत कैसे की।

पुलिस के मुताबिक 19 साल का मोहम्मद सनीफ जालसूर गांव का रहने वाला है। जो सुलिया के नजदीक एक कॉलेज में पढ़ाई करता है। जब वो कॉलेज गया तो वहां उसे अपनी दोस्त मिली, जो हिंदू समुदाय से है। सनीफ उससे बातचीत करने लगा, तभी कुछ छात्र वहां आए और उससे बहस करने लगे।

**मारपीट के बाद दी धमकी**

पुलिस के मुताबिक इन छात्रों ने मुस्लिम युवक को ग्राउंड में आने को कहा और वहां जब वो पहुंचा तो उसकी पिटाई शुरू कर दी। इन छात्रों ने सनीफ को लकड़ी के डंडे से जमकर पीटा। साथ ही इस दौरान वो उससे पूछ रहे थे कि हिंदू लड़की के साथ वो क्या बात कर रहा था। मारपीट करने के बाद इन छात्रों ने उसे ये धमकी भी दी कि वो दोबारा उस लड़की के साथ बात ना करे। मुस्लिम युवक की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुईं हैं, जिनमें देखा सकता है कि उसकी पीठ बुरी तरह से छिली हुई है।

# अंबाला में 5 करोड़ की हेरोइन बरामद:4 गिरफ्तार

अंबाला, 2 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के अंबाला जिले की सीआईए-2 ने करीब 5 करोड़ की हेरोइन बरामद की है। 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है, जिनमें 2 महिलाएं हैं। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 1 किलो हेरोइन मिली। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी दिल्ली से हेरोइन खरीदकर अंबाला में सप्लाई कर रहे थे। हालांकि, गहन पूछताछ के लिए सीआईए आरोपियों को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लेगी।

**सीआईए को मिली थी गुप्त सूचना,**

पुलिस के मुताबिक, सीआईए-2 की टीम शास्त्री कॉलोनी के निकट गश्त पर तैनात थी। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि डेहा कॉलोनी अंबाला सिटी निवासी अंजली, रेखा और अनवर उर्फ अभी हेरोइन सप्लाई करने का धंधा करते हैं। किराए की स्विफ्ट में दिल्ली से हेरोइन लेने गए हुए हैं। थोड़ी देर तक शाहाबाद की तरफ से वापस डेहा कॉलोनी की तरफ जाएंगे। पुलिस ने शास्त्री कॉलोनी कट पर नाकाबंदी करके आरोपियों को काबू कर लिया।

**तलाशी लेने पर मिली 1 किलो हेरोइन**

पुलिस द्वारा गाड़ी में बैठी अंजली व रेखा के लेडीज पर्स की तलाशी लेने पर 300-300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी अनवर उर्फ अभी की तलाशी लेने पर जेब से 400 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। ड्राइवर राजबीर उर्फ राजू व उसकी गाड़ी की तलाशी लेने पर कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ, लेकिन पूछताछ में शंभु रेलवे स्टेशन जिला पटियाला निवासी ड्राइवर राजबीर ने बताया कि वह नशे के धंधे के संलिप्त लोगों को अच्छे दाम लेकर गाड़ी उपलब्ध कराता है।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज**

पड़ाव थाना में चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लेगी।

## 6 को मार चुका हूं; गिरफ्तारी के बाद बोला सीरियल किलर शिवप्रसाद

सागर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। चार चौकीदारों का सिर फोड़कर हत्या करने वाले सिरफिरे सीरियल किलर को भोपाल के बैरागढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया है। सागर और भोपाल में 2-2 हत्याएं कर चुका था। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सीसीटीवी कैमरे के आधार पर हुई। आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। प्रदेश के गृह मंत्री ने कहा, बहुत कठिन टास्क था सागर पुलिस को बधाई देता हूं, आरोपी को मोबाइल की लोकेशन के माध्यम से पकड़ा गया है सीरियल किलर है पूछताछ जारी है सागर के बाद भोपाल में भी उसने एक हत्या की थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि, हत्यारे की पहचान शिवप्रसाद के रूप में हुई है। वो केसली, सागर का रहने वाला है। हत्यारे ने 6 हत्याएं करने की बात कुबूल की हैं।

# बुजुर्ग महिला से मारपीट का वीडिओ वायरल मनसे कार्यकर्ता गिरफ्तार



मुंबई, 2 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपाड़ा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति एक बुजुर्ग महिला को गाली देता, धक्का देता और मारपीट करता दिख रहा है। इस मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान विनोद अर्गले, राजू अर्गले और सतीश लाड के रूप में हुई है। पुलिस ने आईपीसी की आपराधिक धारा 7 की धारा 323,337,506 504,509 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गणेश भक्तों का स्वागत करते हुए बैनर टांगने के लिए पीड़िता की दुकान के सामने बांस लगा रहा था, तभी महिला ने इसका विरोध किया। जिसके बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ता ने पीड़िता के साथ हाथापाई की। पीड़िता प्रकाश देवी ने मीडिया को बताया, 'उन्होंने मुझे थप्पड़ मारा और मारपीट की। हां, मैंने किया (यह पूछे जाने पर कि क्या उसने मामला दर्ज कराया है)। पुलिस जांच कर रही है। वे मेरी दुकान के बाहर बैनर लगाना चाहते थे, मैंने मना कर दिया और कहा कि इसे कहीं और लगाओ। इसके बाद उन्होंने मुझे मारा। किसी भी महिला के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए।' घटना का पता तब चला जब 28 अगस्त को एक वीडियो वायरल हुआ। महिला की दुकान के सामने उसकी मर्जी के बिना बांस का खंभा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। मुंबई पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुरुष और महिला दोनों को एक-दूसरे को गालियां देते हुए देखा जा सकता है, जबकि वहां मौजूद लोग उन्हें झगड़ा करते हुए देख रहे हैं। पुरुष को महिला को कई बार थप्पड़ मारते और धक्का देते हुए देखा जा सकता है, जो हर बार धक्का देने पर रोती और चिल्लाती हुई दिखाई देती है। वीडियो में शख्स को यह कहते हुए सुना जा सकता है, ''जो करना है करो, जिसे चाहो बुला लो।' बाद में, एक और आदमी मौके पर आता है और उसे दूर भगाता हुआ दिखाई देता है जबकि महिला रोती हुई दिख रही थी।

# मां-बेटे के बीच अवैध संबंध का शक

## पिता के सिर में ठोकी कील, फिर फंदे से लटकाया



सतना, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मां-बेटे के बीच अवैध संबंध होने की आशंका जताने का खामियाजा 53 वर्षीय को जान देकर चुकाना पड़ा। पुलिस हिरासत में आने के बाद आरोपियों ने वह राज उगला जिसके जरिए उसे दर्दनाक मौत दी गई। यह वारदात मध्यप्रदेश के सतना जिले की है। दरअसल 10 अगस्त को जिस अधेड़ को फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया था उसकी सच्चाई यह है कि उसके सिर पर आरोपी मां-बेटे ने पहले कील ठोकी थी और बाद में फांसी के फंदे से लटकाकर जान ली थी। ऐसा इसलिए किया गया ताकि पुलिस को यह मामला हत्या का नहीं बल्कि आत्महत्या का लगे। पुलिस पूछताछ में मृतक के बेटे अवध किशोर लोध और पत्नी सुशीला लोध ने बताया कि राम खेलावन लोध का 53 वर्ष से पत्नी सुशीला से पुराना विवाद है। जिसके चलते वह पुत्र अवध किशोर और पत्नी को गाली देता रहता था। वह अक्सर यह बात सबके सामने कहा करता था कि मेरी पत्नी का लड़के से अवैध संबंध है। रात में खटिया के चरमराने की आवाज आती है। इस बात को लेकर अक्सर तीनों के बीच विवाद होता था। इसी वजह से राम खेलावन की पत्नी व लड़के ने मिलकर सिर में पहले कील ठोकी फिर गले में रस्सी से फांसी लगाकर हत्या कर दी। डॉक्टर की पीएम रिपोर्ट सामने आया कि राम खेलावन की मौत का कारण उसके सिर में आई चोटें हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 133/22 धारा 302, 201, 34 ताहि। कायम कर जांच की गई। आरोपियों को बरौंधा पुलिस ने महतौपुरवा पाथर कछार से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## सरकारी स्कूल में धारदार हथियार लेकर घुसा शराबी

भोपाल, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के गुना जिले के बंजारा चक गांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में कथित रूप से फर्सा (धारदार हथियार) लेकर घुसे शराबी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान उसने स्कूल में बच्चों को पढ़ा रहे शिक्षक और शिक्षिकाओं को डरा और धमकाकर दहशत फैलाने की कोशिश की। शराबी ने स्कूल में रखे मेज और कुर्सियां भी तोड़ दीं। साथ ही इसका विरोध करने पर शिक्षक और शिक्षिकाओं को अपशब्द कहे। पुलिस ने शिक्षक और शिक्षिकाओं की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है जो फिलहाल फरार है। बीनागंज संकुल केंद्र के जनशिक्षक कमलेश मीणा ने बताया कि बंजारा चक गांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गांव का ही मिंटू सिंह बंजारा शराब के नशे की हालत में फर्सा लेकर घुस गया।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 3 सितंबर, 2022

# बाजार में रौनक

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जिस तरह की जीडीपी की बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं उससे बाजार में रौनक लौटना स्वाभाविक ही है। इससे जहां सरकार उत्साहित है वहीं बाजार ने भी इसका स्वागत किया है। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के लिए तेजी से प्रयास शुरू हुए हैं जिसका असर बाजार पर दिखाई देने लगा है। बता दें कि कोविड के संक्रमण काल में कोई कामकाज न होने की वजह से बाजार बंदी की मार झेल रहा था। ऐसे में कारोबारी गतिविधियों में भी सुस्ती के चलते विकास दर निराशाजनक स्तर तक पहुंच चुकी थी। बहरहाल, बाजार के जानकार अभी भी इस वृद्धि से संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। रिजर्व बैंक ने अनुमान लगाया था कि इस तिमाही में विकास दर पंद्रह से सोलह फीसद तक रहेगी। लेकिन ताजा विकास दर तेरह फीसद के करीब पहुंचते ही हांफने लगा जिससे विकास दर तीन फीसद कम दर्ज हुई है। इसके अलावा कुछ लोगों का मानना है कि कोविड काल में बाजारू गतिविधियां रुकी हुई थी, जिसकी वजह से आधार प्रभाव कम होने के कारण यह वृद्धि दर अधिक नजर आ रही है। कोविड पूर्व की आर्थिक स्थिति से तुलना करेंगे तो यह दर बहुत कम नजर आएगी। विकास दर तो कोविड से पहले भी कोई संतोषजनक स्तर पर नहीं थी, उसमें वृद्धि के लिए सरकार एडी-चोटी का पसीना एक कर रही थी। उस दौर से तुलना करें तो यह जरूर कुछ बेहतर है। लेकिन समग्र रूप से देखें तो कुछ क्षेत्रों जैसे निर्माण, खनन आदि में बेहतरी दर्ज हुई है, पर विनिर्माण, होटल व्यवसाय, परिवहन आदि के क्षेत्र में स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं दिखाई दे रही है। यह सब तब हो रहा है जब कोविड काल के बाद कारोबारी गतिविधियां सामान्य हो चली हैं। इस तिमाही में कुछ और उत्साहजनक चीजें दर्ज हुई हैं, जिनमें निजी व्यय का बढ़ना और सरकारी खर्च में कटौती शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष में निजी व्यय में करीब छब्बीस फीसद की बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जो कि बाजार में रौनक लौटने का संकेत दे रही है। इसी तरह सरकारी खर्च महज 1.3 फीसद बढ़ा है, यानी सरकार भी बहुत हाथ दबा कर खर्च कर रही है ताकि इसमें संतुलन लाया जा सके। इससे महंगाई पर काबू पाने की दिशा में सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति जाहिर होती है। मगर महंगाई को संकेतित करने वाले आंकड़े फिर निराश करते हैं। स्थिर कीमत पर आधारित सकल मूल्य वृद्धि यानी जीवीए पहली तिमाही में 12.7 फीसद बढ़ा है, जबकि सामान्य जीडीपी में 26.7 फीसद दर्ज की गई, जो कि मुद्रास्फीति की ऊंची दर को संकेत करती दिखाई दे रही है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि आधार प्रभाव के धीरे-धीरे समाप्त होने के बाद विकास दर में नरमी आएगी, जो कि जोखिमभरी हो सकती है। फिर भी जानकारों का अनुमान है कि अगली तिमाहियों में इस दर में कमी आएगी। फिरभी वृद्धि का यही रुख कायम रहा तो इस साल के अंत में विकास दर सात फीसद तक रह सकती है। यह तो सभी जानते हैं कि अर्थव्यवस्था अभी पटरी पर नहीं लौट पाई है। कोविड के दौरान लंबे समय तक पूर्णबंदी और फिर कर्ज उपलब्ध कराने के तमाम प्रयासों के बावजूद बहुत सारे छोटे, मंझोले और सूक्ष्म उद्योग जो बंद हुए तो फर नहीं खुल सके। इस तरह उनसे जुड़े रोजगार खत्म हो गए। नए रोजगार सृजित होने में अभी समय लगेगा। लोगों की क्रयशक्ति काफी घट गई है। इसके बावजूद जो निजी व्यय थोड़ा बढ़ा हुआ दिख रहा है, वह पिछले दो सालों में लोगों के हाथ रोके रहने और फिर एकदम से खोलने की वजह से दिख रहा है। वह हमेशा ऐसा ही रहेगा इसमें संदेह है। डालर के मुकाबले रुपया जिस तरह से गिर रहा है, निर्यात में वृद्धि भी नहीं हो रही है। अपेक्षित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी नहीं आ पा रहा है, वैश्विक आर्थिक स्थितियों भी अभी अनुकूल नही दिखाई दे रहा हैं। इसी तरह के कुछ अन्य लक्षण हैं, जिसकी वजह से अर्थव्यवस्था गति पकडने में ही हांफने लगती है।

# गोर्बाच्येव थे रूसी महानायक



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

मिखाइल गोर्बाच्येव के निधन पर पश्चिमी दुनिया ने गहन शोक व्यक्त किया है। शोक तो व्लादिमीर पूतिन ने भी प्रकट किया है लेकिन रूस के इतिहास में जैसे व्लादिमीर इलिच लेनिन का नाम अमर है, वैसे ही गोर्बाच्येव का भी रहेगा। रूस के बाहर की दुनिया शायद लेनिन से ज्यादा गोर्बाच्येव को याद करेगी।

यह ठीक है कि लेनिन के प्रशंसक और अनुयायी चीन से क्यूबा तक फैले हुए थे और माओ त्से तुंग से लेकर फिदेल कास्त्रो तक लेनिन की विरुदावलियां गाया करते थे लेकिन गोर्बाच्येव ने जो कर दिया, वह एक असंभव लगने वाला कार्य था। उन्होंने सोवियत संघ को कम्युनिस्ट पार्टी के शिकंजे से बाहर निकाल दिया, सारी दुनिया में फैले शीतयुद्ध को विदा कर दिया, सोवियत संघ से 15 देशों को अलग करके आजादी दिलवा दी, दो टुकड़ों में बंटे जर्मनी को एक करवा दिया, वारसा पेक्ट को भंग करवा दिया, परमाणु-शस्त्रों पर नियंत्रण की कोशिश की और रूस के लिए लोकतंत्र के दरवाजे खोलने का भी प्रयत्न किया। यदि मुझे एक पंक्ति में गोर्बाच्येव के योगदान को वर्णित करना हो तो मैं कहूंगा कि उन्होंने 20 वीं सदी के महानायक होने का गौरव प्राप्त किया है। बीसवीं सदी की अंतरराष्ट्रीय राजनीति, वैश्विक विचारधारा और मानव मुक्ति का जितना असंभव कार्य गोर्बाच्येव ने कर दिखाया, उतना किसी भी नेता ने नहीं किया। लियोनिद ब्रेझनेव के जमाने में मैं सोवियत संघ में पीएच.डी. का अनुसंधान करता था। उस समय के कम्युनिस्ट शासन, बाद में गोर्बाच्येव-काल तथा उसके बाद भी मुझे रूस में रहने के कई मौके मिले हैं। मैंने तीनों तरह के रूसी हालात को नजदीक से देखा है। कार्ल मार्क्स के सपनों के समाजवादी समाज की अंदरूनी हालत देखकर मैं हतप्रभ रह जाता था। मास्को और लेनिनग्राद में मुक्त-यौन संबंध, गुप्तचरों की जबर्दस्त निगरानी, रोजमर्रा की चीजों को खरीदने के लिए लगनेवाली लंबी कतारें और मेरे-जैसा युवा मेहमान शोध-छात्र के लिए सोने के पतरों से जड़ी कारें देखकर मैं सोचने लगता था कि हमारे श्रीपाद अमृत डांग क्या भारत में भी ऐसी ही व्यवस्था कायम करना चाहते हैं? गोर्बाच्येव ने लेनिन, स्तालिन, ख्रुश्चेव और ब्रेझनेव की बनाई हुई इस कृत्रिम व्यवस्था से रूस को मुक्ति दिला दी। उन्होंने पूर्वी यूरोप के देशों को ही रूसी चंगुल से नहीं छुड़वाया बल्कि अफगानिस्तान को भी रूसी कब्जे से मुक्त करवाया। अपने पांच-छह साल (1985-1991) के नेतृत्व में उन्होंने 'ग्लासनोस्त' और 'पेरिस्त्रोइका' इन दो रूसी शब्दों को विश्वव्यापी बना दिया। उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार भी मिला लेकिन रूसी राजनीति में पिछले तीन दशक से वे हाशिए में ही चले गए। उनके आखिरी दिनों में उन्हें अफसोस था कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा हुआ है। उनकी माता यूक्रेनी थीं और पिता रूसी! यदि गोर्बाच्येव नहीं होते तो आज क्या भारत-अमेरिकी संबंध इतने घनिष्ट होते? रूसी समाजवादी अर्थव्यवस्था की नकल से नरसिंहराव जी ने भारत को जो मुक्त किया, उसके पीछे गोर्बाच्येव की प्रेरणा कम न थी।

# तकनीकी विकास ने बढ़ायी बेरोजगारी



निरंकार सिंह

तकनीकी विकास के साथ-साथ पूरी दुनिया में विषमता और बेरोजगारी बढ़ रही है। कम्पनियों, होटलों और कल कारखानों में पहले तमाम कामों के लिए व्यक्तियों की जरूरत पड़ती थी। पर आज वहां बहुत सा काम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट करने लगे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 19 करोड़ 30 लाख लोगों के पास काम नहीं है। 1.4 अरब लोग असुरक्षित नौकरियों में हैं। दुनियाभर में 30 करोड़ मजदूर अत्यन्त गरीबी में रहते हैं।. इनमें से 40 प्रतिशत विकासशील देशों में हैं। पिछले वर्ष अरबपतियों की कुल सम्पत्ति 2.5 अरब डॉलर (1.9 अरब पाउंड) प्रतिदिन की दर से बढ़ी जबकि दुनिया की आधी आबादी, 3.8 अरब लोग 50 करोड़ डॉलर प्रतिदिन की दर से और गरीब हुए। दुनियाभर में 30 करोड़ मजदूर अत्यन्त गरीबी में रहते हैं। इनमें से 40 प्रतिशत विकासशील देशों के हैं।

विकास का महान इंजन यानी पूंजीवाद असमानता का भी एक महान उपकरण बन गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक 29 फीसदी (लगभग 800 मिलियन) नौकरियां कम हो जाएंगी। डेलोइट की एक रिपोर्ट में पता चला है की 2025 तक 1,00,000 से ज्यादा वकीलों की नौकरी खत्म होने वाली है। ये बहुत जल्द ही होने वाला है। कुछ नौकरियां भी ऐसी है जिनके कामों को मशीनी दिमाग या एआइ से आसानी में कराया जा सकेगा।

2015 में गूगल ने एक ऐसी कार बनाई जो बिना ड्राइवर के चल सकती है। यह प्रयोग सफल भी रहा। इसी तरह भविष्य में सेल्फ-ड्राइव कार में सुधार होगा और ड्राइवर की नौकरी चली जाएगी। जो लोग ड्राइवर बनना चाहते हैं उनके लिए यह नौकरी एक खतरा है। इसी प्रकार आमेजॅन ने कई सारे एआइ ड्रोन लॉन्च किए जिन्हें अब डिलवरी ब्याय की कोई आवश्यकता नहीं है। यह सब अभी अमेरिका में चल रहा है और लोगों कों भी कोई परेशानी नहीं आती। इसी प्रकार बड़े बड़े होटल में भी रोबोट वेटर का काम करेगे और भविष्य में रोबोट खाना बनाएंगे।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 47ःफीसदी नौकरियो खतरे में है। मैकिनजी ग्लोबलं इंस्टीट्रयूट आफ रिसर्च का कहना है कि कुछ वर्षों में 45ःफिसदी नौकरियां स्वचालित होने जा रही हैं। हाल के दिनों में प्रौद्योगिकी ने निर्णय लेना सीख लिया है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन - आईएलओ द्वारा अनुशंसित सार्वभौमिक मजदूरी की गारंटी आज की मांग है। इसमें मजदूरों के अधिकारों और उनकी आय की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सामाजिक सुरक्षा और अन्य नियम लागू करने का प्रावधान है। ऐसा करना उन देशों में अधिक महत्वपूर्ण होगा जहां टेक्नोलॉजीके प्रयोग से उथल-पुथल मची हुई है।

अमरीका की 45 प्रतिशत और दक्षिण-पूर्व एशिया की 56 प्रतिशत नौकरियों पर टेक्नोलॉजी से होने वाले ऑटोमेशन का खतरा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, ऑटोमेशन और रोबोटिक्स से नई नौकरियां पैदा तो होंगी। लेकिन ये पुरानी नौकरियों को खा जाएंगी। इससे निपटने के लिए लोगों को नई कुशलताएं सीखने और ताउम्र कुछ नया सिखाने में मदद करने की व्यवस्था होनी चाहिए। लेकिन केवल इतना ही पर्याप्त नहीं होगा।

आज के नेताओं को इस संबंध में नियम बनाना होगा कि नई टेक्नोलॉजी या प्रौद्योगिकी का स्वामित्व किसके पास है और इससे किसे फायदा है। तरह-तरह की वेबसाइट और ऐप्स के माध्यम से होने वाले काम एक ऐसी अर्थव्यवस्था को जन्म दे रहे हैं जो 19वीं सदी की परिस्थितियों की याद दिलाता है। नवाचार और उनके सृजनकर्ताओं की सफलता का जश्न तो ठीक है लेकिन हममें इस नई प्रौद्योगिकी के कारण होने वाले सामाजिक नुकसान को भी रोकने की क्षमता होनी चाहिए।

हमारी सरकारों को ऐसे नियम बनाने चाहिए जो केवल कुछ का भला न करें बल्कि अधिकतर का भला करें। ऐसे नियम जिनसे सबके लिए और आसानी से उपलब्ध सरकारी शिक्षा दिलायी जा सके और जिसका भुगतान उचित रूप से अमीरों पर कर लगाकर किया जा सके। ऐसे नियम जिनसे मजदूरों को मिलने वाले वेतन बढ़ाए जा सकें तथा पर्यावरण को होने वाला नुकसान रोका जा सके।

विकासशील देशों में कर चोरी से प्रतिवर्ष 170 अरब डॉलर का भार पड़ता है। अब भी कम से कम 76 खरब अमरीकी डॉलर की रकम कर अधिकारियों की नजर में नहीं आई है। बड़ी कंपनियां और अत्यन्त अमीर लोग पहले के मुकाबले कम दरों पर कर का भुगतान कर रहे हैं। दुनिया के सबसे समृद्ध एक प्रतिशत लोगों पर यदि कर की दर केवल 0.5 प्रतिशत बढ़ा दी जाए, तो इससे इतनी आय होगी कि वर्तमान में स्कूल न जाने वाले प्रत्येक बच्चे को शिक्षित किया जा सकेगा और 30 लाख लोगों को जीवन रक्षक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

भारत में निशुल्क प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा और गरीबों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की कई योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की गई हैं। इस तरह की योजनाएं दुनिया के अन्य विकासशील देशों के लिए उदाहरण हैं। मध्यम आय वाले छह देशों में शोध से पता चलता है कि सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की दो प्रतिशत आय को यदि स्वास्थ्य और देखभाल सेवाओं में लगाया जाए तो इससे एक से तीन प्रतिशत की दर से रोजगार वृद्धि हो सकेगी। आज के युग में ऐसे व्यवसायों की कहीं अधिक आवश्यकता है जो एक भिन्न प्रकार की समृद्धि दें।1970 के दशक से अधिकांश उद्योग इस बात पर जोर देते थे कि किसी भी कंपनी का मुख्य कर्तव्य अपने शेयर धारकों के लिए अधिक से अधिक लाभ कमाना है।

उदाहरण के लिए वर्ष 2018 में ब्रिटेन की कंपनियों ने अपने शेयर धारकों को लगभग 100 अरब पाउंड (129 अरब अमरीकी डॉलर) का रिकॉर्ड भुगतान किया था जबकि एक औसत कर्मचारी की आय उतनी ही रही। जहां बहुत सारी कंपनियां अपने सामाजिक दायित्वों को लेकर सजग रहती हैं। हांलाकि उनका मुख्य उद्देश्य लाभ कमाना ही रहता है।

लेकिन इसके कई सफल विकल्प हैं जैसे सामाजिक उद्यम, कोऑपरेटिव तथा कर्मचारियों और किसानों द्वारा चलाए जाने वाले संगठन स्पेन का मॉन ड्रैगन अपने दसियों हजार कर्मचारियों के स्वामित्व और उनके निर्णायक फैसलों की वजह से प्रतिवर्ष 10.5 अरब पाउंड का व्यवसाय करता है।

इस कंपनी में सर्वाधिक और न्यूनतम वेतन के बीच केवल आठ गुना का फर्क है। अमरीका और यूरोप में भी इस तरह के सामाजिक उद्यम जीडीपी के 10 प्रतिशत तक का योगदान करते हैं और परम्परागत निजी क्षेत्र की तुलना में दोगुना तेजी से रोजगार उपलब्ध कराते हैं। लेकिन ऐसे व्यवसाय उन प्रतिद्वन्द्वियों के आगे हार जाते हैं जिनका मुख्य उद्देश्य लाभ कमाना है।

ऐसे उद्यमियों पर सरकारें जुर्माना लगा सकती हैं जो अपने कर्मचारियों या सप्लायरों को उचित भुगतान नहीं करते. जैसे कि इक्वाडोर की सरकार ने केला उद्योग में काम करने वाले मजदूरों और उत्पादकों के लिए ठीक यही किया। सरकार ने सभी कंपनियों पर लाभांश का भुगतान करने से तब तक रोक लगा दी जब तक कि सभी मजदूरों को एक उचित आय न हो जाए। एक्जीक्यूटिव कर्मचारियों तथा मजदूरों के अनुपात में सुधार, तथा उन्हें बोर्ड में सदस्यता देने से कंपनियों तथा मजदूरों के बीच शक्ति संतुलन सुधरेगा।

एक सबसे शक्तिशाली कदम जो सरकारें उठा सकती हैं वह है, लैंगिक असमानता कम करना तथा महिलाओं में फैली गरीबी दूर करना। प्रतिदिन महिलाओं द्वारा लाखों घंटे का ऐसा करना जिसके लिए उन्हें कोई भुगतान नहीं मिलता। इससे महिलाओं के लिए शैक्षणिक, राजनीतिक और आर्थिक अवसर बढ़ेगे। यह कोई असंभव कार्य नहीं है। हाल ही में आइसलैंड दुनिया का पहला देश बना जिसमें पुरुष तथा महिलाओं में कानूनी रूप से बराबर वेतन को लागू कर दिया है। पुरुष महिलाओं की तुलना में दोगुना सम्पत्ति तथा दुनिया की 86 प्रतिशत कंपनियों पर नियंत्रण रखते हैं। अनुपात के विपरीत महिलाओं को ऐसे कार्य में लगा दिया गया है, जिसके लिए भुगतान नहीं होता जैसे बच्चों की देखभाल, साफ-सफाई, खाना पकाना, पानी लाना, इत्यादि.। यह काम लगभग 100 खरब अमरीकी डॉलर प्रतिवर्ष की कमाई जितना है लेकिन इसे सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में जोड़ा नहीं जाता।

# संकट में पाक को याद आया भारत



आर.के. सिन्हा

पाकिस्तान में बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। पड़ोसी मुल्क का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। अब तक बड़ी संख्या में लोगों की जान तक जा चुकी है। स्थिति वास्तव में बहुत गंभीर है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि पाकिस्तान ने भारत से आलू, टमाटर,प्याज और खाद्य तेलों का आयात करने की इच्छा जताई है। वहां इन तमाम जरूरी चीजों का संकट पैदा हो गया है। पाकिस्तान के पास कोई विकल्प भी तो नहीं बचा है कि वह भारत से खाने-पीने की जरूरी चीजों का आयात न करे। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने कहा कि सरकार बाढ़ के बाद देश भर में फसल बर्बाद होने के बाद लोगों की सुविधा के लिए भारत से सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ आयात करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। पाकिस्तान ने अगस्त 2019 में औपचारिक रूप से भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को इजराइल के स्तर पर डाउनग्रेड कर दिया था, जिसके साथ इस्लामाबाद का कोई औपचारिक व्यापारिक संबंध नहीं है। पाकिस्तान ने यह निर्णय जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द करने के भारत के फैसले के विरोध में लिया था। हालांकि, उसने इस तरह का एकतरफा फैसला लेते हुए सोचा नहीं था कि इससे उसे कितना नुकसान होगा। इस बीच, पाकिस्तान में बाढ़ के कारण हुई तबाही पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर संवेदना जताई है। उन्होंने कहा, "पाकिस्तान में बाढ़ से हुई तबाही को देखकर दुख हुआ। हम पीड़ितों, घायलों और इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सभी लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली की आशा करते हैं।" माना जा रहा है कि अगर पाकिस्तान ने औपचारिक तौर पर भारत से मदद मांगी तो भारत पड़ोसी की मदद करने में कभी पीछे नहीं रहेगा। भारत संकटकाल में पड़ोसी या किसी भी अन्य देश की मदद करने से पीछे कभी भी नहीं रहता है। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सरकार की अपील के बाद वहां पर अंतरराष्ट्रीय सहायता पहुंचने लगी है। दरअसल पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उम्मीद भी थी कि भारत-पाक दोनों के बीच व्यापारिक संबंधों की बहाली हो जाएगी। पाकिस्तान भारत से चीनी तथा कपास का आयात करने को लेकर भी बहुत गंभीर है। यह भी गौरतलब है कि जिस इमरान खान को भारत ने हमेशा सम्मान और आदर दिया उनके समय में भी भारत-पाकिस्तान व्यापार संबंध लगभग बंद ही रहे। उन्होंने तो भारत से रिश्ते न सुधारने की मानो कसम ही खा ली थी। शहबाज शरीफ के बड़े भाई नवाज शरीफ भी जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने भारत के साथ व्यापारिक संबंध सुधारने की हरचंद कोशिशें की थीं। उनकी परिवार की कंपनी के भारत के नामवर उद्योगपति सज्जन जिंदल से कारोबारी संबंध भी थे। कहने वाले तो यह भी कहते हैं कि सज्जन जिंदल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 में लाहौर यात्रा की जमीन तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी। उस बेहद चर्चित यात्रा से पहले सज्जन जिंदल इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के मेहमान बनकर जा चुके थे। उनका वहां भव्य स्वागत हुआ था। पर पाकिस्तान के तब के विपक्ष, जिसमें इमरान खान भी शामिल थे, उन्होंने सज्जन जिंदल की यात्रा और उनकी नवाज शरीफ के साथ मीटिंग पर तगड़ा बवाल काटा था। जिसके जवाब में नवाज शरीफ की पुत्री मरियम नवाज शरीफ ने एक ट्वीट करके कहा था-'सज्जन जिंदल प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के मित्र हैं। उनकी तथा प्रधानमंत्री से मीटिंग में कुछ भी गुप्त नहीं था। विपक्ष बेवजह का हंगामा कर रहा है।'आजकल प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की भतीजी मरियम नवाज शरीफ ने इमरान खान के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। दरअसल सज्जन जिंदल की कंपनी जिंदल साउथ वेस्ट से शरीफ परिवार की स्टील कंपनी 'इत्तेफाक' से कई तरह के प्रोडक्ट खरीदती रही है। यह रिश्ता पारिवारिक संबंधों में तब्दील हो चुका है। हालांकि सज्जन जिंदल की कंपनी तथा इतेफाक में स्टील के उत्पादन तथा लाभ के स्तर पर कोई तुलना नहीं की जा सकती। दरअसल बाढ़ के कारण भयंकर संकट में फंसे पाकिस्तान को प्रैक्टिकल होना पड़ेगा। वह भारत से दुश्मनी मोल लेकर सिर्फ घाटे में रहेगा। उसे भारत से तिजारती संबंधों को भी गति देनी ही होगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) मानता है कि अगर दोनों की सरकारों की तरफ से आपसी व्यापार को गति देने की पहल हो तो 10 अरब रुपये का आपसी कारोबार तो फौरन हो सकता है। पाकिस्तान की रसातल में जाती अर्थव्यवस्था को पंख लगाने की वहां की सरकार को ठोस कोशिश करनी होगी। फिलहाल पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारी संकट में है।

पाकिस्तानी रुपया मुद्रा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोर होता जा रहा है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से खाली हो रहा है। यानी पाकिस्तान के सामने संकट ही संकट है। पाकिस्तान सेना के बड़ी-बड़ी मूंछों वाले जनरलों को समझाना होगा कि भारत के साथ शांति के रास्ते पर चलकर ही पाकिस्तान विकास कर सकेगा। पाकिस्तानी सेना ने अपने देश की प्राथमिकताएं ही बदल दी हैं। उसकी सेना करप्शन में आकंठ डूबी हुई है। उसके दबाव में पाकिस्तान सरकार का रक्षा बजट बढ़ता ही जा रहा है। अब वहां पर जब बाढ़ से तबाही हो रही है, तो उसके हथियारों से पीड़ितों को राहत नहीं मिल रही है। पाकिस्तान का आधा हिस्सा इस समय विनाशकारी बाढ़ में डूब चुका है। इस बार के बाढ़ को 2010 में आये सुपरफ्लड से बड़ा बताया जा रहा है। पाकिस्तान को धूर्त चीन पर अपनी निर्भरता को भी खत्म करना होगा।

# भारत में बाल श्रम का विकराल रूप



संजीव ठाकुर

भारत में बाल श्रम का विकराल रूप, बगले झांकती मानवाधिकार संस्थाएं। संविधान के अनुसार 18 साल से कम उम्र का बच्चा यदि घरेलू कामों से अलग अन्य कार्यों जैसे कारखाना, होटल हलवाई या अन्य जगह कार्य करता है तो उसे बाल श्रमिक माना जाता है। कानूनी रूप से बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाया गया है। पर पूरे भारत सहित अन्य विकासशील देशों में बाल श्रम की बहुतायत पाई गई है। बाल श्रम केवल एक ही रूप में मौजूद नहीं है बल्कि कई अन्य रूपों में भी वह प्रचलित है, इसमें घर पर कार्य करने वाले घरेलू श्रमिकों चाय खाने-पीने की होटलों पर कार्य करते बच्चे पटाखा उद्योगों में दिन रात काम करते बच्चों के छोटे-छोटे शहरों में कचरा कूड़ा बीनते और भीख मांगते बच्चों से कार्य लिया जाना भी बाल श्रम माना जाता है। यह भी कानूनी रूप से अवैध ही है। बाल श्रम मूल रूप से भारत में व्याप्त गरीबी, भुखमरी, कुपोषण तथा बेरोजगारी जैसे कारण के कारण परिवार के लोगों द्वारा स्वयं अपने बच्चों को बाल श्रम के दलदल में फसा दिया जाता है।

इसके अतिरिक्त समाज में शिक्षा का अभाव, अंधविश्वास जागरूकता का अभाव तथा बच्चों के अधिकार के प्रति जानकारी का नितांत अभाव और बाल श्रम को लागू करने वाली संस्थाओं की कमजोरी के कारण बाल श्रम को बल मिलता है। बाल श्रम रोकने के लिए कानूनी प्रक्रिया में इतनी लंबी तथा महंगी होती है की इस प्रक्रिया पर रोक लगाना लगभग असंभव प्रतीत दिखाई देता है। कई परिवारों में बहुत बच्चे होने के कारण और परिवार के अभिभावकों की असामयिक मृत्यु अथवा बीमारी के कारण बच्चों पर ज्यादा जिम्मेदारी आने से बाल श्रम का सिलसिला शुरू होता है, और वह निर्बाध गति से आगे बढ़ता है। इसमें बच्चों का समाजिक, शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, प्रशासनिक जैसे सभी स्तरों पर शोषण होता है। भारत में बाल श्रम इसीलिए भी प्रचलित है क्योंकि बाल श्रमिकों को वयस्क श्रमिक से आधे से भी कम पारिश्रमिक दिया जाता है। बाल श्रमिक बहुत कम दाम पर आसानी से उपलब्ध हो जाता है। इसलिए इस सिलसिले को रोकने का प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। बालकों के श्रम करने से उनमें मस्तिष्क का तनाव मानवी कुंठा तथा उन्हें दिग्भ्रमित करने की दिशा में कई स्तरों पर शोषण किया जाता है। इस तरह लाखों बच्चे सामाजिक बुराई के शोषण का शिकार होते हैं। बाल श्रम के कारण अनेक विसंगतियां के प्रमाण मिले थे जैसे मानव दुर्व्यवहार, बाल वेश्यावृत्ति जैसे अपराधों में बड़ी संख्या में वृद्धि होती है,और बाल श्रमिकों का जीवन एक दुर्घटना तथा अभिशाप बनकर रह जाता है । समाज के लिए कई परेशानियों का जन्म भी होता है। बाल श्रम करने के पश्चात भी बालकों बालिकाओं को पर्याप्त भोजन नहीं मिलने से वह कुपोषण के भी शिकार होते हैं, और बाद में कई बीमारियों के संवाहक भी बन जाते हैं।

# तेज अर्थव्यस्था पर आगे कई बाधाएं



विक्रम उपाध्याय

भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानि जीडीपी की वृद्धि दर दुनिया भर के लिए एक अच्छी खबर है, क्योंकि आर्थिक रूप से समृद्ध लगभग सभी देशों के बाजार में एक तरह से मुर्दनी छायी हुई है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में भारत के जीडीपी में 13.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो पूरे विश्व में सबसे अधिक है। चीन की पहली तिमाही के जीडीपी में 4.8 प्रतिशत, अमेरिका की पहली तिमाही की वृद्धि दर माइनस 0.6 प्रतिशत, आस्ट्रेलिया की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 0.8 प्रतिशत, ब्रिटेन की 0.6 प्रतिशत और जर्मनी की जीडीपी वृद्धि दर 0.10 प्रतिशत रही है। यदि आकार के आधार पर आकलन करे तो भारत की पहली तिमाही की जीडीपी 36.85 लाख करोड़ रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 32.46 लाख करोड़ थी। कहने की जरूरत नहीं है कि भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को ना सिर्फ पटरी पर रखा है, बल्कि विकास का एक बड़ा रोडमैप दुनिया के सामने पेश कर रहा है। लेकिन विकास की इस रफ्तार के साथ आने वाले दिनों की काफी आशंकाएं भी है, जिसका जवाब भारत को ढूंढना है। भले ही हमने इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में एक बेहतर विकास दर हासिल किया है, लेकिन पिछले साल की इसी अवधि में हमने 20 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि दर हासिल की थी।

13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से कई विशेषज्ञों की उम्मीदों को भी धक्का लगा है। जैसे रिजर्व बैंक का आकलन था कि चालू वित वर्ष की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 16 प्रतिशत से अधिक होगी। सरकार द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार इस पहली तिमाही में कृषि, बागवानी और मछली पालन उद्योग में 4.5 प्रतिशत की तो बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य सुविधा सेवाओं में 1.7 प्रतिशत, वित, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में 9.2 प्रतिशत, लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं में 26.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले काफी बेहतर हैं। लेकिन खनन, विनिर्माण, कंस्ट्रक्शन और होटल उद्योग में पिछले साल की इस अवधि में गिरावट आई है। घरेलू उपभोक्ता उद्योग सुधरा है पर निर्यात कम और आयात बहुत ज्यादा बढ़ा है। अब अगले तीन महीने की यानी जुलाई से लेकर सितंबर तक के नंबर पर यह निर्भर करेगा कि भारत वर्ष के अंतिम में सात फीसदी से अधिक की वृद्धि दर हासिल करता है कि नहीं। आगे वाले दिनों के प्रति दुनिया के तमाम अर्थशास्त्री एवं बड़े संस्थान आशंकित हैं कि रूस-यूक्रेन युद्ध और जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़ और सूखे की विभीषिका के चलते आर्थिक मंदी छाने वाली है। निश्चित रूप से भारत भी इससे प्रभावित रहेगा। रिजर्व बैंक ने भी अगले तीन तिमाहियों के लिए जो अनुमान लगाया है, उसके अनुसार दूसरी तिमाही की जीडीपी में वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.1 प्रतिशत और अंतिम तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर 4 प्रतिशत की हो सकती है। रिजर्व बैंक ने पूरे साल की जीडीपी वृद्धि दर में 7.2 प्रतिशत का अनुमान व्यक्त किया है।

यदि हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं तो भी हम दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यस्था का तमगा हासिल कर सकते हैं। यदि 7 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर हासिल होती है तो इसमें सबसे बड़ी भूमिका रिजर्व बैंक की ही रहने वाली है, क्योंकि ब्याज दर बढ़ा कर बाजार में सहज पूंजी की व्यवस्था नहीं हो सकती। दुनिया के अन्य देशों के केंद्रीय बैंकों की तरह रिजर्व बैंक भी लगातार ब्याज दर बढ़ाता जा रहा है। मई से लेकर अभी तक ब्याज दरों में 1.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है और अंदाज लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में आरबीआई ब्याज दर और बढ़ा सकता है। ब्याज दर बढ़ाने का सीधा असर लोगों की खर्च करने की क्षमता पर पड़ता है और हमारे यहां 55 प्रतिशत आर्थिक गतिविधियां उपभोक्ता खर्च की होती हैं। आरबीआई का मानना है कि महंगाई दर पर काबू करने के लिए ब्याज दर बढ़ाना एक बेहतर विकल्प है और इसका असर भी दिखाई दिया है। जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति की दर मई और जून के मुकाबले कम हुई है। जुलाई में महंगाई दर 6.71 प्रतिशत पर आकर ठहरी, जबकि मई और जून में महंगाई वृद्धि दर 7 फीसदी से अधिक रही। उच्च विकास दर के बावजूद अर्थव्यवस्था के लिए कुछ खतरे भी दिखाई दे रहे हैं। जैसे इस बार पिछले साल के मुकाबले खरीफ की बुवाई कम हुई है, क्योंकि मॉनसून ने कहीं बहुत ज्यादा तो कहीं बहुत कम वर्षा का अनुदान दिया है।

# मूषक कैसे बना भगवान गणेश का वाहन?



हिंदू देवताओं में प्रत्येक देवता का अपना वाहन होता है। विष्णु जी का वाहन गरूड़, मां लक्ष्मी का वाहन उल्लू, मां सरस्वती का वाहन हंस, शिव जी का वाहन नंदी बैल, मां पार्वती का वाहन बाघ है। सभी देवताओं के वाहन की अपनी-अपनी खासियतें हैं। जैसे सिंह का अर्थ है तेज गति वाला वाहन, बैल का अर्थ है समर्पित भक्त। लेकिन क्या आप जानते हैं भगवान गणेश जी ने अपना वाहन मूषक क्यों चुना? पंडित इंद्रमणि घनस्याल बताते हैं कि भगवान गणेश जी की मूषक सवारी होने के पीछे एक रहस्य छुपा हुआ है। आइए जानते हैं इसका राज।

### पहली कथा

एक पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार भगवान गणेश जी का युद्ध गजमुखासुर नामक असुर से हुआ। गजमुखासुर को किसी भी अस्त्र से खत्म नहीं किया जा सकता था क्योंकि उसको वरदान मिला हुआ था। तब गजमुखासुर पर गणेश जी ने अपने एक दांत से वार किया।

इससे डर कर गजमुखासुर वहां से मूषक बनकर भागने लगा। लेकिन गणेश जी ने अपने पाश में उसे बांध लिया। इस पर गजमुखासुर ने गणेश जी से माफी मांगी। इसके बाद गणेश जी ने उसे अपना वाहन बनाकर नया जीवनदान दिया।

### दूसरी कथा

द्वापर युग में एक बलवान मूषक ने महर्षि पराशर के आश्रम में तोड़-फोड़ कर दी थी। ऋषियों के वस्त्र और ग्रंथों को भी कुतर दिया। इससे परेशान महर्षि पराशर गणेश जी से सहायता मांगने पहुंचे। इस पर गणेश जी मूषक को पकड़ने पहुंचे। गणेश जी ने पाश फेंका। मूषक पाश का पीछा करते हुए पाताल लोक पहुंच गया।वहां से पाश उसे बांधकर गणेश जी के सामने ले गया। गणेश जी ने मूषक से कहा कि अब तुम मेरी शरण में हो, जो चाहे मांग सकते हो। इस पर मूषक ने कहा कि मुझे आपसे कुछ नहीं चाहिए। लेकिन, आप मुझसे कुछ मांग सकते हो। इस पर गणेश जी ने कहा कि तुम मेरा वाहन बन जाओ। इस तरह मूषक गणेश जी का वाहन बन गया।

# ज्येष्ठ गौरी पूजा के महत्वपूर्ण ,तिथि, पूजा





गौरी पूजन भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष में किया जाता है . भाद्रपद शुद्ध अष्टमी के दिन गौरी ने असुरों का वध किया था। तब से, महिलाएं शाश्वत सौभाग्य प्राप्त करने के लिए ज्येष्ठ गौरी का पालन कर रही हैं। गौरी पूजन को कुछ स्थानों पर महालक्ष्मी पूजन भी कहा जाता है। ज्येष्ठा नक्षत्र में गौरी या महालक्ष्मी की पूजा की जाती है, इसलिए उन्हें ज्येष्ठगौरी भी कहा जाता है। पंचगकर्ता मोहन दाते ने कहा कि इस वर्ष अनुराधा नक्षत्र पर दिन में किसी भी समय गौरी का आह्वान किया जा सकता है।

**गौरी की स्थापना का समय क्या है?** गौरी पूजन गणपति बप्पा के आगमन के बाद मनाया जाता है। गौरी का स्वागत महर्वासिनी की तरह किया जाता है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष में अनुराधा नक्षत्र में शनिवार, 3 सितंबर 2022 को गौरी घर पहुंचेंगी। जिनके पास गौरी है वे दिन में किसी भी समय गौरी लाकर अनुराधा नक्षत्र का आह्वान कर सकते हैं।

रविवार 4 सितंबर गौरी पूजन जिसे हम गौरी खाना कहते हैं, रविवार का दिन है। ज्येष्ठा नक्षत्र पर गौरी पूजा की जाती है और महानैवेद्य किया जाता है। उसे शानदार भोजन परोसा जाता है। इसमें 16 सब्जियां, पंचकवन्ना शामिल हैं। हमेशा की तरह सुबह और दोपहर में महालक्ष्मी की पूजा करने के बाद, हमें इसे प्रसाद के रूप में एक अच्छा प्रसाद बनाकर लेना चाहिए।

गौरी विसर्जन 5 सितंबर को मूल नक्षत्र में है, इसलिए आप अपनी सुविधानुसार रात 8 बजे तक कभी भी गौरी विसर्जन कर सकते हैं। गौरी का स्वागत कैसे करें? गौराई सोने के पैरों के साथ, माणिक मोती के पैरों के साथ आती है। उस दिन दरवाजे पर रंगोली बनाकर, लक्ष्मी के कदम पीछे खींचकर, थाली और चम्मच बजाकर गौरी के मुखौटों को घर में लाया जाता है। वे गौरी को सुंदर गहनों, फूलों की माला, नई साड़ियों से सजाते हैं। उसे शानदार भोजन परोसा जाता है।

इसमें 16 सब्जियां, पंचकवन्ना शामिल हैं। गौरी के मुखौटे विदर्भ, मराठवाड़ा समेत कुछ जगहों पर महालक्ष्मी के मुखौटे रखे गए हैं। गौरी को विशेष रूप से विदर्भ में महालक्ष्मी कहा जाता है। इसके अलावा कहीं-कहीं तेरदा गौर भी है। गौरी पूजा, विभिन्न क्षेत्रों में व्यवस्था के तरीके में आधुनिकता देखी जा सकती है। गौरी के साथ उनके बच्चे भी मौजूद हैं। कुछ स्थानों पर राशी की महालक्ष्मी होती हैं। यानी घर में पांच अनाजों की पूजा करने की एक विधि है।

### ज्येष्ठ पूजा का समय 2022

ज्येष्ठ गौरी पूजा रविवार 4 सितंबर 2022 को

**ज्येष्ठ गौरी पूजा मुहूर्त** – सुबह 06:00 बजे से शाम 06:39 बजे तक

**अवधि** – 12 घंटे 39 मिनट

ज्येष्ठ गौरी आवाहन शनिवार 3 सितंबर 2022 को

ज्येष्ठ गौरी विसर्जन सोमवार 5 सितंबर 2022 को

**ज्येष्ठ गौरी विसर्जन समय 2022:**

ज्येष्ठ गौरी विसर्जन सोमवार 5 सितंबर 2022 को

**ज्येष्ठ गौरी विसर्जन मुहूर्त** – 06:01 एएम to 06:38 पीएम

अवधि – 12 घंटे 37 मिनट

ज्येष्ठ गौरी आवाहन शनिवार 3 सितंबर 2022 को

ज्येष्ठ गौरी पूजा रविवार 4 सितंबर 2022 को

**इस वर्ष गौरी आवाहन 3 सितंबर को और पूजा क्रमशः** 4 सितंबर को होगी। विसर्जन समारोह 5 सितंबर 2022 को होगा।

# मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर जयपुर





मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर जयपुर में स्थित करीब 760 वर्ष प्राचीन मूर्ति है, जहां दर्शन करने के लिए दूर-दूर भक्त लोग आते रहते हैं। इस मंदिर में नए वाहनों की पूजा होती है, जहां पर राजस्थान सहित देश के अन्य शहरों से लोग अपने नए वाहनों की पूजा कराने के लिए आते हैं। ऐसा माना जाता है कि गणेश जी के इस मंदिर वाहनों की पूजा कराने पर दुर्घटना नहीं होती है। तो आइए जानते हैं जयपुर के मोती डूंगरी के गणेश जी मंदिर बारे में –

भगवान गणेश का यह मंदिर जयपुर के मोती डूंगरी के तलहटी में स्थित है, जिससे जयपुर सहित आसपास के अन्य श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास जुड़ा हुआ है। इतिहासकारों का कहना है कि गणेश जी के इस प्राचीन प्रतिमा को 1761 ई० में जयपुर के महाराजा माधो सिंह प्रथम की पटरानी के पीहर मावली से लाई गई थी। यह प्रतिमा लगभग 500 वर्ष पुरानी थी, जब इस प्रतिमा को गुजरात से लाया गया था।

जयपुर के नगर सेठ पल्लीवाल ने गुजरात से गणेश जी इस प्रतिमा को लेकर आए थे और पल्लीवाल जी की देख रेख में ही इस प्रतिमा मोती डूंगरी में मंदिर निर्माण करवाने के बाद स्थापित करवाया गया था।

### मोती डूंगरी में स्थित गणेश जी मंदिर की मान्यता –

इस मंदिर में गणेश जी को सिंदूर का चोला चढ़ाकर लड्डू का भोग लगाया जाता है। यहां पर नए वाहनों की पूजा भी की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से गाड़ियों को घटना नहीं होती है। गणेश चतुर्थी, नवरात्रि रामनवमी, धनतेरस और दीपावली के दिन नए गाड़ियों की पूजा के लिए काफी भीड़ लगी होती है। गणेश जी के मंदिर में हर बुधवार को सबसे ज्यादा भीड़ होती है और इस दिन भी बहुत सारे नए वाहनों की पूजा की जाती है। मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु अपने वाहनों की पूजा के लिए आते हैं।

यह मंदिर जयपुर के सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। राजस्थान सहित देश के अन्य क्षेत्रों से जयपुर आने वाले श्रद्धालु इस मंदिर में आना नहीं भूलते हैं। यह मंदिर जयपुर सहित आसपास के श्रद्धालुओं के आस्था का प्रमुख केंद्र है।

### मोती डूंगरी में स्थित गणेश जी मंदिर की स्थिति –

गणेश जी का मंदिर राजस्थान की जयपुर जिले के मोती डूंगरी पठार के निचले भाग में स्थित है, जिससे बहुत सारे श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास जुड़ा हुआ है।

### मोती डूंगरी में स्थित गणेश जी मंदिर के खुलने और बंद होने का समय ?

यह मंदिर प्रतिदिन सुबह 06:15 बजे खुलता है और शाम 07:00 बजे बंद होता है, जिसमें आप दिन के किसी भी समय में जाकर दर्शन कर सकते हैं।

### मोती डूंगरी में स्थित गणेश जी मंदिर कैसे पहुंचे ?

मोती डूंगरी में स्थित गणेश जी मंदिर राजस्थान की राजधानी जयपुर शहर में स्थित है, इसलिए गणेश जी के इस मंदिर में जाने के लिए सबसे पहले आपको जयपुर जाना पड़ेगा। तो आइए अच्छे तरीके से जानते हैं कि मोती डूंगरी में स्थित गणेश जी मंदिर कैसे पहुंचे।

### ट्रेन से मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर कैसे पहुंचे ?

नजदीकी रेलवे स्टेशन जयपुर में है, जो इस मंदिर से करीब 8 किमी. की दूरी पर स्थित है और यहां से भी आप टैक्सी पकड़ कर मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर जा सकते हैं।

# दूर्वा अष्टमी : सबसे पहले कश्यप ऋषि ने गणेशजी को चढ़ाई थी दूर्वा

गणेश चतुर्थी के 4 दिन बाद यानी पंचांग के मुताबिक भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर दूर्वाष्टमी व्रत किया जाता है। इस बार ये 3 सितंबर को किया जाएगा। इस दिन भगवान गणेश को खासतौर से दूर्वा चढ़ाने की परंपरा है। माना जाता है इस दिन दूर्वा से गणेशजी की विशेष पूजा करने से हर तरह की परेशानियां दूर होती हैं और मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। इस तिथि से जुड़ी हुई पुराणों में कथा भी है। जिसमें राक्षस को मारने के बाद गणेशजी को दूर्वा चढ़ाई और तब से परंपरा चली आ रही है।

### दूर्वा चढ़ाने की परंपरा क्यों

गणेश जी को दूर्वा चढ़ाने के पीछे अनलासुर नाम के असुर से जुड़ी कथा है। कथा के मुताबिक अनलासुर के आतंक की वजह से सभी देवता और पृथ्वी के सभी इंसान बहुत परेशान हो गए थे। तब देवराज इंद्र, अन्य देवता और प्रमुख ऋषि-मुनि महादेव के पास पहुंचे। शिवजी ने कहा कि ये काम सिर्फ गणेश ही कर सकते हैं। इसके बाद सभी देवता और ऋषि-मुनि भगवान गणेश के पास पहुंचे। देवताओं की प्रार्थना सुनकर गणपति अनलासुर से युद्ध करने पहुंचे। काफी समय तक अनलासुर पराजित ही नहीं हो रहा था, तब भगवान गणेश ने उसे पकड़कर निगल लिया। इसके बाद गणेश जी के पेट में बहुत जलन होने लगी। जब कश्यप ऋषि ने दूर्वा की 21 गांठें बनाकर गणेश जी को खाने के लिए दी। जैसे ही उन्होंने दूर्वा खाई, उनके पेट की जलन शांत हो गई। तभी से भगवान गणेश को दूर्वा चढ़ाने की परंपरा शुरू हो गई।




### दूर्वा के बिना अधूरे हैं कर्मकांड और मांगलिक काम

हिन्दू संस्कारों और कर्मकाण्ड में इसका उपयोग खासतौर से किया जाता है। हिन्दू मान्यताओं में दूर्वा घास प्रथम पूजनीय भगवान श्रीगणेश को बहुत प्रिय है। इसलिए किसी भी तरह की पूजा और हर तरह के मांगलिक कामों में दूर्वा को सबसे पहले लिया जाता है। इस पवित्र घास के बिना, गृहप्रवेश, मुंडन और विवाह सहित अन्य मांगलिक काम अधूरे माने जाते हैं। भगवान गणेश की पूजा में दो, तीन या पाँच दूर्वा अर्पण करने का विधान तंत्र शास्त्र में मिलता है।

# साउथ की इस खूबसूरत एक्ट्रेस ने फिल्ममेकर से रचाई शादी, तस्वीरें देख फैंस को नहीं हो रहा यकीन!



**फिल्ममेकर रवींद्र** चंद्रशेखर और साउथ की मशहूर अभिनेत्री महालक्ष्मी शादी के बंधन में बंध गए हैं। परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों के मौजूदगी में दोनों ने सात फेरे लिए। एक्ट्रेस ने हाल ही मे अपनी शादी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। ये फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की यह दूसरी शादी है। इससे पहले उनकी शादी अनिल से हुई थी। उनसे उनका एक बेटा भी है। शादी के बाद दोनों के बीच काफी ज्यादा विवाद रहे जिसके चलते एक्ट्रेस ने अपनी राहें अलग कर लीं, लेकिन अब उन्हें रवींद्र के रूप में हमसफर मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों की मुलाकात फिल्म 'विदियुम वरई काथिरु' के दौरान हुई थी। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती चली गईं।

शादी की फोटोज शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'अपने जीवन में आपको पाकर मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं। आपने मेरी जिदंगी अपने प्यार से भर दी। लव यू अम्मू।'

इन तस्वीरों के सामने आने के बाद लोगों के रिएक्शन आने भी शुरू हो गए हैं। कई लोग इस नए जोड़े को शादी की बधाई दे रहे हैं। वहीं कुछ को एक्ट्रेस के अचानक शादी करने पर यकीन नहीं हो रहा है। एक यूजर ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'सीरियसली...क्या यह किसी सीरियल का प्रोमो है?' वहीं एक ने लिखा, 'यह कैसे संभव हो सकता है?' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'उम्मीद करता हूं कि यह केवल एक मूवी ही हो।' इसके अलावा भी कई सारे लोग इन तस्वीरों को देखकर हैरानी जता रहे हैं।

गौरतलब है कि महालक्ष्मी ने 'वाणी रानी' 'चेल्लामय', 'ऑफिस', 'अरसी', 'थिरु मंगलम', 'यामिरुक्का बयामेन' और केलाडी कनमनी जैसे सीरियल में नजर आ चुकी हैं। वहीं, रवींद्र चंद्रशेखर 'नालनम नंदिनीयम', 'सुट्टा कढ़ाई', 'नत्पुना एन्नानु थेरियुमा' और 'मुरुंगकाई चिप्स' जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं।

# दुनियाभर में बजा धनुष का डंका, बनी अमेरिका में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी तमिल फिल्म



साउथ सुपरस्टार धनुष की तमिल फिल्म 'थिरुचित्रम्बलम' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। मिथुन जवाहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने तमिलनाडु बॉक्स ऑफिस पर 75 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। इसके साथ ही यह धनुष के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। तमिल भाषा में रिलीज हुई रोमांटिक कॉमेडी 'थिरुचित्रम्बलम' न केवल भारत में, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका के सिनेमाघरों में भी कहर बरपा रही है। नतीजतन, धनुष की फिल्म 'विक्रम' और 'बीस्ट' को पछाड़ अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर तीसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली 2022 तमिल फिल्म बन गई है। थिरुचित्रम्बलम कुल 78.49 करोड़ रुपये।

गौरतलब है कि फिल्म 'थिरुचित्रम्बलम' में धनुष एक फूड डिलीवरी बॉय की भूमिका निभा रहे हैं। नित्या मेनन, राशि खन्ना, प्रकाश राज, भारतीराजा और प्रिया भवानी शंकर भी फिल्म का हिस्सा हैं। मिथुन और धनुष का यह एक साथ चौथा प्रोजेक्ट है। दोनों ने अब तक कुट्टी, यारदी नी मोहिनी और उत्तम पुथिरन जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो वर्तमान में धनुष अपनी आगामी तमिल-तेलुगू फिल्म 'वाथी' की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म के तेलुगू वर्जन का टाइटल 'सर' रखा गया है। वेंकी अतलुरी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में धनुष एक प्रोफेसर की भूमिका में निभाते हुए नजर आएंगे। बता दें कि यह फिल्म धनुष की तेलुगू उद्योग में पहली फिल्म होगी।

# दो हजार करोड़ के बजट में तैयार होगी प्रियंका की सिटाडेल, क्या दोबारा होगी सीरीज की शूटिंग?

**बॉलीवुड की** 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा अब हॉलीवुड में सक्रिय हैं और वह जल्द ही अपकमिंग वेब सीरीज 'सिटाडेल' में नजर आएंगी। इस सीरीज में उनके साथ रिचर्ड मैडेन दिखाई देंगे। लेकिन इस सीरीज से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है जो सिनेप्रेमी को हैरान के लिए काफी है। प्रियंका और रिचर्ड की यह वेब सीरीज अमेजन प्राइम की दूसरी सबसे महंगी वेब सीरीज बनने जा रही है। इस सीरीज का बजट 200 मिलियन डॉलर यानी 2 हजार करोड़ के आसपास तक पहुंच गया है।

रूसो ब्रदर्स और पैट्रिक मोरन द्वारा निर्मित अमेजन प्राइम की इस सीरीज से जुड़ी एक मीडिया रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें दावा किया गया है कि इस सीरीज की आधी क्रिएटिव टीम बाहर हो गई है और यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया है जब इस सीरीज की शूटिंग को काफी हद तक पूरा कर लिया गया है। इसी वजह से अब 'सिटाडेल' की शूटिंग को एक बार फिर से किया जाएगा, जिस वजह से सीरीज का बजट अपने आप ही डबल के आसपास हो गया।

सूत्रों के मुताबिक, 'सिटाडेल' के पहले शूट में कम से कम 160 मिलियन डॉलर की लागत आई थी लेकिन अब एक बार फिर से शूट करने पर इस सीरीज के बजट में 75 मिलियन डॉलर जोड़े गए हैं, जिस वजह से इसका बजट 200 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2021 में इस सीरीज की शूटिंग शुरू हो गई थी लेकिन रूसो ब्रदर्स ने अपने बाकी प्रोजेक्ट की वजह से अमेजन की इस सीरीज में देरी से एंट्री की। इसी बीच प्राइम वीडियो की टीम,



सीरीज में जोश अपेलबाउम और आंद्रे नेमेको के एक प्लॉट से नाखुश दिखे, जिसके बाद ही यह सारा विवाद शुरू हुआ। फिर रूसो और अपेलबाउम के बीच रचनात्मक अंतर शुरू होने लगे, जिसकी वजह से सीरीज की क्रिएटिव टीम से कई लोग बाहर हो गए।

बता दें कि साल 2021 में जब प्रियंका चोपड़ा ने इस सीरीज की शूटिंग शुरू की थी, तब से ही वह इससे जुड़ी अपडेट सोशल मीडिया पर देती दिखीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी चोट के निशान के साथ भी एक तस्वीर साझा की थी।

# लाइगर फ्लॉप होने से स्टार्स की छवि और वितरकों को नुकसान, अब भरपाई के लिए पुरी जगन्नाथ ने लिया बड़ा फैसला



**विजय देवरकोंडा**-अनन्या पांडे की फिल्म 'लाइगर' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई है। 125 करोड़ रुपये के बजट में बनी यह फिल्म आठ दिनों में 40 करोड़ रुपये तक का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। ऐसे में विजय देवरकोंडा-अनन्या पांडे की छवि से लेकर मेकर्स तक को काफी नुकसान पहुंचा है। हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान पुरी जगन्नाथ की फिल्म के वितरक वारंगल श्रीनु ने कहा था कि "लाइगर की वजह से मैंने अपने निवेश का लगभग 65 प्रतिशत खो दिया है।₹

वितरक ने क्या कहा?

मीडिया हाउस से हुई बातचीत के दौरान पिछले 12 महीनों में 100 करोड़ रुपये के नुकसान वाली रिपोर्ट्स का खंडन करते हुए, वारंगल श्रीनु ने कहा था, 'नहीं, मैंने एक साल में 100 करोड़ नहीं गंवाए हैं। लेकिन मैंने बहुत सारा पैसा खो दिया है, इसमें कोई शक नहीं। लाइगर की वजह से मैंने अपने निवेश का लगभग 65 प्रतिशत खो दिया है।

**पुरी जगन्नाथ का बड़ा फैसला**

'लाइगर' के वितरकों की ऐसे हालत देख पुरी जगन्नाथ भावुक हो गए हैं। वितरक वारंगल श्रीनु के अनुसार, लाइगर के निर्देशक-निर्माता पुरी जगन्नाथ हैदराबाद जाकर वितरकों से मिलने की प्लानिंग कर रहे हैं। इतना ही नहीं पुरी जगन्नाथ वितरकों से नुकसान के बारे में बात कर उन्हें मुआवजा देने की योजना बना रहे हैं।

**अब तक कितनी हुई लाइगर की कमाई**

फिल्म के कलेक्शन में कोई सुधार देखने को नहीं मिला है। पांच भाषाओं में देशभर के लगभग 2500 स्क्रीन पर रिलीज हुई इस फिल्म ने गुरुवार को भी बेहद कम कमाई की है। शुरुआती आंकड़ों के हिसााब से लाइगर ने महज 60 लाख रुपये का कारोबार किया है। इस फिल्म का कुल कलेक्शन 39.49 करोड़ रुपये हो गया है।



# किआरा आडवाणी ने बताया था कि उन्हें क्यों होती है कटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण से जलन



किआरा ने एक इंटरव्यू में करीना कपूर खान से बातचीत के दौरान बताया था कि उन्हें किस बात को लेकर कटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण से जलन होती है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की गिनती आज टॉप एक्ट्रेसेस में होती है और अपनी खूबसूरती, बेहतरीन एक्टिंग और मेहनत से खुद के लिए एक बड़ा मुकाम बनाया है। कियारा ने एक इंटरव्यू में करीना कपूर खान से बातचीत के दौरान बताया था कि उन्हें किस बात को लेकर कटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण से जलन होती है।

**कटरीना- दीपिका से क्यों होती है कियारा को जलन**

दरअसल फिल्म इंदु की जवानी के प्रमोशन के दौरान कियारा आडवाणी, करीना कपूर खान के शो 'वट वुमन वॉन्ट्स' में पहुंची थीं। शो में करीना ने कियारा से पूछा था कि फिटनेस के लिए वो किससे जलन महसूस करती हैं। इस पर कियारा ने कहा था, 'बहुत सारी हैं, लेकिन दीपिका पादुकोण और कटरीना कैफ। मुझे लगता है कि वो बहुत मेहनत करती हैं और उन्हें ये गॉड गिफ्ट भी है।'

**करीना ने कैसे किया था रिएक्ट**

वहीं कियारा की बात से ही आगे बात बढ़ाते हुए करीना कपूर खान कहती हैं, 'और मुझे लगता है कि उनके पास बढ़िया हाइट भी है।' बता दें कि कटरीना कैफ और दीपिका के अलावा करीना कपूर खान, कियारा आडवाणी, आलिया भट्ट, कृति सेनन,सारा अली खान, नेहा शर्मा, मलाइका अरोड़ा, प्रियंका चोपड़ा सहित कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जो सुपरफिट हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर फिटनेस से जुड़े पोस्ट्स भी करती हैं।

बता दें कि बीते कुछ वक्त में कियारा आडवाणी ने फिल्म शेरशाह और भूल भुलैया 2 से दर्शकों का दिल जीता है। भूल भुलैया 2 में कियारा की जोड़ी कार्तिक आर्यन के साथ बनी थी, जबकि शेरशाह में वो सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आई थीं। वहीं बात कियारा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की करें तो वो कार्तिक आर्यन के साथ सत्य प्रेम की कथा और विकी कौशल के साथ गोविंदा मेरा नाम में नजर आएंगी। दोनों ही फिल्मों के लिए दर्शक एक्साइटिड हैं।

# तीन शादियों से लेकर नेटवर्थ तक, जानें 'पावर स्टार' पवन कल्याण से जुड़ी खास बातें

**अभिनेता पवन** कल्याण का जन्म बापटला, आंध्र प्रदेश में हुआ था। पवन ने अपनी दमदार एक्टिंग और कई बेहतरीन फिल्मों से 'पावर स्टार' का टैग जीता है। पवन कल्याण का असली नाम कोन्निडेला कल्याण बाबू है और वो साउथ के मेगास्टार चिरंजीवी के छोटे भाई हैं। पवन कल्याण ने सिर्फ सिनेमाई दुनिया ही नहीं बल्कि राजनीति जगत में भी खूब वाहवाही लूटी है।

**पवन कल्याण ने की तीन शादियां**

अभिनेता पवन कल्याण सिर्फ अपनी प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा में रहते हैं। पवन कल्याण ने कुल तीन शादियां रचाई हैं। पवन की पहली शादी नंदिनी से साल 1997 में हुई थी, जिससे उनका साल 2007 में तलाक हो गया था। इसके बाद साल 2009 में उन्होंने रेनू देसाई से शादी की, लेकिन ये रिश्ता भी लंबा नहीं चल सका और दोनों साल 2012 में अलग हो गए। इसके बाद पवन कल्याण की तीसरी शादी अन्ना लेजनेवा से 2013 में हुई और ये दोनों आज भी हंसी खुशी साथ में हैं।

**पवन कल्याण की दमदार फिल्में**

पवन कल्याण ने साल 1996 में तेलुगु फिल्म 'अक्कादा अम्माई इक्कादा अब्बाई' से अपने करियर की शुरुआत की थी। पवन ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं, जिन्हें एक ओर जहां दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया तो दूसरी ओर बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्मों ने धमाका किया। पवन कल्याण साउथ सिनेमा के पावर स्टार एक्टर हैं, ऐसे में हो सकता है कि हिंदी बेल्ट के दर्शकों ने उनकी फिल्में कम देखी हों, लेकिन उनकी ये 9 फिल्में आपको भी जरूर देखनी चाहिए।

अत्तरीनतिकी दरेदी, तोली प्रेमा, कुशी, गब्बर सिंह,जलसा, थमुड्डू, बद्री,वकील साब,



कटमरायुडू

**पवन कल्याण की नेटवर्थ**

पवन की गिनती तेलुगू सिनेमा के बड़े सितारों में होती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पवन कल्याण की नेटवर्थ करीब 15 मिलियन डॉलर,यानी 113 करोड़ रुपये के आस पास है। रिपोर्ट के मुताबिक हर महीने पवन कल्याण करीब एक करोड़ रुपये की कमाई करते हैं, जिस में ब्रांड एंडोर्समेंट्स, इवेंट्स आदि भी शामिल हैं। एक फिल्म के लिए उनकी फीस करीब 10 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके पास ऑडी क्यू 7, मर्सडीज बेंज जी55 एएमजी और मर्सडीज बेंज आर क्लास जैसे लग्जरी कार भी हैं।



# दिशा पाटनी को ब्लैक लैदर डीपनेक आउटफिट में देख मदहोश हो रहे फैन्स

**बॉलीवुड की** हॉट एक्ट्रेस दिशा पाटनी एक बार फिर अपने बोल्ड अंदाज से फैन्स के दिल का चैन चुराती नजर आ रहीं हैं। इन हालिया तस्वीरों में दिशा पाटनी काफी गॉर्जियस लग रहीं हैं, जिन पर फैन्स दिल हार बैठे हैं।

अपने इस लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट में दिशा पाटनी ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में बेहद सिज़लिंग पोज़ देती नजर आ रहीं हैं।

इन तस्वीरों में दिशा पाटनी ब्लैक लैदर ड्रेस में काफी किलिंग लग रहीं है, जिन पर फैन्स - स्टनिंग, ऑसम, सो ब्यूटीफुल लुकिंग, अमेज़िंग लुक, वाओ और गॉर्जियस जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में दिशा पाटनी कैमरे के सामने अलग-अलग अंदाज में एक से बढ़कर एक किलर पोज़ देती नजर आ रहीं हैं। दिशा पाटनी ने अपने इस लुक को ग्लॉसी मेकअप और ओपन हेयर लुक के साथ कम्प्लीट किया।

सोशल मीडिया पर दिशा पाटनी कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार में धमाल मचाती नजर आती हैं।

# सुजैन खान ने इंस्टाग्राम पर ब्रालेट में शेयर की तस्वीर, अर्सलान गोनी ने ऐसे किया रिएक्ट

**एक ओर जहां** बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन का नाम सबा खान के साथ जुड़ रहा है तो दूसरी ओर ऐसा कहा जा रहा है कि उनकी एक्स वाइफ सुजैन खान, अली गोनी के भाई अर्सलान गोनी के साथ रिलेशनशिप में हैं। हालांकि इस बारे में आधिकारिक तौर पर किसी ने भी कुछ भी नहीं कहा है। सुजैन खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और ऐसे में हाल ही में जब उन्होंने एक पोस्ट किया तो अर्सलान ने उन पर खूब प्यार लुटाया।

**सुजैन खान का पोस्ट**

सुजैन खान की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अच्छी फैन फॉलोइंग है और उन्हें करीब 1.4 मिलियन सोशल मीडिया यूजर्स फॉलो करते हैं। इस बीच सुजैन खान ने इंस्टा पर ब्रालेट में एक फोटो शेयर की, जिस में उनका स्वैग नजर आ रहा था, और ये तस्वीर देखते ही देखते वायरल होने लगी। इस तस्वीर के साथ कैप्शन में सुजैन ने लिखा, 'बीच (समंदर किनारे) पर बिताया एक दिन आपकी आत्मा को रिस्टोर कर देता है, खुद के लिए नोट- जो दिल करें वो जरूर करो।'

**कैसा है सुजैन का लुक**

बता दें कि सुजैन खान अक्सर अपने स्टाइल को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। वहीं बात इस पोस्ट में सुजैन के लुक की करें तो उन्होंने ब्लैक कलर की डिजाइनर ब्रालेट पहनी हुई है और सेल्फी में वो पोज दे रही हैं। ब्लैक ब्रालेट के साथ ही सुजैन ने डेनिम की शॉर्ट पैंट कैरी की है। वहीं इस दौरान सुजैन के बाल ओपन हैं और वो बेहद ही लाइट मेकअप में नजर आ रही हैं।



**अर्सलान गोनी ने किया कमेंट**



सुजैन खान के इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने कमेंट किया, जिस में एक नाम अर्सलान गोनी का भी रहा। सुजैन के पोस्ट पर अर्सलान ने ढेर सारे किस के इमोजीस कमेंट किए। वहीं प्रीति जिंटा ने उन्हें हॉटी बताया। वहीं सुजैन के फैन्स भी इस तस्वीर को काफी हॉट और दिलखुश बता रहे हैं। हालांकि कुछ सोशल कमेंट्स में सुजैन को ट्रोल भी करने की कोशिश की गई है।

# धोनी की कप्तानी के बाद क्यों घटे ऑलराउंडर

एशिया कप में भारत का दूसरा मुकाबला हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ था और इस मैच में विराट कोहली गेंदबाजी करते नजर आए। इस मैच में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को आराम दिया गया था। ऐसे में कोहली छठे गेंदबाज की भूमिका में नजर आए और एक ओवर किया। 2016 के बाद यह पहला मौका था, जब विराट कोहली गेंदबाजी करते नजर आए। मौजूदा समय में भारतीय टीम के बल्लेबाज बहुत ही कम मौकों पर गेंदबाजी करते हैं और इसका असर भी कई मौकों पर देखने को मिलता है। टीम को कम ऑलराउंडर मिलने की वजह भी यही है। पहले के समय में सहवाग और सचिन जैसे गेंदबाज भी काफी गेंदबाजी करते थे और अहम मौकों पर विकट भी दिलाते थे। अब यह सूरत बदल चुकी है।

दुनिया के सबसे महान बल्लेबाजों में शुमार सचिन ने अपने करियर में काफी गेंदबाजी की। वनडे में उनके नाम 154 विकेट, टेस्ट में 46 और टी20 में एक विकेट है। उनके साथी खिलाड़ी वीरेन्द्र सहवाग के नाम वनडे में 96 और टेस्ट में 40 विकेट हैं। ये दोनों ही खिलाड़ी अपनी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते थे, लेकिन समय-समय पर गेंदबाजी भी करते थे और कई बार गेंद से भी मैच जिता देते थे। अब के बल्लेबाजों में यह बात नहीं है।



### कप्तान बदलने से बदले हालात

विराट कोहली 2017 में तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम के कप्तान बने थे। इससे पहले महेंद्र सिंह धोनी और उनसे पहले सौरव गांगुली ने लंबे समय तक भारत की कप्तानी की। ये दोनों ही खिलाड़ी अपने बल्लेबाजों से भी कुछ ओवर गेंदबाजी जरूर कराते थे। इसी वजह से सहवाग और सचिन जैसे खिलाड़ियों को गेंदबाजी की आदत बनी रही। धोनी ने सुरैश रैना और केदार जाधव जैसे खिलाड़ियों को भी गेंदबाज के रूप में काफी इस्तेमाल किया। जाधव तो भारत के लिए गेंदबाजी करने से पहले विकेटकीपर हुआ करते थे। रैना ने भारत के लिए 62 विकेट लिए। वहीं, जाधव ने 27 विकेट झटके।

धोनी और गांगुली की कप्तानी में यह बात थी कि दोनों अपने बल्लेबाजों से गेंदबाजी कराते थे और मौका मिलने पर खुद भी गेंदबाजी करते थे। गांगुली तो ऑलराउंडर थे, लेकिन विकेटकीपर धोनी भी नेट्स में काफी गेंदबाजी करते थे। मौका मिलने पर उन्होंने भारत के लिए भी गेंदबाजी की। इसी वजह से इन दोनों के कप्तान रहते कई ऐसे बल्लेबाज तैयार हुए, जो गेंद के साथ भी योगदान देने में सक्षम थे।

### कोहली के कप्तान बनने के बाद बदली तस्वीर

विराट कोहली ने 2017 में तीनों फॉर्मेट में भारत की कप्तानी संभाली और तेज गेंदबाजी पर ज्यादा ध्यान दिया। इसी का फायदा भारत को मिला और विदेशों में जाकर टीम इंडिया ने टेस्ट सीरीज जीती। हालांकि, कोहली ने अपने बल्लेबाजों से गेंदबाजी कराना पूरी तरह बंद कर दिया। रोहित उनकी टीम के नियमित सदस्य रहे, लेकिन 2016 से लेकर अब तक उन्होंने सिर्फ 61 गेंदें की। रोहित ने अपने करियर की शुरुआत ऑफ स्पिन गेंदबाज के रूप में की थी और आईपीएल में हैट्रिक भी उनके नाम थी, लेकिन कोहली ने गेंदबाज रोहित का इस्तेमाल कभी नहीं किया।

विराट खुद गेंदबाजी करते थे और 2016 में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी ओवर भी किया था, लेकिन अपनी कप्तानी में उन्होंने कभी गेंदबाजी ही नहीं की। हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ उन्होंने छह साल बाद देश के लिए गेंदबाजी की। इस दौरान केएल राहुल, श्रेसय अय्यर, मयंक अग्रवाल जैसे कई खिलाड़ी टीम में आए, लेकिन किसी से गेंदबाजी कराने की कोशिश नहीं हुई।

### ऑलराउंडर की कमी खली पर बल्लेबाजों को नहीं तैयार किया

इस दौरान विराट को कई बार ऑलराउंडर की कमी खली, लेकिन उन्होंने किसी बल्लेबाज को ऑलराउंडर बनाने की कोशिश नहीं की। खासकर 2021 विश्व कप में हार्दिक के चोटिल होने पर ऑलराउंडर की जरूरत थी। ऐसे में कोहली ने खुद नेट्स में गेंदबाजी का अभ्यास भी किया, लेकिन मैच में गेंदबाजी नहीं की। इसी वजह से भारत को हमेशा ही ऑलराउंडर की कमी खलती रही है। कपिल देव के जाने के बाद हार्दिक ही ऐसे खिलाड़ी मिले हैं, जो तेज गेंदबाजी करने के साथ बल्लेबाजी भी कर सकते हैं, लेकिन इस बीच में ऑलराउंडर की कमी नहीं खली, क्योंकि गांगुली और धोनी जैसे कप्तानों को अपने बल्लेबाजों से गेंदबाजी करानी आती थी। कोहली में इस बात की कमी रही।

रोहित ने कप्तानी की जिम्मेदारी मिलने के बाद श्रेयस अय्यर से भी कुछ ओवर कराए। अब उन्होंने विराट से भी गेंदबाजी कराई। उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले मैचों में वो और भी बल्लेबाजों से गेंदबाजी कराएंगे। इससे उनके पास गेंदबाजी के विकल्प ज्यादा रहेंगे और कप्तान के रूप में वो कभी फंसेंगे नहीं। खासकर किसी गेंदबाज के चोटिल होने पर उनके पास गेंदबाजी के बाकी विकल्प मौजूद रहेंगे।

# क्रिकेट में कैसे आया नागिन डांस श्रीलंका-बांग्लादेश मैच से इसका संबंध

एशिया कप में अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में श्रीलंका ने बांग्लादेश को दो विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही श्रीलंका सुपर चार में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई और बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इस मैच में श्रीलंका ने यूएई की जमीन पर टी20 में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया। यह मैच काफी रोमांचक था और श्रीलंका की जीत के बाद चमिका करुणारत्ने नागिन डांस करने लगे। उनके डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चित है। यह पहला मौका नहीं है, जब श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मैच के बाद खिलाड़ियों ने नागिन डांस किया है। इससे पहले भी कई मौकों पर नागिन डांस देखने को मिल चुका है।



यहां हम बता रहे हैं कि क्रिकेट में नागिन डांस की शुरुआत कैसे हुई और कैसे यह डांस श्रीलंका-बांग्लादेश के लिए प्रतिद्वंदता का प्रतीक बन गया।

### 2016 में हुई शुरुआत

बांग्लादेश के बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज नजमुल इस्लाम बांग्लादेश प्रीमियर लीग में राजशाही किंग्स के लिए खेल रहे थे। इस दौरान उन्होंने विकेट लेने के बाद नागिन डांस किया। टीम के कप्तान डैरेन सैमी ने इस पर ऐसी प्रतिक्रिया दी कि वो यह डांस देखकर डर गए हैं। यह काफी मजेदार था और यही से नागिन डांस नजमुल के जश्न मनाने का तरीका बन गया।

### बांग्लादेश-श्रीलंका के मैच में कैसे आया नागिन डांस

नजमुल ने श्रीलंका के खिलाफ अपने टी20 करियर की शुरुआत की। इस मैच में उन्होंने चार विकेट लिए और नागिन डांस किया। इस दौरान धनुष्का गुणतिलका भी उनका शिकार बने। विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम ने उन्हें स्टंप आउट किया और पूरी टीम नजमुल के साथ नागिन डांस करने लगी। अगले मैच में श्रीलंका के गुणतिलका ने 18वें ओवर में दो विकेट लिए और अपनी टीम को मैच जिताया। इसके साथ ही श्रीलंकाई टीम ने सीरीज भी जीत ली। गुणतिलका ने अबू जायेद को स्टंप आउट कराया और बांग्लादेश की टीम के समेट दिया। इसके बाद उन्होंने नागिन डांस किया। मुश्फिकुर रहीम ने यह देखा और यहीं से यह डांस दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंदता का प्रतीक बन चुका था।

### निदहास ट्रॉफी में हुआ था बवाल

बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज के बाद निदहास ट्रॉफी हुई। इसमें भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीम ने भाग लिया। बांग्लादेश ने 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपना पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ जीता और 35 गेंद में 72 रन बनाने वाले मुश्फिकुर रहीम ने नागिन डांस किया। इसके बाद भारत ने दोनों टीमों को हराया और फाइनल में जगह बना ली। अब दोनों टीमों के बीच आखिरी लीग मैच सेमीफाइनल की तरह था। इस मैच में जमकर विवाद हुआ।

आखिरी पांच गेंदों में बांग्लादेश को जीत के लिए 12 रन चाहिए थे। इस ओवर की पहली गेंद बाउंसर थी और दूसरी गेंद भी शॉर्ट पिच थी, लेकिन अंपायर ने इसे नो गेंद नहीं दिया। इस गेंद पर मुश्फिकुर रहीम रन आउट भी हो गए। बांग्लादेश के बल्लेबाज और श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने अंपायर के साथ काफी बातचीत की। इस बीच नुरुल हसन पानी लेकर मैदान में गए और उन्होंने अंपायर से बात करने की कोशिश की। परेरा इस पर आपत्ति जताई और दोनों खिलाड़ियों के बीच काफी कहासुनी हुई। परेरा और हसन पर मैच रेफरी ने जुर्माना भी लगाया था।

अंत में अंपायर ने दूसरी गेंद को नो बॉल नहीं दिया और बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने काफी बहस के बाद अपने बल्लेबाजों को वापस बुला लिया। हालांकि, जल्द ही उन्होंने अपना फैसला बदला और महमुदुल्लाह ने ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। यहां बांग्लादेश की टीम ने जमकर नागिन डांस किया और दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ियों के बीच काफी कहा सुनी हुई, जिन्हें अलग भी करना पड़ा। यहां से नागिन डांस दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंदता का अहम हिस्सा बन गया।

### एशिया कप में भी हुई बयानबाजी

एशिया कप में भी दोनों टीमों के बीच मैच से पहले श्रीलंका के कप्तान ने कहा था कि अफगानिस्तान की तुलना में बांग्लादेश की टीम कमजोर है। उनके पास सिर्फ दो विश्व स्तरीय तेज गेंदबाज हैं। इसके जवाब में बांग्लादेश के क्रिकेट डायरेक्टर ने कहा कि हमारे पास कम से कम दो गेंदबाज हैं, लेकिन श्रीलंका की टीम में कोई विश्व स्तरीय गेंदबाज नहीं है। इसके बाद श्रीलंकाई टीम ने रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश को हराया और चमिका करुणारत्ने ने बालकनी में ही नागिन डांस शुरू कर दिया।

# स्टार बनने में किसने की हार्दिक पांड्या की मदद? भारतीय ऑलराउंडर ने खुद बताया उसका नाम



**भारत के स्टार** ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने बुधवार को उस खिलाड़ी का नाम बताया है, जिसने उन्हें एक बड़े खिलाड़ी के रूप में उभरने में मदद की है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं। पांड्या ने कहा कि धोनी ने उनके करियर ग्रोथ में काफी मदद की। दरअसल, पिछले कुछ सालों में हार्दिक के प्रदर्शन में काफी निखार आया है और वह टीम इंडिया के लिए मैच विनर या यूं कहें मैच फिनिशर बनकर उभरे हैं। यही रोल किसी समय धोनी निभाया करते थे।

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मैच में भी हार्दिक ने अपनी तूफानी पारी से मैच जिताया था। उन्होंने 17 गेंदों में 33 रन की नाबाद पारी खेली थी। साथ ही तीन विकेट भी झटके थे। यह पूरा सिलसिला इस साल हुए आईपीएल से शुरू हुआ था, जब हार्दिक की कप्तानी में गुजरात टाइटंस की टीम ने आईपीएल का खिताब जीता। दरअसल, उन्हें पिछले साल हुए टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद आईपीएल में पहले उन्होंने जबरदस्त प्रदर्शन किया। फिर भारतीय टीम में वापसी कर कई शानदार पारियां खेलीं। उन्हें कुछ मैचों के लिए कप्तान भी बनाया गया था।

हार्दिक ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा- मैं बस एक नौसिखिया था जो जीवन और खेल के बारे में नई चीजें सीखने की कोशिश कर रहा था। एमएस धोनी ने मेरे ग्रोथ में बड़ी भूमिका निभाई है। मुझे जब भी मौका मिलता था, मैं उन्हें देखता था और चीजें सीखता था। जिस तरह की मानसिकता और ज्ञान उनके पास था, बस उसे देखकर, यह मैदान पर मेरे व्यक्तित्व में शामिल होता गया।

हार्दिक ने कहा कि वह हमेशा जिम्मेदारी चाहते थे। उन्होंने कहा- यह सिर्फ और सिर्फ अपनी गलती को स्वीकारने को लेकर था। असफल होना और उनसे सीखना। कभी-कभी यह विफलताएं होती हैं जो आपको सिखाती हैं। काफी हद तक माही भाई (धोनी) को भी इसी ने बढ़ने में मदद की थी। कुछ असफलताएं आप बस अनुभव करते हैं और आप उनसे सीखते हैं।

हार्दिक ने कहा कि उनकी असफलताओं ने उन्हें उनकी भूमिका को बेहतर ढंग से समझने और यह पता लगाने में मदद की कि वह किस भूमिका में अच्छे हैं, वह अपनी भूमिकाओं में कैसे बेहतर हो सकते हैं। स्टार ऑलराउंडर ने कहा कि उनके जीवन के अंतिम चार वर्ष उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। हार्दिक अक्तूबर में 29 वर्ष के हो जाएंगे।

हार्दिक ने कहा- जिस तरह से पिछले कुछ समय में चीजें बदली हैं, मैं यह सब शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह मेरे लिए सीखने का चरण था। आप कितने भी करीब आ जाएं, आप कितने तैयार हैं, आप कितने मजबूत हैं, जब आपको अपने निचले क्रम या फिनिशर से फिनिशिंग टच नहीं मिलता है, तो फिर फिनिशर के रोल में आपकी भूमिका को न्याय नहीं मिलता है। हार्दिक पांड्या पूरी तरह से फॉर्म में लौट चुके हैं।

करीब छह महीने तक फिटनेस की समस्य से जूझने के बाद हार्दिक ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस को अपने पहली ही सीजन में खिताब दिलाया। पूरे सीजन में हार्दिक ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 15 मैचों में 44.27 की औसत से 487 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने चार अर्द्धशतक लगाए। उन्होंने अपनी टीम के लिए आठ विकेट भी लिए, जिसमें फाइनल में 17 रन देकर तीन विकेट भी शामिल है। तब से लेकर अब तक हार्दिक ने टी20 में भारत के लिए असाधारण फॉर्म दिखाया है और कई महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। वह इस साल अक्तूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया के लिए अहम खिलाड़ी होंगे।

# पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा- भारतीय खिलाड़ी अब सचिन को नहीं, धोनी को फॉलो करते हैं

**एशिया कप** में भारतीय टीम सुपर-4 में पहुंच चुकी है। बुधवार को टीम इंडिया ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में हॉन्गकॉन्ग को हराकर अगले



राउंड के लिए क्वालिफाई किया। भारत की जीत में सूर्यकुमार यादव की अहम भूमिका रही। सूर्यकुमार ने 26 गेंदों में 68 रन की नाबाद पारी खेली। अब भारतीय टीम रविवार को पाकिस्तान और हॉन्गकॉन्ग के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम से भिड़ेगी।

सूर्यकुमार की आक्रमाक पारी की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स भी उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ भी सूर्यकुमार के मुरीद हो गए हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा है कि भारतीय खिलाड़ी अब सचिन तेंदुलकर की नहीं, बल्कि महेंद्र सिंह धोनी को फॉलो करते हैं।

राशिद लतीफ ने कहा- टी-20 आने के बाद से खेल बदल गया है। एक समय था जब खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को फॉलो करते थे। हालांकि, अब ऐसा नहीं है। भारतीय टीम में तीन चार खिलाड़ी ऐसे हैं जो अब इन खिलाड़ियों को फॉलो नहीं करते। वे इन खिलाड़ियों की इज्जत तो करते हैं, लेकिन फॉलो धोनी को करते हैं। हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव यहां तक की दीपक हुड्डा भी धोनी की तरह खेलते हैं। ये अगर तीन गेंद रोकते हैं तो अगले तीन गेंद में तीन छक्के लगाकर उसे मेकअप कर देते हैं।

लतीफ ने कहा- सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर से खिलाड़ी आगे बढ़ चुके हैं और धोनी की तरह खेलना चाह रहे हैं। जिस तरह से धोनी ने क्रिकेट खेला और जिस तरह से वह खेल को बनाते हैं, बाकी खिलाड़ी भी ऐसा ही करना चाहते हैं। भारत के टॉप-3 बल्लेबाज अच्छे फॉर्म में नहीं हैं, लेकिन मिडिल ऑर्डर के भारतीय बल्लेबाज फॉर्म में हैं। सूर्यकुमार यादव को नंबर तीन पर खेलने का मौका नहीं मिल पा रहा, लेकिन वह किसी भी नंबर पर अच्छा प्रदर्शन करने की काबीलियत रखते हैं।

भारत ने एशिया कप के पहले मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। वहीं, दूसरे मैच में टीम इंडिया ने हॉन्गकॉन्ग को 40 रन से हराया। भारतीय टीम ग्रुप-ए से सुपर-4 के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बनी। अब पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को हॉन्गकॉन्ग से भिड़ेगी। इन दोनों में से जीतने वाली टीम सुपर-4 में पहुंचेगी। वहीं, ग्रुप-बी से अफगानिस्तान ने सुपर-4 के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

# किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार : सूर्यकुमार यादव



**हॉन्गकॉन्ग** के खिलाफ 68 रन की तूफानी पारी खेलने के बाद सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि वो टी20 टीम में किसी भी क्रम में खेलने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय टीम के प्लान और टी20 टीम में केएल राहुल की जगह का बचाव किया है। हालांकि, सूर्यकुमार ने यह भी कहा है कि पारी की शुरुआत करने में भी उन्हें कोई परेशानी नहीं है।

सूर्यकुमार ने हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ 26 गेंद में 68 रन की शानदार पारी खेली और भारत को 40 रन से मैच जिताने में अहम योगदान दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया सुपर चार में पहुंच चुकी है। दोहरी गति वाली विकेट पर सूर्यकुमार चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए थे और अपनी पारी में छह छक्के और इतने ही चौके लगाए। इस दौरान उन्होंने अपनी विविधता दिखाई और कई तरह के शॉट खेले।

### किसी भी क्रम पर खेलने को तैयार हैं सूर्यकुमार

मैच के बाद सूर्यकुमार यादव ने कहा मैं किसी भी नंबर पर खेलने के लिए तैयार हूं, जहां भी आप कहेंगे। मैंने कोच और कप्तान से कहा है कि मुझे किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजें, बस मुझे टीम में मौका दें। टीम के उपकप्तान केएल राहुल चोट के बाद वापसी कर रहे हैं और इस मैच में वे लय में नहीं दिखे। उन्होंने 39 गेंदों में सिर्फ 36 रन बनाए। जब सूर्यकुमार से पूछा गया कि क्या वो रोहित के साथ पारी की शुरुआत करना चाहेंगे तो उन्होंने कहा तो आप कह रहे हैं कि हमें केएल राहुल को नहीं खिलाना चाहिए। वो चोट के बाद वापसी कर रहे हैं और उन्हें कुछ समय की जरूरत है। हमारे पास अभी समय है। टी20 विश्व कप से ठीक पहले भारतीय टीम कुछ प्रयोग कर रही है और सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी क्रम की तलाश जारी है। इस पर सूर्यकुमार बोले ₹चीजें जारी रहेंगी, हम कई चीजें आजमा रहे हैं और प्रयोग कर रहे हैं। कई चीजें हैं, जो हम करना चाहते हैं और इन चीजों को नेट्स में करने की बजाय मैच में आजमाना ज्यादा बेहतर है।

### पहले बल्लेबाजी कर मैच जीतने की आदत डाल रही है भारतीय टीम

हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बहुत धीमी रही थी। रोहित शर्मा और लोकेश राहुल क्रीज पर नजरें जमाने के बाद आउट हो गए। वहीं, विराट कोहली ने 44 गेंद में 59 रन की नाबाद पारी खेली। इस पर सूर्या ने कहा पहले बल्लेबाजी करना एक चुनौती है। हम ठीक इसी पर काम कर रहे हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए हमें कितना लक्ष्य देने की जरूरत है। हमें क्या सही करने की जरूरत है। आज भी हमनें यही करने की कोशिश की। एक बार पहले बल्लेबाजी शुरू करने के बाद हमने सोचा कि कितना लक्ष्य सही रहेगा। किस गति से पारी को आगे बढ़ाना है और कैसे खत्म करना है। किन बल्लेबाजों का आना बाकी है और उनका रोल क्या होगा। हमारे लिए यह पूरी तरह साफ था। ऐसे में अगर मैं वह काम नहीं कर पाता तो आगे ऋषभ पंत करते। अगर वो नहीं तो दिनेश कार्तिक करते। हमारे पास जड्डू भी हैं और वो भी ऐसा कर सकते थे। तो हमारे पास भरपूर खिलाड़ी हैं, जिनके जरिए हम पहली पारी में जो चाहें वो स्कोर बना सकते हैं।

अंत में सूर्यकुमार ने बताया कि शुरुआत में विकेट में दोहरी गति थी। कुछ गेंद रुककर आ रही थी तो कुछ गेंद तेजी से आ रही थी। ऐसे में विराट ने उनसे कहा कि अपना स्वाभाविक खेल खेलें और सूर्यकुमार ने ऐसा ही किया। इसी वजह से वो ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने में सफल रहे।



# केंद्र ने आठ वर्षों में मनरेगा पर खर्च किए पांच लाख करोड़ रुपये : वित्त मंत्री ?



नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने सरकार की महत्वाकांक्षी रोजगार गारंटी स्कीम मनरेगा पर बीते आठ वर्षों के दौरान पांच लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस राशि का 20% कोरोना महामारी के दौरान खर्च किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना के कामेरेड्डी जिले में बोलते हुए इस बात की जानकारी दी है। मीडिया से बातचीत में वित्तमंत्री ने कहा है कि तेलंगाना को महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम के तहत पिछले आठ वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये जारी किए थे। वित्त मंत्री ने कहा कि इसी अवधि में पूरे देश में इस स्कीम के तहत पांच लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि इस राशि का 20% कोरोना महामारी के दौरान खर्च किया गया। वित्त मंत्री ने निर्मला सीतारमण ने कहा है कि महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि किसी राज्य में राशि खर्च करने में गड़बड़ी की बात सामने आती है या ऑडिट में कोई गड़बड़ी सामने आती है तो सर्वे टीम संबंधित राज्य में जाकर कार्रवाई करेगी।

# सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी की चमक बढ़ी

## अब ऑल टाइम हाई से 5784 रुपये सस्ता रह गया गोल्ड



नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। सर्राफा बाजारों में शुक्रवार को सोने-चांदी के हाजिर भाव में बदलाव देखने को मिल रहा है। आज दोनों कीमती धातुओं की चमक बढ़ी है। आज 24 कैरेट सोना 50470 रुपये पर खुला, जो गुरुवार के बंद रेट से केवल 61 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा है। वहीं, चांदी भी 360 रुपये मजबूत होकर 52382 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5784 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 23626 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 50268 रुपये पर है। वहीं, 22 कैरेट 46230, जबकि 18 कैरेट 37852 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 29525 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1514 रुपये जोड़ लें तो इसका रेट 51984 रुपये हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 57182 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 53953 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 59348 रुपये में देगा। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 56953 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। जबकि, 22 कैरेट सोने का भाव तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 47616 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 52886 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 3 फीसद जीएसटी के साथ 38987 रुपये प्रति 10 ग्राम होगी। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 42886 रुपये का पड़ेगा। अब 14 कैरेट सोने का भाव जीएसटी के साथ यह 30410 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 33451 रुपये का पड़ेगा।

# पाकिस्तान में टमाटर और प्याज की कीमतें 400 रुपये के पार

## भारत के साथ व्यापार मार्ग खोलने की मांग ने जोर पकड़ा



नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। बाढ़ से तबाह पाकिस्तान में भारत के साथ व्यापार मार्ग खोलने की मांग जोर पकड़ रही है। यहां विनाशकारी बाढ़ के कारण सब्जियों और फलों की कीमतों में जोरदार उछाल आया है और देशभर में हजारों एकड़ में फसल नष्ट हो गई है। चूंकि शहबाज शरीफ सरकार ने अभी तक भारत से सब्जियों और फलों के आयात पर निर्णय नहीं लिया है, इसलिए कई व्यापार मंडल, उपभोक्ताओं की खातिर पड़ोसी देश भारत से प्याज और टमाटर जैसी आवश्यक वस्तुओं को आयात करने का आग्रह कर रहे हैं। सब्जियों की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर भारत से खाद्य सामान आयात करने का विचार सबसे पहले वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल ने सोमवार को पेश किया था। हालांकि, इस्माइल ने बुधवार को कहा कि कश्मीर मुद्दे पर भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों के मद्देनजर इस योजना को लेकर विपक्ष की आलोचना के बीच वह सरकार भारत से खाद्य पदार्थों के आयात पर गठबंधन सहयोगियों और प्रमुख अंशधारकों से परामर्श करेंगे। बृहस्पतिवार को फैसलाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष आतिफ मुनीर ने सरकार से सब्जियों की आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, "परिवहन शुल्क को कम करने के लिए पड़ोसी देशों के साथ व्यापार, विशेष रूप से भारत के साथ व्यापार करना महत्वपूर्ण है और इससे यहां उपभोक्ताओं को सस्तर दरों पर सब्जियां और फल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।" लाहौर मार्केट कमेटी के सचिव शहजाद चीमा ने कहा कि सरकार को भारत से सब्जियां और फल आयात करने का फैसला करना चाहिए क्योंकि यहां के उपभोक्ताओं को राहत देना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि ताफ्तान सीमा (बलूचिस्तान) के जरिये ईरान से सब्जियों का आयात व्यवहार्य नहीं है क्योंकि ईरानी सरकार ने इसके आयात और निर्यात पर कर बढ़ा दिया था। तहरीक-ए-इस्ताकलाल के अध्यक्ष रहमत खान वरदाग ने भी पाकिस्तान के नागरिकों के लाभ के लिए भारत के साथ खुले व्यापार की वकालत की है। इस वरिष्ठ राजनेता ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, "सरकार को उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सभी तरीकों का इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि टमाटर और प्याज की कीमतें 400 रुपये प्रति किलो को पार कर गई हैं। सब्जियों और फलों की आपूर्ति कम से कम समय में भारत जैसे पड़ोसी देशों से ही संभव है।" उन्होंने कहा, "चूंकि सरकार पहले ही ईरान और अफगान सीमाओं को खोलने का फैसला कर चुकी है, इसलिए उसे सब्जियों की कीमतों में तुरंत कमी लाने के लिए भारत से रसोई के उपयोग वाले सामान आयात करने के लिए वाघा सीमा खोलने की भी अनुमति देनी चाहिए।" वित्त मंत्री इस्माइल ने बुधवार को कहा कि एक से अधिक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने वाघा की भूमि सीमा के माध्यम से उन्हें भारत से खाद्य सामग्री लाने की अनुमति देने के लिए सरकार से संपर्क किया है।

# सिर्फ 2 दिन में अनिल अंबानी की कंपनी का धांसू परफॉर्मेंस

### चमकी निवेशकों की किस्मत



नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। भले ही अनिल अंबानी की पावर कंपनी, रिलायंस पावर कर्ज के बोझ तले दबी हो लेकिन इस पर दांव लगाने वाले निवेशकों की चांदी है। सिर्फ दो कारोबारी दिन के भीतर रिलायंस पावर का शेयर 37 फीसदी तक चढ़ा है। इसी के साथ शेयर का भाव 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर भी पहुंच गया है। क्या है शेयर भावः शुक्रवार को रिलायंस पावर के शेयर का भाव 52 सप्ताह के उच्च स्तर 23.75 रुपये पर पहुंचा गया। शेयर अपने 20.28 रुपये के पिछले बंद से करीब 18 प्रतिशत तक उछल गया। बीएसई पर रिलायंस पावर का बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) बढ़कर 7,700 करोड़ रुपये से ज्यादा है। बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने रिलायंस पावर में जबरदस्त खरीदारी की है। यह कंपनी उन 32 सूचीबद्ध शेयरों में शामिल है, जिनमें एफआईआई ने पिछले एक साल में अपनी हिस्सेदारी कम से कम 3 फीसदी बढ़ाई है। बता दें कि इस साल जुलाई की शुरुआत में, रिलायंस पावर के शेयरधारकों ने वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान अपनी संपत्ति के मुद्रीकरण के लिए एक विशेष प्रस्ताव को ठुकरा दिया था।

सभी विशेष प्रस्तावों को शेयरधारकों के 75 प्रतिशत या अधिक मतों द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक था।

# टाटा ग्रुप की कंपनी ने 3 दिन में दिया 52 फीसद से अधिक रिटर्न

## एक लाख पर 52000 रुपये का फायदा



नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज लि. अपने निवेशकों के पैसे को पिछले 3 दिन में ही डेढ़ गुना से अधिक कर दिया। अगर किसी ने 3 दिन पहले इस स्टॉक में 1 लाख रुपये लगाया हो तो उसका एक लाख आज डेढ़ लाख से अधिक हो गए होंगे। पिछले 3 दिन में टीटीएमएल ने 52 फीसद से अधिक रिटर्न दिया है। बता दें कंपनी के शेयर पिछले 52 हफ्तों में 33.05 रुपये का लो से 290.15 रुपये के हाई तक गया और आज 9:35 के आस-पास यह बीएसई पर करीब 8 फीसद ऊपर 139.50 रुपये पर पहुंच गया। स्टॉक पिछले 3 दिनों से बढ़ रहा है और इस अवधि में 52.49% रिटर्न बढ़ा है। इन तीन दिनों में दो बार अपर सर्किट लग चुका है। टीएमएल शेयर आज 3.14% की बढ़त के साथ खुला और स्टॉक ने 140 रुपये (9.8%) के उच्च स्तर को छुआ। आज स्टॉक 22.22% की इंट्रा डे वोलैटिलिटी के साथ अत्यधिक अस्थिर रहा है। इसमें निवेशकों की बढ़ती भागीदारी 5 दिन, 20 दिन, 50 दिन और 100 दिन मूविंग एवरेज से अधिक लेकिन 200 दिन मूविंग एवरेज से कम है। एक सितंबर को 1.42 करोड़ की डिलीवरी वॉल्यूम 5-दिवसीय औसत डिलीवरी वॉल्यूम के मुकाबले 185.15% बढ़ गया है। 5 दिन के औसत कारोबार मूल्य के 2% के आधार पर स्टॉक 6.89 करोड़ रुपये के व्यापार का आकार के लिए पर्याप्त लिक्विड है । बता दें 11 जनवरी 2022 को जब यह स्टॉक अपने उच्च स्तर पर था तो यह अपने उन निवेशकों को मालामाल कर गया, जो इसे बेचकर निकल लिए। इस साल अब तक इसने 31.89 फीसद का निगेटिव रिटर्न दिया है। इसके बावजूद टीटीएमएल पिछले 3 साल में इसने 5653 फीसद का रिटर्न दिया है। अगर एक साल की बात करें तो इसका रिटर्न 481 फीसद से घटकर 281 फीसद पर आ गया है। पिछले 5 साल में इसने 1960.67 और 10 साल में 1227 फीसद का रिटर्न दिया है।

# कॉफी की दिग्गज कंपनी स्टारबक्स ने भारतीय मूल के लक्षमण नरसिम्हन को नियुक्त किया सीईओ,हॉवर्ड शुल्त्स की जगह लेंगे



नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। कॉफी की दिग्गज कंपनी स्टारबक्स ने भारतीय मूल के लक्ष्मण नरसिम्हन को सीईओ नियुक्त किया है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार वह 1 अक्टूबर को स्टारबक्स ज्वाइन करेंगे। वह हॉवर्ड शुल्त्स की जगह लेंगे, जो अप्रैल 2023 तक अंतरिम प्रमुख के रूप में बने रहेंगे। भारतीय मूल के 55 वर्षीय नरसिम्हन ने यूके स्थित रेकिट बेंकिज़र ग्रुप पीएलसी, लिसोल और एनफैमिल बेबी फॉर्मूला के मुख्य कार्यकारी के रूप में काम कर चुके हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, स्टारबक्स की अध्यक्ष मेलोडी हॉब्सन ने कहा कि कंपनी का मानना है कि उसे अपना अगला सीईओ बनने के लिए एक असाधारण व्यक्ति मिला है, क्योंकि नरसिम्हन एक टेस्टेड लीडर हैं। कंपनी ने कहा कि नया सीईओ लंदन से सिएटल क्षेत्र में स्थानांतरित हो जाएगा और इस साल 1 अक्टूबर को स्टारबक्स में शामिल हो जाएगा। हॉब्सन ने कहा, हमने नए सीईओ की सहायता के लिए शुल्त्स को अप्रैल 2023 तक अंतरिम सीईओ के रूप में बने रहने के लिए कहा है। नरसिम्हन 1 अप्रैल को सीईओ की भूमिका ग्रहण करेंगे। वह कई स्थानों और बिक्री में दुनिया की सबसे बड़ी कॉफी श्रृंखला का अधिग्रहण करेंगे। अपने विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्टारबक्स को और अधिक कर्मचारियों की आवश्यकता थी।

# अर्थव्यवस्था पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। कांग्रेस ने चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के आर्थिक वृद्धि के आंकड़े जारी होने के बाद सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के प्रवक्ता गौरव बल्लभ ने कहा है कि पिछले तीन वर्ष के दौरान विकास दर तीन प्रतिशत से भी कम है। गौरव वल्लभ ने कहा कि अगर कोरोना के पहले के स्तर से तुलना करें तो पहली, दूसरी और तीसरी तिमाही की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 2.8 प्रतिशत रही।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 2019-20 में अर्थव्यवस्था 35.85 लाख करोड़ रुपये थी और अब 36.85 लाख करोड़ रुपये है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था में तीन प्रतिशत से भी कम की वृद्धि हुई है।

# पायलटों की हड़ताल से लुफ्थांसा की 800 फ्लाइट्स रद्द

नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। जर्मनी की लुफ्थांसा एयरलाइंस के पायलट वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर शुक्रवार को एक दिन की हड़ताल पर हैं। इसके चलते एयरलाइंस का पूरा सिस्टम हिल गया है। दुनियाभर में आज लुफ्थांसा की 800 उड़ानों को रद्द किया गया है। इससे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भी 700 से ज्यादा यात्री फंसे हैं। फ्लाइट्स रद्द होने से यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया, उनका कहना है कि हमारा किराया वापस करो या फिर जाने का इंतजाम करो।

**दिल्ली से उड़ान भरने वाली दो फ्लाइट्स रद्द**

फ्लाइट रद्द होने से गुस्साए यात्री हंगामा कर रहे हैं। इसके चलते एयरपोर्ट के अंदर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। दिल्ली एयरपोर्ट से लुफ्थांसा एयरलाइंस की 2 फ्लाइट्स थीं, जिनमें करीब 400 यात्रियों को म्यूनिख और फ्रैंकफर्ट जाना था। पैसेंजर्स का कहना है कि जब वे एयरपोर्ट पर पहुंचे तो उन्हें पता चला कि फ्लाइट्स ही रद्द हो गई है।

**200 यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से भेजा गया**

लुफ्थांसा एयरलाइंस से यात्रा करने वाले यात्रियों में से कुछ छात्र भी हैं, जिन्हें एग्जाम देने के लिए विदेश जाना था। छात्रों का कहना है कि फ्लाइट्स रद्द होने से हमारा भविष्य खतरे में है। वे एयरपोर्ट पर नारेबाजी कर रहे हैं। हंगामा बढ़ने पर एयरलाइन ने करीब 200 यात्रियों को दूसरी एयरलाइन के जरिए उनके डेस्टिनेशन पर भेजा है। अभी 500 यात्री दिल्ली एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं।

# सपाट ढंग से बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 37 अंक ऊपर

### निफ्टी 17550 के नीचे

नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिलने वाले मिले-जुले संकेतों के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार सपाट ढंग से बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 37 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी तीन अंकों की कमजोरी के साथ 17,539 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले शुक्रवार की सुबह बाजार में आईओ, ऑटो, फार्मा और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली के बाद भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

शुक्रवार के कारोबार में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं से जुड़ी कंपनियों, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर के शेयरों में खरीदरी देखने को मिली।

### ऑस्ट्रेलिया को नहीं मिल रहा टैलेंट

# परमानेंट माइग्रेशन वीजा की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी की कर रहा तैयारी



नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहे व्यवसायों और उद्योगों की मदद करने और अल्पकालिक श्रमिकों पर निर्भरता कम करने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को इस वित्तीय वर्ष में स्थायी प्रवासियों की संख्या को बढ़ाकर 1,95,000 कर दिया है। यह वृद्धि जून 2023 को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रभावी होगी।

ऑस्ट्रेलिया में कर्मचारियों की भारी कमी : कोविड-19 महामारी के दौरान ऑस्ट्रेलिया ने अपनी सीमाओं को लगभग दो सालों के लिए बंद कर दिया था। ऐसे में सख्त नियमों, श्रमिकों और विदेशी छात्रों के पलायन के चलते उद्योगों और व्यवसायों में कर्मचारियों की भारी कमी हो गयी है। कैनबरा में गवर्नमेंट जॉब समिट के बाद प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने संवाददाताओं से कहा, "लोगों को ऑस्ट्रेलिया लाने, उन्हें कुछ वर्षों के लिए यहां रखने, उनके ऑस्ट्रेलियाई काम के माहौल के अनुकूल ढलने के बाद नए लोगों को बुलाने का कोई मतलब नहीं है।" श्रमिकों की कमीः होम अफेयर मिनिस्टर क्लेयर ओ'नील ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई नर्सें पिछले दो वर्षों से डबल और ट्रिपल शिफ्ट में काम कर रही हैं। ग्राउंड स्टाफ की कमी के कारण उड़ानें रद्द की जा रही हैं और फलों को पेड़ों पर सड़ने के लिए छोड़ दिया जा रहा है क्योंकि उन्हें उठाने के लिए कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि कोविड का असर इतना गंभीर है कि हर संभावना तलाशने के बाद भी हजारों श्रमिकों की कमी होगी। हाल ही में चुनी गई ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने राजधानी कैनबरा में दो दिवसीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया था जिसमें प्रमुख आर्थिक चुनौतियों का समाधान खोजने में मदद करने के लिए व्यापारिक समूहों और यूनियनों को आमंत्रित किया गया। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है ताकि विदेशों से अधिक कुशल कर्मचारियों को आकर्षित किया जा सके जिसके लिए माइग्रेशन नियमों को आसान बनाया जा रहा है।

# कोका कोला के कारण समेटना पड़ा था भारतीय कंपनी को कारोबार

## अब अंबानी ने लगाया दांव




नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। ये 1977 का साल था। भारतीय राजनीति के लिहाज से बेहद अहम। उस साल इंदिरा गांधी का लगाया आपातकाल खत्म हुआ था और जनता पार्टी सत्ता में आई थी। नई सरकार का फोकस राष्ट्रवाद और लोकल ब्रांड को बढ़ावा देने पर था। ऐसे में सरकार ने अमेरिकी कंपनी कोका-कोला के सामने भारत में अपने प्रोडक्ट की सेल जारी रखने के लिए शर्त रखी। कहा गया कि कोका-कोला को अपना सीक्रेट फॉर्मूला छोड़ना होगा। सरकार जानती थी कि कोका-कोला अपने सीक्रेट फॉर्मूले को कभी नहीं छोड़ेगी और उसे देश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा और हुआ भी ऐसा ही। कोका कोला भारत छोड़कर चली गई। कोका-कोला के बाहर निकलने के साथ भारतीयों को इसका ऑल्टरनेटिव चाहिए था। भारत सरकार ने इस अवसर को देखा और बदलाव के वर्ष को चिह्नित करने के लिए डबल 7 (77) नाम से अपना खुद का कोला ब्रांड लॉन्च किया। डबल 7 का टेस्ट कोका-कोला से बिल्कुल अलग था, जो लोगों को पसंद नहीं आया। दिल्ली की कंपनी प्योर ड्रिंक्स ने भी अवसर को भांपते हुए कैंपा-कोला नाम से अपनी सॉफ्ट ड्रिंक बेचना शुरू कर दिया। कैंपा-कोला की ब्रांडिंग, लोगो और स्वाद कोका-कोला के करीब था। इस कारण उसे बाजार में अच्छी हिस्सेदारी हासिल करने का मौका मिला। पारले ने भी 'थम्स अप' नाम से अपनी ड्रिंक लॉन्च की। उसके लिए ये बड़ी हिट साबित हुई। अब कोला इंडस्ट्री में दो मेन कॉम्पिटिटर थे, कैम्पा-कोला और थम्स-अप। कैम्पा-कोला अपने प्रोडक्ट की कीमत कम करके प्राइस वॉर में लगा था, लेकिन थम्स-अप ने एक अलग रणनीति अपनाई। कीमत कम करने के बजाय, उसने बोतल का साइज 200 मिली से बढ़ाकर 250 मिली कर दिया और इसकी मार्केटिंग 'महा कोला' के रूप में की। इसका परिणाम यह हुआ कि थम्स-अप मार्केट लीडर बन गया। आप सोच रहे होंगे ये कहानी हम आज क्यों बता रहे हैं। दरअसल, रिलायंस एफएमसीजी कारोबार में एंट्री लेने वाली है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस प्लान के तहत रिलायंस ने दिल्ली स्थित प्योर ड्रिंक ग्रुप के साथ करीब 22 करोड़ रुपए की डील में कैंपा कोला का अधिग्रहण किया है। रिलायंस की सीधी टक्कर कोका-कोला और पेप्सिको के साथ होगी। रिलायंस कैंपा कोला को नींबू, नारंगी और कोला इन तीन स्वाद में बाजार में उतारने की तैयारी कर रही है। पहले चरण में रिलायंस इसे अपने रिटेल स्टोर्स, जियोमार्ट और किराना स्टोर्स में बेचेगी। यानी 1977 में कोका कोला के भारत से बाहर जाने के बाद जिस कैंपा कोला ने उसकी कमी को पूरा किया वह अब दोबारा मार्केट में छाने को तैयार है।

# ईडी ने ड्रग्स से जुड़े मनी लाउनड्रिंग मामले में की कार्रवाई

## श्रीलंकाई पिता-पुत्र की संपत्ति जब्त




नई दिल्ली, 2 सितंबर(एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को एक श्रीलंकाई नागरिक और उसके पुत्र की संपत्तियों को जब्त किया है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई मनी लाउंड्रिंग के एक मामले में जांच के दौरान की गई। ईडी ने बयान जारी कर कहा है कि उसने गुनासेकरन उर्फ पेरामा कुमार और बेटे दिलीप उर्फ थिलीप के खिलाफ संपत्ति जब्ती की कार्रवाई की है। ईडी के अनुसार गुनासेकरन पर श्रीलंका की पूर्व राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री चंद्रिका कुमारतुंगा पर हमला करने के आरोप के आरोप लगे थे। 18 दिसंबर, 1999 को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में एक चुनावी रैली के दौरान एक महिला आत्मघाती हमलावर ने उनके काफिले पर हमला कर दिया, जिससे कुमारतुंगा गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं। श्रीलंका की पूर्व राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री चंद्रिका कुमारतुंगा पर हुए इस हमले के लिए लिट्टे को जिम्मेदार ठहराया गया था, इस हमले में 34 लोग मारे गए थे जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। ईडी ने कहा है कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत तमिलनाडु में ईस्ट कोस्ट रोड (ईसीआर) पर एक बंगला और तिरुवन्नामलाई जिले में दो कृषि भूमि कुर्क करने का एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है। इन संपत्तियों की कीमत 33.7 लाख रुपये है। एजेंसी ने कहा है कि गुनासेकरन और कुछ अन्य लोगों को 2011 में तमिलनाडु की एक विशेष अदालत ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में दोषी ठहराया था, लेकिन जेल की सजा पूरी करने के बाद उन्होंने अपनी पहचान बदल दी और अपराध की आय अर्जित की। एजेंसी के अनुसार पिता-पुत्र ने एक समय में पैन, आधार और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल किया और भारत में अवैध रूप से रहे ईडी के अनुसार एक अन्य कार्रवाई में जांच एजेंसी ने तमिलनाडु के थंजावुर जिले में एक मल्टी स्क्रीन थियेटर को सीज कर लिया है। यह कार्रवाई चेन्नई स्थित एक फिल्म प्रोडक्शन कंपनी से जुड़े मामले में की गई है। यह मामला फॉरेन एक्सचेंज कानूनों के उल्लंघन का है। ईडी ने गुरुवार को बताया है कि उक्त संपत्ति जीवी फिल्म्स लिमिटेड से संबंधित है।

उन पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप है। इस मामले में 345.6 करोड़ रुपये की गड़बड़ी की गई है।



# गहलोत ने मायावती की काट के लिए 32 फीसदी दलित-आदिवासियों पर खेला दांव



जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए राजनीतिक पिच तैयार करने में जुटे सीएम अशोक गहलोत प्रदेश के दलित-आदिवासियों को रिझाने की कवायद तेज कर दी है। सीएम अशोक गहलोत ने दलित-आदिवासी युवकों के भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना 2022 के प्रारुप का अनुमोदन कर दिया है। इसके तहत प्रदेश में आरक्षित वर्ग के लिए उद्योगों की राह आसन कर दी है। भूमि रुपांतरण शुल्क में 100 फीसदी रियायत मिलेगी। इसके अलावा उद्यमियों के लिए आवंटित भूखंडों की सीमा 4 हजार वर्गमीटर करने का निर्णय लिया है। इससे पहले SC-ST विकास योजनाओं को अनिवार्य रूप से लागू करने और इन इलाकों में विकास की गारंटी देने के लिए गहलोत सरकार ने अलग से फंड का कानून बनाया। राजस्थान एससी-एसटी विकास निधि (योजना,आवंटन और वित्तीय संसाधनों का उपयोग) विधेयक विधानसभा में पारित भी हो गया था। माना जा रहा है कि सीएम गहलोत का यह निर्णय बसपा प्रमुख मायावती की काट के लिए खेला है। विधानसभा चुनाव में मायावती हर बार कांग्रेस को सियासी तौर पर नुकसान पहुंचाती रही है।

राजस्थान में एससी-एसटी की प्रदेश में 32 फीसदी से ज्यादा आबादी है। कई जिलों में यह प्रतिशत और भी ज्यादा है। दलित-आदिवासी कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक माना जाता है, लेकिन यह वोट बैंक अब बीजेपी और दूसरी पार्टियों की तरफ भी जा रहा है। विकास योजनाओं को लागू करने की गारंटी वाला कानून लाकर सरकार इस बड़े वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है। राजस्थान में डेढ़ करोड़ दलित-आदिवासी वोटर है। हाल ही के दिनों में दलितों पर हुई अत्याचार की घटनाओं से गहलोत सरकार को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा। जालौर प्रकरण ने गहलोत सरकार को मुश्किल में डाल दिया था। सीएम गहलोत चाहते हैं कि कांग्रेस का परंपरागत वोट छिटके नहीं। विधानसभा चुनाव 2023 में पार्टी को जीत हासिल हो।

योजना के अंतर्गत दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) और कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) सहित अन्य के सहयोग से एमएसएमई सेक्टर के विभिन्न ट्रेड/उत्पादों के संबंध में पूर्णकालिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना होगी। सेंटर में प्रशिक्षणार्थियों को उद्यम स्थापना से पूर्व सभी आवश्यक जानकारी,



प्रोजेक्ट का चयन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना, उद्यम स्थापित करने के लिए आधुनिक मशीनों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण, तकनीकी और दक्षता संवर्द्धन, उद्यम के संचालन, उत्पादों की मार्केटिंग, वित्तीय लेन-देन के स्वरूप के साथ प्रक्रिया, लेखा संधारण आदि का आवासीय प्रशिक्षण मिलेगा। दलित और आदिवासी वर्ग के लोगों को निवेश करने में सक्षम बनाने के लिए अभिनव पहल की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे चयनित उद्योगों में रीको/राजस्थान वेंचर कैपिटल फंड की 10 प्रतिशत भागीदारी, अधिकतम 25 लाख रुपए प्रति इकाई किए जाने के विकल्प का प्रावधान होगा। इस तरह की साझेदारी से युवा उद्यमियों को तकनीकी और विभिन्न स्वीकृतियां लेने में सहयोग मिलेगा।

इस योजना के लागू होने पर रीको औद्योगिक क्षेत्रों में दलित और आदिवासी वर्ग के उद्यमियों को आवंटित होने वाले भूखंडों की निर्धारित सीमा 2000 वर्गमीटर से बढ़ाकर 4000 वर्गमीटर की जाएगी। साथ ही, उद्यमियों को वर्तमान में भूखंड आवंटन में देय आरक्षण की सीमा को भी 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत किया जाएगा। भूमि आवंटन की देय राशि की किश्तों पर ब्याज में पूर्ण छूट तथा भूमि रूपान्तरण शुल्क में 100 प्रतिशत रियायत का भी प्रावधान होगा। जमीन खरीद, लीज और ऋण दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी में भी योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। योजना के तहत दलित और आदिवासी वर्ग के उद्यमियों की ओर से लगाई जाने वाली इकाइयों के राज्य वस्तु और सेवा कर (एसजीएसटी) का 7 वर्ष तक के लिए 100 प्रतिशत पुनर्भरण किया जाएगा।

# 'सचिन पायलट बनें मुख्यमंत्री'

## बोले- कांग्रेस एमएलए वेदप्रकाश सोलंकी



जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार सचिन पायलट को सीएम बनाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। कांग्रेस विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने कहा कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। क्योंकि प्रदेश की जनता पायलट को मुख्यमंत्री बनना देखना चाहती है। विधायक सोलंकी ने आज अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में अगर बदलाव होता है को इसका फायदा पार्टी को मिलेगा। राजस्थान में एससी-एसटी, अल्पसंख्यक वोटों के दम पर सरकार बनी थीम ऐसे में उन जातियों को सत्ता और संगठन मैं महत्व मिलना चाहिए उनका मान सम्मान होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। सोलंकी ने कहा कि यह बात हम सार्वजनिक मंचों पर ही नहीं बल्कि पार्टी फोरम पर भी कह चुके हैं और दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं के समक्ष भी इस बात को दोहरा चुके हैं कि राजस्थान की जनता सचिन पायलट को मुख्यमंत्री देखना चाहती है।

### पायलट को सीएम बनाने का फायदा मिलेगा

अगर समय रहते पार्टी आलाकमान ने सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाया तो राजस्थान में 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। वेद प्रकाश सोलंकी ने कहा कि सचिन पायलट को लेकर जनता में करंट है, बदलाव सतत प्रक्रिया है और बदलाव होना चाहिए अगर बदलाव होगा तो इसका फायदा पार्टी को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि सोलंकी से पहले कांग्रेस विधायक खिलाड़ीलाल बैरवा और गिर्राज सिंह मलिंगा ने भी कहा कि सीएम गहलोत को राष्ट्रीय राजनीती में सक्रिय रहना चाहिए। बैरवा ने कहा कि सीएम गहलोत तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने है। अब समय आ गया है कि वह पद राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### सोलंकी बोले- हां मैं बागी हूं

सचिन पायलट खेमे के माने जाने वाले कांग्रेस विधायक वेद प्रकाश सोलंकी पूर्व में दिए गए अपने बयान पर अभी भी कायम है। वेद प्रकाश सोलंकी ने कहा कि अगर सच कहना बगावत है तो हां मैं बागी हूं। वेद प्रकाश सोलंकी ने आज अपने आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राजस्थान में सचिन पायलट के दम पर सरकार बनी थी, पार्टी को जो बहुमत मिला था वो सचिन पायलट की देन हैं जो जातियां पायलट के नाम पर वोट देती है उसके हिसाब से सचिन पायलट को महत्व मिलना चाहिए। विधायक सोलंकी के बयान पर पलटवार करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पलटवार करते हुए कहा कि पार्टी के बड़ा कोई नहीं है। बेवजह की बयानबाजी करने वालों पर कार्रवाई करेंगे।

# सीएम गहलोत से मिले प्रभारी अजय माकन सियासी अटकलों को फिर मिली हवा

जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने आज सीएम अशोक गहलोत संग करीब 4 घंटे मीटिंग की। दोनों नेताओं की मुलाकात के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। मान जा रहा है कि सरकार और संगठन में संभावित बदलाव को लेकर चर्चा हुई है। संगठन में नियुक्तियां राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव से पहले हर हाल में कर दी जाएगी इसलिए संभावित कैबिनेट फेरबदल और अन्य बातों पर भी मुख्यमंत्री के साथ लंबी चर्चा हुई। हालांकि, सीएम से मुलाकात के बाद अजय माकन ने साफ कर दिया है कि मोदी सरकार के खिलाफ महंगाई रैली और भारत जोड़ो यात्रा को लेकर चर्चा हुई है। इसके अलावा अन्य विषयों पर चर्चा नहीं हुई है।

### भारत जोड़ो यात्रा और महंगाई रैली को लेकर मंथन



राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के साथ में जो आज बैठक हुई है। उस बैठक में 4 सितंबर को दिल्ली में होने वाली रैली को लेकर चर्चा हुई है। जिसमें सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश से 50 हजार से ज्यादा लोग रैली में शामिल होंगे। डोटासरा ने कहा कि देश में मोदी सरकार को बने हुए 8 साल से ज्यादा हो गए। लेकिन इन 8 सालों में महंगाई कम होने की बजाय हर दिन बढ़ती जा रही है। सत्ता की नींद में सो रही मोदी सरकार को जगाने के लिए कांग्रेस की महारैली होगी। डोटासरा ने कहा कि विधायकों, मंत्रियों और जिला प्रभारी मंत्रियों के रैली में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### माकन ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने कहा कि देश में जिस तरह से महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और केंद्र की मोदी सरकार आंख बंद करके बैठी हुई है। उसे जगाने के लिए 4 सितंबर को दिल्ली में हल्ला बोल रैली है. इस रैली की तैयारियों को लेकर लगातार बैठक की गई है। राजस्थान से 1 लाख से अधिक लोग इस हल्ला बोल रैली में शामिल होंगे। माकन ने कहा कि लोगों में महंगाई के खिलाफ आक्रोश है और यह आक्रोश 4 सितंबर को दिल्ली की सड़कों पर दिखेगा। इससे पहले अजय माकन प्रदेश कांग्रेस कार्यावलय में पार्टी पदाधिकारियों संग अहम बैठक की।

# राजस्थान में 10 बिजलीघर यूनिट्स ठप

## 4442 मेगावाट प्रोडक्शन बंद, गांव-शहरों में अघोषित बिजली कटौती



जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में बिजली के भयंकर क्राइसिस के हालात बन गए हैं। अलग-अलग बिजली घरों की कुल 10 पावर यूनिट्स ठप हैं। 4442.50 मेगावाट बिजली प्रोडक्शन बंद हो चुका है। 12 रुपए प्रति यूनिट अधिकतम कैपिंग रेट पर भी राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एक्सचेंज से पूरी बिजली खरीदकर उपभोक्ताओं को सप्लाई नहीं दे पा रहा। 500 मेगावाट बिजली शॉर्ट टर्म टेंडर से खरीदने के लिए सितम्बर 2022 की टेंडरिंग भी फेल हो गई। हालात बहुत गम्भीर इसलिए हैं, क्योंकि बिजली की डिमांड पीक आवर्स में 14100 मेगावाट हो गई है, लेकिन उपलब्धता करीब 11595 मेगावाट है।

डिमांड और सप्लाई में अंतर 2505 मेगावाट का है। पावर एक्सचेंज से बिजली खरीदने और ग्रामीण शहरी इलाकों में अघोषित बिजली कटौती के बावजूद बिजली किल्लत बनी हुई है। राजस्थान में कोयले से चलने वाले थर्मल पावर प्लांट्स की कुल कैपेसिटी 7580 मेगावाट है। जबकि 4010 मेगावाट कैपिसिटी की थर्मल यूनिट्स ठप हैं।

### 12 रुपए रेट पर भी एक्सजेंस से नहीं मिल रही पूरी बिजली

आरयूवीएनएल के चीफ इंजीनियर मुकेश बंसल ने कहा- पावर प्लांट यूनिट्स बंद होने से बिजली का शॉर्ट फॉल आया है। पावर शॉर्टेज की स्थिति पैदा हुई है। हमें 12 रुपए प्रति यूनिट की कैपिंग रेट पर भी एक्सचेंज से पूरी बिजली नहीं मिल पा रही। 2500 मेगावाट बिजली खरीद की जरूरत है। लेकिन कल शाम को 500-600 मेगावाट बिजली ही 12 रुपए प्रति यूनिट पर मिल सकी। रात 11 बजे बाद भी 660 मेगावाट ही बिजली मिल सकी। सितम्बर में 500 मेगावाट बिजली शॉर्ट टर्म टेंडर के जरिए खरीदने की टेंडरिंग भी करवाई। लेकिन करीब 305 मेगावाट ही अलग-अलग हिस्सों में ऑफर मिला। उसमें भी रेट 7.98 रुपए से 9.99 रुपए प्रति यूनिट तक बहुत ज्यादा आई। इसलिए उसे रिजेक्ट कर दिया गया।

# राज्यपाल दो दिवसीय दौरे पर जोधपुर पहुंचे



जोधपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राज्यपाल कलराज मिश्र दो दिवसीय दौरे पर आज शुक्रवार को जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहां से वह सीधा सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय के लिए रवाना हुए। पुलिस विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति आलोक त्रिपाठी ने राज्यपाल का स्वागत किया।

इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन की ओर से लोडली पंडित व रलावसा से आए स्कूली बच्चों को बैग, नोट बुक आदि बांटे। राज्यपाल यहां आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

इस दौरान डीसीपी पूर्व अमृता दुहन, डीसीपी ट्रेफिक विनीत कुमार बंसल, उपखंड अधिकारी सुरेंन्द्र सिंह राजपुरोहित , नगर निगम उपायुक्त रोहित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोडली पंडित के सरपंच मोहन सिंह खींची से भी राजयपाल से मिले।

राज्यपाल कलराज मिश्र दोपहर का लंच भी वह विश्वविद्यालय में ही करेंगे। दोपहर 3.35 बजे विश्वविद्यालय से 4 बजे जोधपुर सर्किट हाऊस पहुंचेंगे। राज्यपाल शाम 5.40 बजे सर्किट हाउस से शाम 6 बजे कायलाना झील पहुंचेंगे। वहां से शाम 7.20 बजे सर्किट हाऊस पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाऊस में करेंगे।

राज्यपाल अगले दिन कल 3 सितम्बर, शनिवार को सुबह 10.15 बजे सर्किट हाऊस से सड़क मार्ग से पाली के लिए निकलेंगे। पाली में वह महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस, जाड़न में कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

# 'महिलाओं के खिलाफ क्राइम के आधे से ज्यादा केस झूठे'

## गहलोत बोले- जालोर केस सीबीआई को दे देंगे, लेकिन राजस्थान को बदनाम नहीं होने देंगे?

जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जालोर के सुराणा में टीचर की पिटाई से दलित बच्चे की मौत की जांच सीबीआई को देने के संकेत दिए हैं। गहलोत ने कहा- जालोर की घटना में अब भी लोग आ रहे हैं। बेवजह गलत बातें फैला रहे हैं। अरे भाई, पहले आप सच्चाई तो जानिए, आप कहें तो यह केस सीबीआई को दे देते हैं।

गहलोत ने कहा- अगर आपको राजस्थान पुलिस पर विश्वास नहीं है तो केस सीबीआई को दे देंगे। हमारा क्या लगता है, पर बिना मतलब राजस्थान को बदनाम करने का हक किसी को नहीं है। कुछ लोग जो चाहे बातें फैला रहे हैं। गहलोत जयपुर में राजस्थान पुलिस एकेडमी में शुक्रवार को दीक्षांत परेड में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

सीएम ने प्रदेश में अपराध के आंकड़े बढ़ने के पीछे कम्पल्सरी एफआईआर की व्यवस्था को कारण बताया और कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों के आधे से ज्यादा केसों के झूठ होते हैं। गहलोत ने कहा- यहां पर क्राइम कंट्रोल में है।

उन्होंने कहा कि रेप की घटनाएं कौन करता है,कोई विदेशी आता है क्या? अधिकांश घटनाएं परिवार के जान-पहचान वाले करते हैं, उनके रिलेटिव करते हैं। परिवार के मिलने वाले होते हैं। अधिकांश जगह वो ही करते हैं। महिलाओं के खिलाफ जो क्राइम है, उसमें आधे से ज्यादा यानी लगभग 56 फीसदी झूठे हैं। झूठे मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। हमने उनके खिलाफ कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

गहलोत ने कहा- डीजीपी मेरे



पास ही खड़े हैं। उनसे मैं कहना चाहूंगा कि जो लोग झूठे मुकदमे दर्ज करवाते हैं, उन्हें छोड़ना नहीं चाहिए। झूठे मुकदमे करवाने वालों के खिलाफ संगीन केस हो और उसे लॉजिकल अंत तक लेकर जाएं। ताकि और लोग ऐसा करके प्रदेश को बदनाम करने की हिम्मत नहीं करें।

गहलोत ने कहा कि अगर किसी प्रदेश में रेप, क्राइम बढ़ने की खबरें आती हैं तो उसकी बदनामी होती है। मेरी खुद की और सरकार की भी थ्योरी है कि अगर कोई आलोचना करता है तो बुरा कभी मत मानो।

# जयपुर में बच्ची को रोता छोड़ मां ने किया सुसाइड



जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। जयपुर में शुक्रवार तड़के फंदा लगाकर एक विवाहिता ने सुसाइड कर लिया। मां को फंदे से लटका देखकर तीन साल की मासूम रोने लगी। परिजनों के कमरे में पहुंचने पर सुसाइड का पता चला। भट्टाबस्ती थाना पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव एसएमएस हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया है। पुलिस को मृतका के पास सुसाइड नोट नहीं मिला है। एसएचओ हुकम सिंह ने बताया कि मृतका सीमा (30) गोरखपुर उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी। करीब 5 साल पहले उसकी शादी शिवाजी नगर भट्टाबस्ती निवासी संजय से हुई थी। बाइक कंपनी में जॉब करने वाले संजय ओमान गए हुए थे। गुरुवार रात को सीमा पहली मंजिल पर बने अपने रुम में बेटी के साथ सोने चली गई। ससुर और देवर अपने-अपने रुम में चले गए। देर रात सीमा ने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

रात करीब 3:30 बजे बच्ची की नींद खुली तो उसने मां को फंदे से लटका देखा। मां को देखकर बच्ची रोने लगी। काफी समय से बच्ची के रोने की आवाज सुनकर ससुर उठकर सीमा के रुम में आए। कमरे में सीमा फंदे से लटकी मिली। सुसाइड की सूचना तुरंत भट्टाबस्ती थाना पुलिस को दी गई।

# पीएम नरेंद्र मोदी दलित वर्ग के देवता हैं, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत ने जमकर किया गुणगान

जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान से आने वाले केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखवात ने पीएम मोदी मोदी गरीब और दलित वर्ग के लिए देवता समान बताया है। शेखावत ने चित्तौड़गढ़ में मोदी @20 सपने हुए साकार में निहित प्रबुद्धजनों के विचारों के साथ अपने हिसाब से सबके मन की बात भी बताई। समारोह के मुख्य अतिथि शेखावत ने मोदी सरकार की योजनाओं को सबके सामने रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीब और दलित वर्ग के लिए देवता के समान बताया। शेखावत ने कहा कि मोदी के 8 साल के शासनकाल में जिन लोगों के जीवन में परिवर्तन हुआ है उन्हें मोदी एक मसीहा के रूप में दिखाई देते हैं। सम्मेलन में मौजूद आदिवासी वर्ग से आने वाले



अनुसूचित जनजातीय या दलित समाज के लोगों को मोदी को सम्मान दिलाने वाले देव पुरुष के रूप में देखना प्रारंभ किया होगा। केंद्रीय मंत्री ने मोदी के गुणगान करते हुए कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में काम करने वाले वैज्ञानिकों को प्रधानमंत्री मोदी वैज्ञानिक के रूप में अधिक नजर आते हैं। युवाओं को स्टार्ट अप का मार्गदर्शक तो जिन लोगों को बिजली पानी की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। उनके लिए मोदी एक साथी हैं। कुल मिलाकर जिस व्यक्ति ने मोदी को जिस रूप में देखा उसे वैसे ही नजर आते हैं। अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने अपने मंत्रालय सहित केंद्रीय सरकार की विभिन्न योजनाओं को एक-एक कर गिनाते हुए कहा कि इनसे लोगों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। पीएम मोदी इस दिन 72 साल के हो जाएंगे. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) इस मौके को खास बनाने में जुट गई है। इससे पहली शेखावत ने 'मोदी @20 सपने हुए साकार' पुस्तक की तुलना भगवद गीता से की थी। इस पर पलटवार करते हुए राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि शेखावत को चापलूसी करनी है तो मोदी को श्रीकृष्ण बता देते।

# चालान से बचना है तो निकालो 500, जब कांस्टेबल ने डीसीपी से ही मांग ली रिश्वत

जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। ट्रैफिक रूल तोड़ने पर हो सकता है कभी आपसे भी किसी चौराहे पर रिश्वत देकर चालान से बचने की पेशकश की गई हो। देशभर में इस तरह की घटनाएं काफी सामान्य हैं। लेकिन जयपुर में पुलिस महकमे के एक बड़े अफसर को भी इस अनुभव से गुजरना पड़ा। यहां सादे कपड़ों में कार से जा रहे डेप्युटी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) को पहले तो एक कांस्टेबल ने सीट बेल्ट नहीं लगाने की वजह से पकड़ा और फिर उन्हें चालान से बचने के लिए 500 रुपए रिश्वत मांग ली। इसके बाद कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया तो तीन अन्य को पुलिस लाइन से अटैच कर दिया गया है। घटना बुधवार की है, जब डीसीपी (नॉर्थ) पारिस देशमुख और उनके स्टाफ रात में पट्रोलिंग पर निकले। वह नाकाबंदी का औचक निरीक्षण कर रहे थे। देशमुख एक निजी वाहन में थे और उनके गनमैन और ड्राइवर भी सादे कपड़ों में थे। गाड़ी जब ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में रोटरी सर्कल के पास राजेंद्र प्रसाद नाम के कांस्टेबल ने उन्हें रोका और सीट बेल्ट नहीं लगाए होने को लेकर चालान भरने को कहा। लगे हाथ उसने यह भी कह दिया कि यदि इससे बचना है तो 500 रुपए दे दो। इसके बाद डीसीपी ने उसके वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद आरोपी पुलिसकर्मियों पर ऐक्शन लिया गया है।

# सीएम अशोक गहलोत ने पुलिस अधिकारियों को पदक देकर किया सम्मानित

जयपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्य आतिथ्य में राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित परेड ग्राउंड में आज पुलिस उपनिरीक्षक व प्लाटून कमाण्डर संयुक्त बैच 2021 का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रेष्ठ प्रशिक्षुओं को



पारितोषिक वितरण एवं पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस पदक देकर सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री परेड का निरीक्षण किया। परेड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण एवं शस्त्र शपथ ली गई। गहलोत ने इस अवसर पर श्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर पुरस्कृत किया। साथ ही गत वर्ष केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए घोषित किए गए पुलिस पदक प्राप्त कर्ताओं की सूची में शामिल राजस्थान पुलिस के पुलिस अधिकारियों को पुलिस पदक प्रदान कर सम्मानित किया। महानिदेशक पुलिस एम एल लाठर ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# महिला दक्षता समिति ने मनाया दीप प्रकाश समारोह



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महिला दक्षता समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं सुमन जूनियर और वोकेशनल कॉलेज, वीड़ी बजाज डिग्री कॉलेज, महिला दक्षता समिति और बंसीलाल मालानी कॉलेज ऑफ नर्सिंग गंगारम चंदानगर प्रांगण में पांचवे सत्र के बीएससी नर्सिंग छात्राओं के लिए दीप प्रकाश समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमडीएस के परामर्शदाता प्रो. प्रभाकर त्रिपाठी ने अपने कहा कि डॉ. सरोज बजाज एक स्त्री नहीं एक संस्था है। साहसी आयरन लेडी की तरह दृढ़ता के साथ शैक्षणिक संस्थाओं के समूह की संस्थापिका है। आज हमारे समाज में लोग कई रोगों से ग्रस्त है ऐसे लोगों की सेवा के लिए इस कॉलेज से कई नर्स लोगों की निस्वार्थ सेवा के लिए अग्रसर हो रही है। सम्माननीय अतिथि श्रीमती सुरभी, सहायक निदेशक कार्यालय गृह मंत्रालय आधिकारिक भाषा विभाग केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान ने अपने वक्तव्य में कहा कि दीप प्रकाश समारोह एक पवित्र कार्यक्रम है। आज आप लोग नर्सिंग के पवित्र क्षेत्र में पदार्पण कर रही है। आप लोगों को बहुत कुछ सीखना है। प्रकाश अज्ञानता को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। महिला दक्षता समिति की अध्यक्ष डॉ सरोज बजाज ने अपने संबोधन में नर्सिंग कॉलेज की पांचवें सत्र की छात्राओं से कहा कि दीप प्रज्वलन समारोह हर नर्स के जीवन में एक शुभ अवसर होता है। एक अच्छी नर्स की सेवा, देखभाल, ध्यान, उतना ही महत्वपूर्ण है जितना एक महान सर्जन द्वारा किया गया एक बड़ा ऑपरेशन। परिश्रम, कर्मठता, समर्पण, त्याग करूणा आदि भावों को लेकर मानसिक रूप से तैयार होकर आप इस क्षेत्र में आती हो। कार्यक्रम में श्रीमती मुन्ना जकेटिया, श्रीमती उषा मालपानी, श्रीमती तारा मोदी, श्रीमती एल. अनुराधा, श्रीमती के. अनुसूया, श्रीमती सरस्वती गुप्ता, श्रीमती सुमन गुप्ता, श्रीमती बीना मिश्रा, डिग्री कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती रमा कुमारी शिक्षक एवं शिक्षकेतर वर्ग उपस्थित रहे। नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती सुशीला पाटिल ने दीप प्रकाश महोत्सव के महत्त्व के बारे में संक्षेप में बताया।

# गृहमंत्री ने किया तीन दिवसीय इलेक्ट्री एक्सपो का शुभारंभ

## इलेक्ट्रिकल उत्पादों और उपकरणों के लिए सबसे बड़ी प्रदर्शनी है इलेक्ट्री एक्सपो : राजेश सुराणा

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद इलेक्ट्रिक ट्रेड्स एसोसिएशन (एसईटीए) के तत्वावधान में इलेक्ट्री एक्सपो का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित गृहमंत्री मो. महमूद अली तथा विधायनसभा उपाध्यक्ष पद्माराव गौड़ ने एक्सपो का शुभारंभ किय। सेटा के अध्यक्ष राजेश सुराणा ने बताया कि बिजली उन बाध्यकारी ताकतों में से एक है जिसने मानव जाति को आगे बढ़ाया, सीमाओं की अवधारणा को भंग करते हुए, दूरसंचार उद्योग को आगे बढ़ाते हुए, तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति को दिव्य ऊंचाइयों तक पहुंचाया। यह मानव कल्पना के बहुत तत्व को प्रसारित करने और मानव विकास में बाधा डालने वाली हर ज्ञात बाधा के माध्यम से समाज को ले जाने में एक मार्गदर्शक शक्ति रही है। औद्योगिक क्रांति, वैश्वीकरण और डिजिटल क्रांति के आगमन ने बिजली और इसके तकनीकी



कौशल के प्रमाण को साबित कर दिया है।

इलेक्ट्री एक्सपो अपनी तरह का एक और इलेक्ट्रिकल उत्पादों और उपकरणों के लिए सबसे बड़ा प्रदर्शनी है, जिसमें नवीन, रचनात्मक और ऊर्जा-कुशल विद्युत उपकरणों की कई किस्में हैं, जो कम वोल्टेज वाले विद्युत, पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ उपकरणों की असंख्य सूची को कवर करती हैं। एक्सपो का उद्देश्य घरेलू, जागरूक औद्योगिक और उपभोक्ता बाजारों के लिए पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा दक्षता उपकरणों के नए युग के विकास के लिए महत्वपूर्ण कवरेज को बढ़ाना और प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि "इलेक्ट्रिएक्सपो 2022 मुख्य रूप से ऊर्जा की बचत, बिजली उत्पादन, परिवर्तन और भंडारण, बिजली के ट्रांसमिशन और वितरण, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमेशन, लाइट, डिवाइसेज, गैजेट्स और उपकरणों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों और प्रमुख आंकड़े जैसे कि इंजीनियर्स को प्रदर्शित किया जाता है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में आर्किटेक्ट, छात्र, ठेकेदार, व्यापार निवेश विशेषज्ञ और उद्योग के दिग्गज शामिल होंगे। अक्षय ऊर्जा, हरित ऊर्जा, ऊर्जा कुशल घरों, कम वोल्टेज उपकरण, आदि पर विभिन्न उद्योग विशेषज्ञों द्वारा टेक सेमिनार भी तीनों में आयोजित किए जाएंगे।

सुरेश जैन - सचिव और एक्सपो चीफ-सेटा, ने कहा कि आज के तकनीकी संदर्भ में ऊर्जा उद्योग सौर ऊर्जा और वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग में हालिया विकास के कारण परिवर्तन के कगार पर है। भारत दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के साथ एक बढ़ती अर्थव्यवस्था है। बिजली की खपत की घातीय आवश्यकता ने अक्षय स्थायी ऊर्जा कुशल विद्युत उपकरणों की आवश्यकता को संचित कर लिया है। इसमें शीर्षक प्रायोजक-पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड- मुख्य व्यवसाय अधिकारी और कार्यकारी अध्यक्ष भूषण साहनी ने इलेक्ट्रिक एक्सपो 2022 पोस्टर का अनावरण करने के लिए पर्दा उठाया।

# बिहार एसोसिएशन के प्रयास से पीड़ित परिवारों को मिली सहायता

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार एसोसिएशन हैदराबाद के महासचिव प्रभाष कुमार एवं मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि बिहार एसोसिएशन हैदराबाद एवं उसके अंतर्गत आने वाले बिहार फाउंडेशन चैप्टर हैदराबाद का प्रयास रंग लाया और तेलंगाना सरकार के द्वारा पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि प्रदान की गई। बिहार एसोसिएशन हैदराबाद के अध्यक्ष हरेराम सिंह एवं बिहार फाउंडेशन चैप्टर हैदराबाद के अध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा सहित एसोसिएशन सभी वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों का परिश्रम रंग लाया, जो विगत 23 मार्च 2022 को सिकंदराबाद स्थित भोईगुड़ा के कबाड़ गोदाम में आग लगने से बिहार के छपरा, सारण एवं कटिहार जिले के 12 श्रमिकों का असामयिक निधन हो गया था। वह एक बहुत ही हृदय विदारक घटना थी, जिसके लिए बिहार एसोसिएशन हैदराबाद परिवार अपनी संघर्ष जारी रखा, जिसके फलस्वरूप अंततः तेलंगाना सरकार के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा बिहार जाकर उन सभी पीड़ितों को मुआवजा राशि प्रदान की गई, जिसके लिए एसोसिएशन के सभी सदस्य मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता है। ज्ञात हो कि अन्य बहुत सारे संस्था जो केवल मात्र कागज पर है वह सभी इसका श्रेय लेने हेतु तत्पर है, जबकि बिहार एसोसिएशन हैदराबाद प्रत्यक्ष, पत्राचार एवं दूरभाष के माध्यम से निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में सहायक सिद्ध हुए हैं।



भजन गायक सोनू सिसोदिया और उनका पिता हनवंत सिसोदिया का सम्मान करते हुए श्री बाबा राम देव मित्र मंडल के अध्यक्ष गज्जू भाई कोलारिया। साथ में हैं रामकिशोर माली, महेंदर माली, सावित्री व्यास, वंदना कोलारिया, सिमरन व्यास, राधिका कोलारिया, मोदिता व्यास व अन्य।

# राष्ट्रीय एकता व भक्ति कवि गोष्ठी सफलतापूर्वक संपन्न

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गीत चाँदनी के तत्वावधान में संस्था के कार्यालय कवि भवन में राष्ट्रीय एकता व भक्ति कवि गोष्ठी का आयोजन कर्मचारी राज्य जीवन बीमा निगम के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी (राजभाषा) की अध्यक्षता और संस्था के सह-कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय के संचालन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता व भक्ति कवि गोष्ठी में सत्यनारायण काकड़ा, रत्नकला मिश्र, शोभा देश पांडेय, दिनेश सिंह, सदानंदलाल गोगीकार, पूनम जोधपुरी, प्रवीण कुमार, दीपक चिंडालिया वाल्मीकि, विजया बाला स्याल, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, गोविंद अक्षय और कवयित्री सुधा ठाकुर ने अपनी कविताओं का पाठ किया। विशेष वक्ता कवयित्री डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने कहा कि देवों के देव श्री गणेश भगवान की महिमा अद्भुत है। विशेष वक्ता कवयित्री सुधा ठाकुर ने कहा कि गणेश उत्सव भाद्रपद मास की चतुर्थी से चतुर्दशी तक मनाया जाता है। मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज ने राष्ट्रधर्म और संस्कृति से जोड़कर एक नयी शुरुआत की थी। स्वतंत्रता आंदोलन में लोगों को एकजुट करने में इस प्रयास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपने भाषणों में लोगों से कहा था कि गणपति उत्सव का मुख्य उद्देश्य आज़ादी हासिल करना है। स्वराज्य हासिल करनाा है देश से अंग्रेज़ों को भगाना है। बिना स्वराज्य के गणपति उत्सव का कोई औचित्य नहीं है। कवि दिनेश सिंह ठाकुर ने अध्यक्षीय टिप्पणी पस्तुत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में कामिनी सिंह, रंजीता वाल्मीकि, यथार्थ सिंह, प्रभात सिंह, प्रकाश राघव आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संयोजिका रत्नकला मिश्र ने सभी कवियों और श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने निर्मला सीतारमण के काफिले को रोकने की कोशिश की

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कामारेड्डी जिले के बांसवाड़ा में अंबेडकर प्रतिमा चौराहे पर शुक्रवार की सुबह एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के काफिले को रोकने की कोशिश की जब हल्का तनाव व्याप्त हो गया।

पुलिस, जो वित्त मंत्री के काफिले को बचा रही थी, ने हस्तक्षेप किया और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को तितर-बितर कर दिया।

जहीराबाद में अपनी यात्रा पूरी करने के बाद निर्मल सीतारमण बांसवाड़ा जा रही थीं, जब कार्यकर्ताओं ने उनके काफिले को रोकने की कोशिश की। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को देखकर काफिले का पीछा कर रहे भाजपा समर्थकों ने उनसे तीखी नोकझोंक की।



अग्रवाल समाज तेलंगाना के केंद्रीय कार्यालय में भगवान गणेशजी पूजा की गई, जिसमें उपस्थित समाज के अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार पंसारी, मानद मंत्री कपूर चंद गुप्ता, संयुक्त मंत्री सतीश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार जालान, केंद्रीय समिति सदस्य लाडली मोहन धानुका, नवीन अग्रवाल, एवं अन्य उपस्थित थे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट मैच 10 सितंबर को, हुई बैठक




हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5146 वीं जयंती के उपलक्ष में 10 सितंबर 2022 को अग्रवाल समाज तेलंगाना ओ. पी. जालान क्रिकेट कप का आयोजन अग्रवाल समाज चेन्नई के साथ एक इंटर स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार अग्रवाल समाज द्वारा किया जा रहा है। इस संदर्भ में समाज के कार्यालय में क्रिकेट समिति एवं अग्रवाल समाज तेलंगाना की क्रिकेट टीम के बीच एक सभा आयोजित की गई। सभा में समाज के मानद मंत्री कपूर चंद गुप्ता,समिति के चेयरमैन रमेशचंद्र अग्रवाल, शिवकुमार भालवाले, नवीन कुमार अग्रवाल,आशीष दोचनिया, अचल गुप्ता,धीरज गुप्ता, लोकेश संघाई, रितेश जगनानी, संदेश अग्रवाल एवं टीम के खिलाड़ी उपस्थित थे।



सुल्तानबाजार क्षेत्र में स्थापित गणेश पंडाल में बतौर अतिथि पूजा-अर्चना करते हुए समाज सेवी नंद किशोर व्यास बिलाल। साथ में हैं एबिड्स एसीपी वेंकट रेड्डी और पार्टी नेताओं शैलेश कुर्मा, सुनील सिंह, ताम्पू शर्मा, साईनाथ, टिंकू, जगदीश, प्रेम, शिवा और अन्य।

# पार्षद ने विधायक के समर्थन में की गौ पूजा

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विधायक राजा सिंह के अवैध गिरफ्तारी के समर्थन में तेलंगाना भरोसा मंच के अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने इमलीबन गौशाला में गौमाता पूजा कार्यक्रम किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता पिल्ली राजेश, दसारी अनिल, नंदू कुमार, रामकृष्ण, रंजीता जायसवाल, रघु कांबले, भानु प्रकाश, जनार्दन, नरसिंह ठाकुर, राजू यादव, रामू बगडे, वेंकट रेड्डी, रवि जायसवाल आदि उपस्थित रहे।




# एनकेएस यूथ एसोसिएशन द्वारा गणेश पूजा आयोजित, महाप्रसादी कल





हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एनकेएस यूथ एसोसिएशन द्वारा ऑटोनगर में गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। कांग्रेस नेता एन.के. सिंह द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर पंडित मोहित त्रिपाठी ने पूजा की। इसी के तहत 4 सितंबर को ऑटोनगर में गणेशजी का महाप्रसाद का आयोजन किया जायगा। एनकेएस यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने एलबी नगर विधायक डी.सुधीर रेड्डी को इसमें भाग लेने का निमंत्रण दिया। महाप्रसादी कार्यक्रम में डी.सुधीर रेड्डी मुख्य अतिथि होंगे और विशिष्ट अतिथि पी.ईश्वरमा यादव, अध्यक्ष कर्मन घाट, के.सत्यनारायण., सीआई वनस्थलीपुरम, बी.राजू नायक सीआई होंगे। इस अवसर पर तिरुमाला रेड्डी, पूर्व कॉरपोरेटर, डी. श्रवण कुमार, टीआरएस नेता और गोविंद राठी, निदेशक महेश बैंक और अन्य रहेंगे।




आबिड्स स्थित संतोष ढावा में गणेश त्योहार के मद्देनजर आकर्षण का केंद्र बनी भगवान गणेश प्रतिमा व विभिन्न झांकी।



वीरान्नागुट्टा श्यामबाबा एवं बजरंगबजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लेते हुए गणेशलाल महाराज, एनआर लक्ष्मण राव व सूर्या शुक्ला।



माखनवाले लखन सिंह ब्रदर्स द्वारा दुर्गा नगर, जियागुडा में स्थापित गणेश पंडाल में पूजा-अर्चना करते हुए संस्थापक सदस्य बाबूलाल एवं अर्जुन सिंह माखनवाले व अन्य।



बालापुर मल्लापुर में आयोजित सम्मान समारोह में बत्तौर मुख्य अतिथि कोरेमुला सीरवी समाज संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, पूर्व सचिव भंवरलाल आगलेचा, चम्पालाल सोलंकी, घेवरराम सैंणचा, तेजाराम परिहारियां, चिमनाराम का सम्मानकर उपस्थित प्रबंधक चन्दुराम चोयल, मदनलाल देवासी, दिलीप राठौड़, जीतू व अन्य।

## दूसरे पृष्ठ का शेष भाग

### मस्जिद में धमाका ...

धमाका उसके सामने वाली कतार में हुआ। माना जा रहा है कि यह फिदायीन हमला था और इसमें दो लोग शामिल थे। दूसरा धमाका तब हुआ, जब लोग बाहर की तरफ भाग रहे थे। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुल्ला मुजीब चंद घंटे पहले हेरात में एक इकोनॉमिक कॉन्फ्रेंस में शिरकत के बाद सीधे मस्जिद पहुंचा था।

इस बारे में उसके सेक्रेटरी ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

मुल्ला मुजीब को तालिबान के सबसे क्रूर नेताओं में से एक माना जाता था। वो लड़कियों की शिक्षा और उनके घर से निकलने का सख्त विरोधी था। करीब दो महीने पहले उसने एक फतवा जारी किया था। इसमें कहा गया था, अगर तालिबान शासन का कोई भी विरोध करता है या हुक्म नहीं मानता तो उसकी सजा सिर्फ यह होगी कि उसका सिर कलम कर दिया जाए। खास बात यह है कि इस फरमान या फतवे को तालिबान के ही प्रवक्ता ने मुजीब की निजी राय बताते हुए खारिज कर दिया था।

हेरात में बुधवार को ही तालिबान और आईएसआईएस के खुरासान ग्रुप यानी आईएसकेपी के बीच खूनी झड़प हुई थी। इस हमले में आईएसकेपी के 3 आतंकी मारे गए थे। इसके बाद खुरासान ग्रुप ने कहा था कि वो इन मौतों का बदला जरूर लेगा।

15 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान की हुकूमत पर कब्जा करने वाले तालिबान के लिए सबसे बड़ा खतरा आईएसकेपी ही माना जा रहा है। हेरात समेत मुल्क के कई हिस्सों में तालिबान और आईएसकेपी के बीच झड़पें हो रही हैं। अमेरिकी सेना के अफगानिस्तान छोड़ते वक्त काबुल एयरपोर्ट पर जो धमाका हुआ था, उसके पीछे भी आईएसकेपी का ही हाथ था।

### सुप्रीम कोर्ट ने ...

30 अगस्त को गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर तीस्ता की जमानत का विरोध किया था। सरकार ने कहा, तीस्ता के खिलाफ एफआईआर न केवल सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आधारित है, बल्कि सबूतों द्वारा समर्थित है। अब तक की गई जांच में एफआईआर को सही ठहराने के लिए उस सामग्री को रिकॉर्ड में लाया गया है, जो स्पष्ट करती है कि आवेदक ने राजनीतिक, वित्तीय और अन्य भौतिक लाभ प्राप्त करने के लिए अन्य आरोपियों के साथ मिलकर आपराधिक कृत्य किए थे।

# करो या मरो मुकाबले में हारा बांग्लादेश

## श्रीलंका ने एशिया कप में सबसे बड़ा रन चेज किय कुशल मेंडिस ने 37 गेंदों में बनाए 60 रन



दुबई, 2 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप के ग्रुप-बी में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच करो या मरो मुकाबला खेला गया। मैच में श्रीलंका ने बांग्लादेश को 2 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 183 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका ने आखिरी ओवर में आठ विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। ये एशिया कप के टी-20 फॉर्मेट में किसी भी टीम द्वारा सबसे बड़ा सफल रन चेज है। इससे पहले अफगानिस्तान ने 2016 के एशिया कप में ओमान के खिलाफ चेज करते हुए 168 रन रन बनाकर जीत हासिल की थी।

बांग्लादेश की ओर ओर से सबसे ज्यादा रन अफीफ हुसैन ने बनाए। उन्होंने 22 गेंदों का सामना किया और चार चौके और दो छक्के की मदद से 39 रनों की पारी खेली। मेंहदी हसन मिराज के बल्ले से 38 रन निकले। मोसद्देक हुसैन ने आखिरी ओवरों में धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ नौ गेंदों में 24 रन पारी खेली। श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा और चमिका करुणारत्ने ने दो-दो विकेट लिए श्रीलंका के लिए कुशल मेंडिस ने 37 गेंदों में 60 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान दासुन शनाका ने 33 गेंदों में 45 रन बनाए।

इस जीत के साथ ही एशिया कप में टॉप-4 टीमों में 3 टीम फाइनल हो गई है। अफगानिस्तान, भारत और श्रीलंका। वहीं, कल पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच होने वाला मुकाबला अगर बाबर आजम की टीम जीत जाती है तो वह चौथी टीम होगी।

बांग्लादेशः शब्बीर रहमान, मोसादेक हुसैन, शाकिब अल हसन (कप्तान), मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), अफीफ हुसैन, महमूदुल्लाह, मोसादेक हुसैन, मेहदी हसन, तस्कीन अहमद, मेंहदी हसन मिराज, मुस्तफिजुर रहमान, इबादत हुसैन।

श्रीलंकाः पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), चरिथ असलंका, दनुष्का गुणाथिलका, भानुका राजपक्षे, वनिंदु हसरंगा, दासुन शनाका (कप्तान), चमिका करुणारत्ने, महेश तीक्ष्णा, दिलशान मदुशंका, असिथा फर्नांडो।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड की टीम का ऐलान

## बेन स्टोक्स, मार्क वुड और क्रिस वोक्स की हुई वापसी; जेसन रॉय टीम से बाहर



नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड ने अपनी 19 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। बेन स्टोक्स क्रिस वोक्स और मार्क वुड की टीम में वापसी हुई है। वहीं, 2005 के बाद पहली बार पाकिस्तान का दौरा करने जा रही इंग्लिश टीम की भी घोषणा की गई है। वुड, स्टोक्स और वोक्स ने इस साल एक भी टी-20 इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेला है। इसके बावजूद उन्हें टीम का मौका मिला है। वहीं, खराब फॉर्म में चल रहे धाकड़ खिलाड़ी जेसन रॉय को वर्ल्ड कप और पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है।



**पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेंगे कई बड़े खिलाड़ी**

पाकिस्तान के दौरे पर इंग्लैंड के कई स्टार खिलाड़ी टीम का हिस्सा नहीं होंगे। इनमें बेन स्टोक्स, जॉनी बेयरस्टो, लियाम लिविंगस्टोन और क्रिस जॉर्डन जैसे प्लेयर शामिल हैं।

**इंग्लैंड टी-20 विश्व कप टीम**

जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल रशिद, फिल सॉल्ट, रीस टोपली, बेन स्टोक्स, डेविड विली, क्रिस **वोक्स और मार्क वुड**

रिजर्व खिलाड़ी- लियाम डॉसन, रिचर्ड ग्लीसन, टाइमल मिल्स

**पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की टी-20 टीम**

जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, हैरी ब्रूक, जॉर्डन कॉक्स, सैम करन, बेन डकेट, लियाम डॉसन, रिचर्ड ग्लीसन, टॉम हेल्म, विल जैक, डेविड मालन, आदिल रशिद , फिल सॉल्ट, ओली स्टोन, रीस टोपली, डेविड विली, क्रिस वोक्स, ल्यूक वुड, मार्क वुड।

# केएल राहुल टीम इंडिया के लिए बन रहे परेशानी

## 2022 में 90 की स्ट्राइक रेट से बना रहे रन, क्या कोहली-रोहित की बनेगी नई ओपनिंग जोड़ी




नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। युवराज सिंह का एक ऐड 2012 में खूब वायरल हुआ था, 'जब तक बल्ला चल रहा है तब तक ठाठ है, उसके बाद तो आपके चाहने वाले भी आपकी आलोचना करने लगते हैं।' कुछ ऐसा ही हाल टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल का है।

कुछ समय पहले तक राहुल को रोहित शर्मा का उत्तराधिकारी माना जा रहा था। अब आलम ये है कि उन्हें टीम से बाहर निकालने की मांग की जा रही है।

चोट के बाद वापसी करने वाला कर्नाटक का यह बल्लेबाज एशिया कप में अभी तक खेले मैचों में पूरी तरह फ्लॉप रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में तो खाता भी नहीं खूला। वहीं, हांगकांग जैसी कमजोर टीम के खिलाफ तो केएल इतना स्ट्रगल कर रहे थे कि मानो सामने 80 के दशक की वेस्टइंडीज टीम हो और उनकी फास्ट बॉलर्स की आर्मी।

भास्कर रिपोर्टर ने बीसीसीआई के सूत्रों से बात की और उनसे पूछा कि भारतीय टीम के टॉप-3 को लेकर बोर्ड क्या सोच रहा है? इस पर बोर्ड के अधिकारी का जवाब था, 'हम हांगकांग के खिलाफ कोहली की बल्लेबाजी को देख बहुत खुश हैं। उनकी फॉर्म में वापसी से टीम को बहुत फायदा होने वाला है। वहीं, रोहित और राहुल का फॉर्म हमारे लिए अभी भी चिंता का विषय है। इस पर टीम मैनेजमेंट में मंथन चल रहा है।'

एशिया कप के बाद टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलना है। वहीं, इसके बाद टी-20 वर्ल्ड कप भी होना है। ऐसे में सलामी बल्लेबाजों की परेशानी जल्दी दूर करनी होगी। केएल राहुल का स्ट्राइक रेट 2021 में 130 और 2022 में 90 का रहा है।

# सचिन तेंदुलकर 10 सितंबर को कानपुर में खेलेंगे मैच

## इंडियन लीजेंड्स की कप्तानी करेंगे, ग्रीन पार्क में होंगे 2 मैच



कानपुर, 2 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय कप्तान सचिन तेंदुलकर 10 सितंबर को कानपुर के ग्रीन पार्क में मैच खेलेंगे। सचिन रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के दूसरे सीजन की कप्तानी भी करेंगे। यह टूर्नामेंट 10 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच कानपुर में होगा, जबकि रायपुर में सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। इंदौर और देहरादून में भी मैच होगा।

**7 टीमें सीरीज में लेंगी हिस्सा**

रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के दूसरे सीजन में विश्व की लगभग 7 टीमें शिरकत करेंगी। इस बार न्यूजीलैंड लीजेंड्स इस सीजन में नई टीम के रूप में शामिल हुई है। इसके अलावा भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और इंग्लैंड की टीम मैच खेलेगी। इस सीरीज के कन्वीनर अनस बकाई के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के जैसे ही इसका आयोजन किया जाएगा।

**ग्रीन पार्क में इंडिया की टीम खेलेगी 2 मैच**

अनस बकई ने बताया कानपुर में कुल 7 मैच खेले जाएंगे। इसमें इंडिया की टीम के 2 मैच होंगे। ग्रीन पार्क में होने वाले मैचों का शेड्यूल इस प्रकार है..

10 सितंबर - इंडिया और साउथ अफ्रीका

11 सितंबर - इंग्लैंड और वेस्टइंडीज

11 सितंबर - श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया

12 सितंबर - न्यूज़ीलैण्ड और साउथ अफ्रीका

13 सितंबर - इंग्लैंड और श्रीलंका

14 सितंबर - इंडिया और वेस्टइंडीज

15 सितंबर - बांग्लादेश और न्यूज़ीलैण्ड

भारत की तरफ से ये खिलाड़ी खेल सकते हैं मैच, टीम की कप्तानी सचिन तेंदुलकर करेंगे

वीरेंद्र सहवाग
युवराज सिंह
सचिन तेंदुलकर
हरभजन सिंह
यूसुफ पठान
इरफान पठान
नयन मोंगिया
नमन ओझा
आरपी सिंह
एस बद्रीनाथ
प्रज्ञान ओझा
मो कैफ

**3 साल पहले शुरू हुई थी सीरीज**

अनस बकई ने बताया कि इस प्रतियोगिता को रवि गायकवाड के साथ मिलकर तीन साल पहले इसे शुरू किया गया था। लेकिन कोरोना के चलते वह कई चरणों के बाद पूरा हो सका था। ग्रीनपार्क की दूधिया रोशनी में इस लीग प्रतियोगिता का ओपनिंग मैच खेला जाएगा। वैसे तो यहां पर 7 मैच आयोजित होगा।

रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज को भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और युवा मामले और खेल मंत्रालय ने भी अपनी स्वीकृति दे दी है।

# ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन चुनाव रिजल्ट

## प्रफुल्ल पटेल की जगह भाजपा नेता कल्याण चौबे बने नए प्रेसिडेंट, बाईचुंग भूटिया हारे



दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसियां)। फीफा के निलंबन के बाद एआइएफएफ (ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन) को चलाने के लिए नया प्रेसिडेंट चुन लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशों पर काम करते हुए इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के दिल्ली हेडक्वार्टर में चुनाव हुआ। इस चुनाव में भाजपा नेता कल्याण चौबे को 34 वोट में से 33 वोट मिलें। उनके खिलाफ भारत के पूर्व फुटबॉल कप्तान बाईचुंग भूटिया थे। भूटिया को सिर्फ एक वोट से ही संतोष करना पड़ा।

एआइएफएफ में प्रेसिडेंट पोस्ट के अलावा अन्य पोस्ट पर भी चुनाव हुए। एनए हैरिस को एआइएफएफ का वाईस प्रेसिडेंट चुना गया है। वो कर्नाटक के शांतिनगर से कांग्रेस के एमएलए हैं। हैरिस को वोटिंग के दौरान 29 वोट मिले जबकि 5 वोट उनके खिलाफ थे। अरूणाचल प्रदेश के किपा अजय ने 32-1 की लीड से कोषाध्यक्ष का पद जीता। एआइएफएफ के बचे हुए 14 पोस्ट पर सदस्यों का चुनाव निर्विरोध रहा।

कल्याण चौबे ने प्रफुल्ल पटेल की जगह ली है। वह भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व गोलकीपर थे और 1997-98 में कोलकाता जायंट्स मोहन बगान के लिए खेल चुके हैं। पूर्व गोलकीपर कल्याण ने ईस्ट बंगाल की टीम से भी गोलकीपिंग की है। उन्होंने 1997 में इंडियन फुटबॉलर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी जीता था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इन्हें बंगाल की कृष्णानगर सीट से टिकट दिया था। इस चुनाव में चौबे की हार हुई थी।

**क्या था फीफा और आईएफएफ का मामला?**

भारत इस साल अंडर-17 महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप की मेजबानी करने वाला था। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन तैयारियों में जुटा हुआ था, लेकिन 16 अगस्त को फीफा ने एआइएफएफ को बैन कर दिया। भारतीय फुटबॉल का भविष्य अंधेरे में था। फीफा ने तीसरी पार्टी के दखल को कारण बताते हुए भारत पर बैन लगाया था।

सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरे मामले में एक कमेटी का गठन किया। इस कमेटी का काम इस पूरे मामले का निपटारा कराना था और एआइएफएफ में चुनाव करवाना था। कमेटी कार्य की वजह से फीफा ने 25 अगस्त को एआइएफएफ पर से बैन हटाया। इसी प्रक्रिया में आज चुनाव सफल रूप से खत्म हो गए हैं।

# टीम इंडिया की दुबई में मस्ती



दुबई, 2 सितंबर (एजेंसियां)। UEA में चल रहे एशिया कप के सुपर-4 में जगह बना चुकी टीम इंडिया के खिलाड़ी समंदर के किनारे मस्ती करते नजर आए। शुक्रवार को बीसीसीआई ने एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें ओपनर केएल राहुल और अर्शदीप सिंह सर्फिंग कर रहे हैं, तो कप्तान रोहित शर्मा बोटिंग का मजा ले रहे हैं। वहीं चहल-अश्विन पैडल बोट चला रहे हैं। इतना ही नहीं, विराट कोहली सहित टीम के अन्य खिलाड़ी बीच पर वॉलीबॉल भी खेल रहे हैं।

वीडियो की शुरुआत में अर्शदीप सिंह की एंट्री होती है, फिर विराट कोहली लाइफ जैकेट पहनते नजर आ रहे हैं। 1 मिनट 34 सेकेंड के वीडियो को सोशल मीडिया में खूब पसंद किया जा रहा है। इसे एक घंटे के अंदर 49 हजार लोग देख चुके हैं।

टीम इंडिया को सुपर-4 का पहला मुकाबला खेलना है। रविवार को उसका मुकाबला पाकिस्तान-हांगकांग के विजेता से होगा। यदि आज पाकिस्तान जीतता है तो 4 सितंबर को एक बार फिर भारत-पाकिस्तान महामुकाबला देखने को मिलेगा। यदि आज पाकिस्तान हार गया तो सुपर-4 के पहले मैच में भारत-हांगकांग भिड़ेंगे।

इस दौरान चहल कहते हैं कि छुट्टी थी इसलिए एक फन एक्टीविटी प्लान की गई है। जिसमें फन और स्पोर्ट्स है। इसमें बहुत मजा आने वाला है। सब बहुत खुश हैं। ऐसी एक्टीविटी से टीम बाईडिंग बनती है और आप एक टीम की तरह आगे बढ़ते हो।

टीम इंडिया हांगकांग पर एकतरफा जीत से सुपर-4 राउंड में पहुंची है। उसने हांगकांग को 40 रनों से हराया था। टीम इंडिया ने पहले तो 192 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर हांगकांग को 152 रन पर समेट दिया। सूर्यकुमार यादव भारत की जीत के हीरो रहे। उन्होंने 26 गेंद पर 6 चौके और 6 छक्के की मदद से नाबाद 68 रन बनाए। विराट कोहली 44 गेंदों पर 59 रन बनाकर नाबाद रहे।

# भारत को लगा बड़ा झटका, स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा एशिया कप से बाहर



दुबई, 2 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा एशिया कप से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अक्षर पटेल को टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने बताया है कि जडेजा के दाएं घुटने में चोट लगी है और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। फिलहाल बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी देखरेख कर रही है।

उनकी जगह टीम में शामिल किए गए अक्षर पटेल पहले ही रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ थे और जल्द ही दुबई में टीम के साथ जुड़ जाएंगे। भारतीय टीम पाकिस्तान और हॉन्गकॉन्ग को हराने के बाद एशिया कप के सुपर-4 में पहुंच चुकी है। वहां उसका मुकाबला श्रीलंका और अफगानिस्तान से होना है। पाकिस्तान अगर हॉन्गकॉन्ग को हरा देता है तो वह भारत से सुपर-4 में खेलेगा।

एशिया कप में रवींद्र जडेजा शानदार लय में थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दो ओवर में 11 रन दिए थे और बल्ले के साथ 29 गेंद में 35 रन की अहम पारी खेली थी। उन्होंने हार्दिक पांड्या के साथ अर्धशतकीय साझेदारी कर भारतीय टीम को मुश्किल से निकाला था और जीत की दहलीज पर ले गए थे। इस मैच में उन्होंने एक अहम कैच भी पकड़ा था। वहीं, दूसरे मैच में हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ जडेजा ने चार ओवर में सिर्फ 15 रन दिए थे और एक विकेट लिया था। इसके अलावा उन्होंने एक शानदार रन आउट भी किया था।

**एशिया कप के लिए भारत की टीमः**

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल , रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, आवेश खान।

# विलियम्स बहनें यूएस ओपन के पहले दौर में हारीं

## चेक रिपब्लिक की जोड़ी ने हराया प्लिसकोवा-मुगुरुजा जीतीं नडाल भी जीते



न्यूयार्क, 2 सितंबर (एजेंसियां)। अपने करियर का आखिरी ग्रैंड स्लैम खेल रही दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स US ओपन में हार गई हैं। वे अपनी बहन वीनस विलियम्स के साथ विमेंस डबल्स कैटेगरी में उतरी थीं। सिंगल्स में इस 40 वर्षीय अमेरिकी स्टार की चुनौती बरकरार है। वे तीसरे दौर में हैं।

बता दें कि वे साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम US ओपन के बाद प्रोफेशनल्स टेनिस को अलविदा कह देंगी।

**किसी स्लैम में उनकी पहले दौर की चौथी युगल हार**

आर्थर ऐश स्टेडियम में गुरुवार रात विमेंस डबल्स के पहले दौर में सेरेना-वीनस विलियम्स को लूसी हेराडेका और लिंडा



नोस्कोवा की चेक जोड़ी ने 7-6 (5), 6-4 से हराया। यह किसी स्लैम में उनकी पहले दौर की चौथी युगल हार है।

**प्लिस्कोवा-मुगुरुजा अगले दौर में**

विमेंस सिंगल्स में चेक रिपब्लिक की कैरोलिना प्लिस्कोवा और स्पेन की गार्बिन मुगुरुजा ने जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश कर लिया। चेक रिपब्लिक की प्लिस्कोवा ने अपनी ही देश की मैरी बुजकोवा को 6-3, 6-2 से हराया, जबकि नौवीं सीड गार्बिन मुगुरुजा ने लिंडा फ्रुहविर्टोवा को 6-0, 6-4 से हराया।

**नडाल की संघर्षपूर्ण जीत**

स्पेनिश स्टार राफेल नडाल ने मेंस सिंगल्स के तीसरे दौर में जगह बना ली है। 36 साल के इस टेनिस खिलाड़ी ने फैबियो फोगनिनी को 2-6, 6-4, 6-2, 6-1 से हराया। नडाल का सामना अब फ्रांस के रिचर्ड गैस्के से होगा। नडाल चोट से उबर रहे हैं। वे इसी साल विंबलडन के दौरान चोटिल हो गए थे।

# वाईएसआर द्वारा लागू कल्याणकारी योजनाओं ने राज्य के लोगों की बहुत मदद की : रेवंत

## कांग्रेसियों ने पूर्व सीएम वाईएसआर को श्रद्धांजलि दी



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने आज शहर में अविभाजित आंध्र प्रदेश राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी को श्रद्धांजलि दी। टीपीसीसी प्रमुख ए रेवंत रेड्डी, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष पोन्नला लक्ष्मैया, पार्टी नेता एम. अंजन कुमार यादव और अन्य ने पंजागुट्टा चौराहे पर वाईएसआर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने जौहर वाईएसआर के नारे लगाए। इस अवसर पर बोलते हुए, टीपीसीसी प्रमुख रेवंत ने कहा कि वाईएसआर राजनीति में बहुत लंबे समय तक टिके रहे। उन्होंने कहा कि वाईएसआर के निधन से न केवल तेलुगु भाषी राज्यों को, बल्कि देश को भी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि हालांकि वाईएसआर अभी जीवित नहीं है, लेकिन वह तेलुगु लोगों के दिलों में रहेंगे। उन्होंने कहा कि वाईएसआर एकमात्र नेता थे, जिन्होंने अपनी पार्टी की नेता इंदिरा गांधी के बाद कई कल्याणकारी कार्यक्रमों को लागू किया। उन्होंने कहा कि वाईएसआर द्वारा लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं जैसे आरोग्यश्री, शुल्क प्रतिपूर्ति, जलयज्ञम, इंदिराम्मा हाउस ने अविभाजित राज्य के लोगों की बहुत मदद की है। पोन्नाला लक्ष्मैया ने याद किया कि वाईएसआर ने सभी वर्गों के कल्याण और विकास के पथ पर राज्य का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि शायद ही कोई गांव ऐसा होगा, जहां इंदिराम्मा का कोई घर न हो। उन्होंने कहा कि वाईएसआर द्वारा शुरू की गई आरोग्यश्री कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना ने अविभाजित राज्य के गरीब लोगों की बहुत मदद की है। उन्होंने याद किया कि वाईएसआर हमेशा से अपनी पार्टी के नेता राहुल गांधी को देश के प्रधानमंत्री के पद पर देखना चाहता था। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि वाईएसआर ने कल्याण और विकास के पहलुओं को समान रूप से महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि वाईएसआर ने अविभाजित आंध्र प्रदेश राज्य की मजबूत नींव रखने में काफी पैसा खर्च किया है। राज्य और केंद्र सरकारों पर निशाना साधते हुए लक्ष्मैया ने आरोप लगाया कि दोनों सरकारें देश के प्राकृतिक संसाधनों को लूट कर कॉरपोरेट कंपनियों को सौंपकर काफी नुकसान कर रही हैं। उन्होंने तेलंगाना राज्य के कर्ज के बोझ को 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक करने पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने उपहास किया कि वर्तमान सरकार ऋण लेने को प्राथमिकता दे रही है और राज्य के लोगों पर बोझ डाल रही है।

## बुखार से एक और आदिवासी छात्र की मौत

कुमराम भीम आसिफाबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तिरयानी मंडल केंद्र स्थित आदिवासी कल्याण विभाग के स्कूल में कक्षा पांच में पढ़ने वाले बारह वर्षीय आदिवासी लड़के की गुरुवार की रात रेबेना मंडल के गोलेटी गांव के एक अस्पताल में इलाज के दौरान बुखार से मौत हो गई। संयोग से, इस सप्ताह जिले में यह चौथी मौत है। मृतक छात्र तिरयानी मंडल के थोयागुड़ा गांव के रहने वाले टेकम रमेश था। रमेश को कुछ बुखार का पता चला जब उसके माता-पिता 28 अगस्त को उसे घर ले गए। उसे 29 अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को रात 8 बजे इलाज के समय उसने अंतिम सांस ली।

बुधवार को आसिफाबाद के ट्राइबल वेलफेयर डिग्री कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा लवद्य संगीता (19) की बुखार से मौत हो गई। पेंचिकलपेट मंडल के बेल्हूर गांव में आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास के कैदी आलम राजेश (15) की 24 अगस्त को कागजनगर में इलाज के दौरान मौत हो गयी। सिरपुर (टी) मंडल केंद्र के एक सामाजिक कल्याण आवासीय विद्यालय में पांचवी कक्षा की छात्रा गोमासा अश्विनी (10) की 28 अगस्त को करीमनगर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

# टीआरएस नेता की हत्या में वांछित कोटेश्वर राव ने अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया



खम्मम, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीआरएस नेता की हत्या के मामले में वांछित सीपीएम नेता तम्मिनेनी कोटेश्वर राव ने शुक्रवार को यहां प्रथम श्रेणी न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। गैरतलब है कि पुलिस दल तम्मिनेनी कोटेश्वर राव तलाश में था। उन्होंने मामले में एक अन्य आरोपी ए-10 बहलमपल्ली नागैया के साथ उनके आत्मसमर्पण को स्वीकार करने के लिए एक याचिका के साथ अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उनके समर्पण आवेदन को स्वीकार करते हुए द्वितीय अपर कनिष्ठ दीवानी न्यायाधीश पी. मौनिका ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

दोनों जिले के खम्मम ग्रामीण मंडल के तेलदारपल्ली में 15 अगस्त को टीआरएस नेता तम्मिनेनी कृष्णैया की निर्मम हत्या के बाद से फरार थे। उन्हें पकड़ने के लिए बनाई गई तीन पुलिस टीमों ने तेलंगाना, एपी और अन्य राज्यों में उनकी तलाश की।

अन्य आरोपी, बोडापटला श्रीनिवास राव, गज्जी कृष्णा, नुकला लिंगैया, बंडारी नागेश्वर राव, कन्नेकांति नवीन, रिपोर्टर जक्कमपुडी कृष्णैया, मल्लारपु लक्ष्मैया और सीपीएम पार्टी तेलदारपल्ली के ग्राम सचिव शेख रामजन पाशा को अगस्त 17 को खम्मम अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। पुलिस रिमांड डायरी के अनुसार यह कोटेश्वर राव है, जो पहले ए1 आरोपी था और फिर हत्या के मामले में ए9 को आरोपी बनाया, घटना होने से छह महीने पहले कृष्णैया को खत्म करने की योजना बनाई और हमलावरों को वित्त पोषित किया।

हत्या में भाग लेने वाले आरोपियों के इकबालिया बयानों से पता चला है कि कृष्णैया के टीआरएस में शामिल होने और उनकी पत्नी मंगथायी के एमपीटीसी चुनाव में जीतने से तेलदारपल्ली गांव में सीपीएम की छवि खराब हुई और इसलिए उन्हें खत्म करने की योजना बनाई गई थी। पुलिस रिमांड डायरी में कहा गया है कि 15 अगस्त को कृष्णैया की हत्या करने से पहले, मामले में शामिल आरोपियों ने अपनी योजना को लागू करने की तीन बार कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। हालांकि, शुक्रवार को अदालत के समक्ष समर्पण आवेदन दायर करने वाले अधिवक्ता ने कहा कि ए9 और ए10 दोनों को अपराध की जानकारी नहीं थी और उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से हत्या के बारे में पता चला। अधिवक्ता ने आगे कहा कि ए9 न तो कृष्णैया को मारने की साजिश रची और न ही हमलावरों को पैसे दिए। दोनों के पास कबूल करने के लिए कुछ भी नहीं है और खुद को निर्दोष साबित करने के लिए उन्होंने अदालत के सामने आत्मसमर्पण किया। यह ध्यान दिया जा सकता है कि खम्मम ग्रामीण पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 147, 148, 302, 120 (बी), 341 के साथ आईपीसी की धारा 149 और भारतीय शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर में वरिष्ठ अधिकारियों की अध्ययन अवधि आयोजित




हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर (सीएडब्लू) सिकंदराबाद ने 22 अगस्त से 2 सितंबर तक 37 वें वरिष्ठ अधिकारी अध्ययन अवधि (एसओएसपी) का आयोजन किया। एसओएसपी में एयर कमोडोर रैंक के 25 अधिकारियों और तीनों सेवाओं के समकक्ष ने भाग लिया। रणनीतिक स्तर के संवादात्मक कार्यक्रम का उद्देश्य तीनों सेवाओं के बीच एकीकरण को बढ़ाते हुए वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप, एयर मार्शल एसएस सोमन, लेफ्टिनेंट जनरल एसए हसनैन, लेफ्टिनेंट जनरल वीजी खंडारे, एयर मार्शल टीडी जोसेफ, एयर मार्शल डी चौधरी जैसे तीन सेवाओं के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के कई वक्ता, राजदूत पीएस राघवन, आर चंद्रशेखर, कजरी कमल, नितिन पाई, अनिल आनंद, डॉ मनप्रीत सेठी, डॉ श्रीहरि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया।

वक्ताओं ने वायु शक्ति के भविष्य के रोजगार, राज्य शिल्प के लिए महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में एयरोस्पेस पावर, अग्निवीर अवधारणा (योजना, निष्पादन और इसके प्रभावी कार्यान्वयन), धारणा प्रबंधन पर वैश्विक रणनीति, गैर काइनेटिक युद्ध, रक्षा बलों में संयुक्तता, नागरिक- सहित विविध विषयों को कवर किया। एयर मार्शल साजू बालकृष्णन, वरिष्ठ वायु कर्मचारी अधिकारी, प्रशिक्षण कमान ने समारोह में समापन भाषण दिया।

## तेलंगाना शहीद स्मारक साल के अंत तक उद्घाटन के लिए तैयार : केटीआर

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बहुप्रतीक्षित तेलंगाना शहीद स्मारक निर्माण कार्य जोरों पर है और यह वर्ष के अंत तक उद्घाटन के लिए तैयार हो जाएगा। आईटी मंत्री केटी रामाराव ने शहीद स्मारक कार्यों का विवरण साझा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। अलग राज्य के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए हुसैन सागर के तट पर स्थित शहीद स्मारक बनाया जा रहा है। 3 लाख वर्ग फुट की प्रतिष्ठित संरचना प्रकाश के साथ दीपक के आकार की है और यह लगभग 300 कारों और 600 दोपहिया वाहनों को समायोजित कर सकती है। पहली मंजिल में एक फोटो गैलरी, संग्रहालय और आर्ट गैलरी शामिल होगी। दूसरी और तीसरी मंजिल में क्रमशः एक कन्वेंशन सेंटर और रेस्तरां होंगे।

# दमरे ने नेल्लोर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों को अंतिम रूप दिया



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सुरुचिपूर्ण सुविधाओं के साथ विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए 'रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास' के हिस्से के रूप में, दक्षिण मध्य रेलवे ने अब विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ नेल्लोर रेलवे स्टेशन के उन्नयन के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस महत्वपूर्ण कार्य विकास कार्यों को करने का ठेका दिया गया है और इसे 21 महीने की अवधि के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नेल्लोर रेलवे स्टेशन विजयवाड़ा डिवीजन के दायरे में आता है और महत्वपूर्ण ग्रैंड ट्रंक मार्ग के साथ स्थित है। इसके अलावा, यह आंध्र प्रदेश के महत्वपूर्ण जिला मुख्यालयों में से एक है और तीर्थयात्रियों और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए बड़ी संख्या में यात्रा करने वाले लोगों के साथ इसे विशेष महत्व मिला है। वर्तमान में, स्टेशन पर लगभग 30,000 की भीड़ देखी जा रही है और आने वाले दिनों में इसके और अधिक होने की उम्मीद है। इसलिए, रेलवे बोर्ड ने दक्षिण मध्य रेलवे को "रेलवे स्टेशनों के प्रमुख उन्नयन" के हिस्से के रूप में नेल्लोर स्टेशन का पुनर्विकास करने का निर्देश दिया है। तदनुसार, दमरे ने रेल उपयोगकर्ताओं को एक सहज अनुभव प्रदान करने के लिए स्टेशन परिसर को विश्व स्तरीय सुविधाओं, बुनियादी सुविधाओं और यात्री सुविधाओं के साथ एकीकृत करने के लिए एक मास्टर प्लान की संकल्पना की है। नेल्लोर स्टेशन के उन्नयन के तहत किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण, जिसमें ग्राउंड प्लस 2 मंजिल के साथ वेस्ट साइड स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण, ग्राउंड प्लस 1 फ्लोर के साथ ईस्ट साइड स्टेशन बिल्डिंग का विस्तार, मौजूदा वेस्ट और ईस्ट साइड स्टेशन दोनों की आधुनिक और आधुनिक इमारतों का नवीनीकरण शामिल है। सुरुचिपूर्ण अग्रभाग, सभी प्लेटफार्मों यानी 1, 2, 3 और 4 से जुड़ने वाले चौड़े एयर कॉनकोर्स का निर्माण शामिल है। इस परियोजना के तहत, पूर्व और पश्चिम दोनों दिशाओं में मौजूदा मेट्रो के विस्तार सहित, इसे प्लेटफॉर्म नंबर चार से जोड़ने और दोनों तरफ आगमन के क्षेत्र, सभी प्लेटफार्मों पर मौजूदा प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार, नए कवर ओवर का निर्माण सहित कार्य भी प्रस्तावित हैं। इस अवसर पर, दमरे के महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन ने कहा कि पुनर्विकसित नेल्लोर रेलवे स्टेशन निश्चित रूप से निर्बाध अनुभव के साथ रेल उपयोगकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करेगा। महाप्रबंधक ने कहा कि जोन सभी वर्गों के लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों के उन्नयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निष्पादन प्राधिकरण को पूरा सहयोग देने का भी निर्देश दिया ताकि पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय के भीतर पूरी हो सके।

## नरसापुर और यशवंतपुर के बीच विशेष ट्रेनें

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त भीड़ को दूर करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे नरसापुर और यशवंतपुर के बीच विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, विशेष ट्रेन (सं. 07153) 4 सितंबर को दोपहर 3.10 बजे नरसापुर से निकलेगी और अगले दिन सुबह 10.50 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन (नंबर 07154) 5 सितंबर को दोपहर 3.50 बजे यशवंतपुर से निकलेगी और अगले दिन सुबह 8.30 बजे पहुंचेगी। ये विशेष ट्रेनें दोनों दिशाओं में पलाकोल्लू, भीमावरम टाउन, अकिविदु, कैकलूर, गुडीवाडा, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसरावपेट, मरकापुर रोड, गिद्दलुर, नंदयाल, डोन, अनंतपुर, धर्मावरम, पेनुकोंडा, हिंदूपुर और येलहंका स्टेशनों पर रुकेंगी। इन ट्रेनों में 2एसी, 3एसी, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच शामिल हैं।

# शैक्षिक प्रमाणपत्र बनाने वाला व्यवसायी गिरफ्तार



हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा की पहाड़ीशरीफ पुलिस ने फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र तैयार करने के आरोप में शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति, मोहम्मद कलीमुद्दीन (42), चंद्रयानगुट्टा के बंडलागुडा का रहने वाला है। नौकरी के उद्देश्य से छात्रों और अन्य लोगों वह नकली शैक्षिक प्रमाण पत्र तैयार कर दे रहा था। पुलिस ने कहा कि उसने प्रत्येक प्रमाण पत्र के लिए 10,000 रुपये से 50,000 रुपये के बीच धनराशि वसूली। वह इसी तरह के अपराधों में पहले भी शामिल रहा है और पहले भी गिरफ्तार किया गया था। कलीमुद्दीन को पहाड़ीशरीफ जंक्शन पर एक वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया और उसके पास से फर्जी प्रमाण पत्र जब्त किए गए। इनमें एसएससी, आंध्र प्रदेश में शैक्षणिक संस्थानों के इंटरमीडिएट सर्टिफिकेट, विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के रबर स्टैंप, विश्वविद्यालयों के होलोग्राम और विभिन्न विश्वविद्यालयों और बोर्डों के 98 फर्जी प्रमाण पत्र शामिल थे। कलीमुद्दीन को अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## छात्रों को अच्छी गुणवत्ता वाला भोजन देने की मांग को लेकर सीएम केसीआर को खुला पत्र लिखेंगे सीएलपी नेता

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीएलपी नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने आज कहा कि वह मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को एक खुला पत्र लिखेंगे और उनसे बसारा आईआईआईटी सहित तेलंगाना के सरकारी आवासीय स्कूलों के सभी छात्रों को अच्छी गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराने का आग्रह करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह सीएम से सभी आवासीय विद्यालयों में सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण करके मानव संसाधन की रक्षा करने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही राज्य के कुछ आवासीय स्कूलों, आवासीय छात्रावासों और जूनियर कॉलेजों का दौरा करेंगे और राज्य विधानसभा के आगामी सत्र में उन संस्थानों के छात्रों की समस्याओं को उठाएंगे. उन्होंने खम्मम जिले के बोनाकल एससी आवासीय बालिका विद्यालय का दौरा करने के बाद वहां की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। इस अवसर पर बोलते हुए विक्रमार्क ने कहा कि स्कूल की 550 छात्राओं की दुर्दशा को देखकर उनके होश उड़ गए। स्कूल में केवल 12 कमरे होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल का कार्यालय और कक्षाएं एक ही कमरे में चलती हैं। उन्होंने कहा कि रात के समय छात्रों को एक ही कमरे में विश्राम कराया जाता था। उन्होंने कहा कि लड़कियों ने उन्हें बताया कि 50 छात्र एक कमरे में रह रहे हैं और यह भी कह रहे हैं कि वे बेड की कमी के कारण कमरों के फर्श पर सो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रशासन ने पुस्तकालय के लिए बने कमरे को स्टोर रूम में बदल दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले में तत्काल प्रतिक्रिया देने और आवासीय विद्यालय में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

# बस में लगी आग, 45 यात्री बाल-बाल बचे



नलगोंडा, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के चित्याल मंडल के पेद्दाकपर्ती में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 65 पर एक निजी यात्रा बस में आग लगने से कम से कम 45 यात्री बाल-बाल बच गए। घटना तड़के दो बजे हुई और चालक के समय पर जवाब देने से बड़ा हादसा होने से टल गया। हैदराबाद से चिराला जा रही एक निजी बस का एक टायर फट जाने से उसमें आग लग गई। एक टायर फटने के बाद, चालक ने यात्रियों को सचेत किया, जिनमें से अधिकांश नींद में थे और उन्हें बस छोड़ने की सलाह दी। कुछ सेकंड के बाद सभी यात्री इससे नीचे उतरे, बस में आग लग गई और यह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में किसी को चोट नहीं आई।

## ट्रक में आग लगते ही एलपीजी सिलिंडर फटा

हैदराबाद, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश में नंद्याल-ओंगोल राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग पर 100 से अधिक एलपीजी सिलेंडर ले जा रहे ट्रक में आग लग गई, जिससे अत्यधिक तनाव हो गया। यहां पहुंचने वाली रिपोर्टों में कहा गया है कि एलपीजी सिलेंडर से लदा ट्रक कुरनूल से उलवापाडु की ओर जा रहा था, जब प्रकाशम जिले के कोमारोलू मंडल के दद्दावाड़ा के पास ट्रक में आग लग गई। गैस सिलेंडर फटने के बावजूद लॉरी चालक दल समय से पहले वाहन से बाहर कूद गया। अधिकारियों ने कहा कि ट्रक में करीब 300 सिलेंडर थे और अब तक 100 से ज्यादा सिलेंडर फट चुके हैं। आग पर काबू पाने के प्रयास जारी रहा। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# हमेशा लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना चाहते थे वाईएसआर : जगन

## सीएम ने पिता वाईएसआर को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



अमरावती, 2 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने अपने परिवार के साथ अविभाजित राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की 13वीं पुण्यतिथि पर वाईएसआर कडप्पा जिले के इदुपुलापाया में वाईएसआर घाट पर एक प्रार्थना सभा में भाग लिया और पुष्पांजलि अर्पित की। प्रार्थना सभा में शामिल होने वालों में उनकी मां वाई.एस. विजयम्मा, पत्नी भारती रेड्डी, रिश्तेदार, शुभचिंतक और पार्टी के नेता शामिल थे। मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर कहा कि हालांकि (मेरे) पिता ने हमें शारीरिक रूप से छोड़ दिया है, उनकी चमकदार मुस्कान और (प्यारी) यादें हमारे साथ हैं। उन्होंने देश में पहली बार कल्याण को पुनर्परिभाषित किया था और साबित किया था कि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना शासन की मुख्य विशेषता है।

यह सरकार सच्ची भावना से उनके पदचिन्हों पर आगे बढ़ रही है। डॉ. राजशेखर रेड्डी अविभाजित आंध्र प्रदेश के एक निर्विवाद कांग्रेसी नेता थे और 2004 और 2009 के चुनावों के दौरान कांग्रेस को राज्य में जीत दिलाई। इन दो चुनावों के दौरान आंध्र प्रदेश में कांग्रेस की जीत ने 2004 से 2014 तक केंद्र में पार्टी की जीत में बड़े पैमाने पर योगदान दिया। हालांकि, वह मुख्यमंत्री के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा नहीं कर सके क्योंकि एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उनकी जान चली गई। कांग्रेस आलाकमान द्वारा उनके पिता की मृत्यु के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए विचार करने से इनकार करने के बाद, जगन रेड्डी ने वाईएसआरसीपी का गठन किया और आंध्र प्रदेश के शेष राज्य में 2019 के विधानसभा चुनावों में सत्ता में आए।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

रामदेव ज्योतिष
मो. 8801305757
जन्म कुंडली, संतान प्राप्ति, विवाह-सगाई में देरी, व्यापार में घाटा, मोहिनी वशीकरण, किया-कराया, सास-बहू में असंतोष, सौतन समस्या, घर में अशांति, शत्रुनाश, प्रेम समस्या, लक्ष्मी बंधन, पति-पत्नी में अनबन, भूमि लाभ आदि सभी समस्याओं का समाधान।
विश्वसनीय राजस्थानी पंडित जी
घर पर आकर सेवाएँ देने और फ़ोन पर भी सुविधा उपलब्ध।
माँ-बहनें निःसंकोच अपना घर-मंदिर समझ कर पधार सकती हैं।
बात गुप्त रहेगी, फ़ीस केवल : 200/-
काचीगड़ा, हैदराबाद. समय : 10.00 से 6.00 बजे तक

।। श्री गणेशाय नमः।। ।। श्री सीता रामभ्यां नमः।। ।। श्री हनुमते नमः।।
श्री संकट मोचन दक्षिण मुख वीर हनुमान मंदिर
सी.आर.नगर, कोतवालगुडा रोड, हिमायतसागर पार्क
एक्सोटिका के पास, हैदराबाद (तेलंगाना)
गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में
श्री गणेश उत्सव
बुधवार, 31 अगस्त 2022 से
शुक्रवार 9 सितम्बर 2022 तक
प्रतिदिन पूजा :
प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक एवं
सांय 4 बजे से 7 बजे तक
(प्रसादी : प्रतिदिन सांयकाल)
विसर्जन : शुक्रवार 9 सितम्बर 2022
सहपरिवार अवश्य पधारें।
स्थल :
श्री संकट मोचन दक्षिण मुख वीर हनुमान मंदिर
सी.आर.नगर, कोतवालगुडा रोड, हिमायतसागर पार्क
एक्सोटिका के पास, हैदराबाद (तेलंगाना)
आयोजक : पं.लालजी शुक्ला
मो. 9399946744, 9700183441
श्री संकट मोचन दक्षिणमुख वीर हनुमान भक्त मंडल
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेड रोड नं. 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद. मोबाइल : 9000366660
GB GOPAL BALDAWA GROUP

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.